गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

अजन

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, सोमवार 2 नवम्बर,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए पैकेज लाएंगे-योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आश्वस्त किया कि साइक्लोन के कारण असमय बरसात, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई सरकार पैकेज लाकर करेगी। उन्होंने कहा कि हमने इसका मुआवजा तो दिया है, लेकिन मैं मानता हूं कि यह नाकाफी है। अन्नदाता किसान को जो नुकसान हुआ है, डबल इंजन की सरकार उसकी पूरी भरपाई करने का काम करेगी। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि पूरा सर्वे कर लीजिए, तात्कालिक मुआवजा दीजिए। हम एक नया पैकेज अन्नदाता किसानों के लिए लाएंगे, जिसके माध्यम से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने चौरीचौरा में भोपा बाजार रेल ओवरब्रिज के उद्घाटन सहित 287.56 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

सीएम योगी रविवार को चौरीचौरा में 59.44 करोड़ रुपये से बने भोपा बाजार (समपार संख्या 147बी) रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करने के साथ ही 287.56 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा ने अपनी सरकार में उत्तर प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया था। सपा सरकार अपराध बढ़ाती थी, जबकि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर किया। सपा सरकार लूटपाट करने को बदमाश पालती थी, जबकि भाजपा सरकार ने विकास के जरिये बदलाव करके दिखा दिया है। उत्तर प्रदेश अब पतन और शोषण की नहीं, प्रगति व संस्कृति की धरती बन गई है। अब यहां कर्फ्यू, उपद्रव या दंगा नहीं, उत्सव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग किस मुंह से नैतिकता की बात करते हैं। सपा सरकार में नारा चलता था- देख सपाई, बिटिया घबराई। बेटी स्कूल जाने से और व्यापारी कारोबार करने से डरता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगे-उपद्रव शुरू हो जाते थे।

पीएम मोदी ने छह राज्यों के स्थापना दिवस पर दी बधाई

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के लोगों को उनके राज्यों के स्थापना दिवस पर बधाई दी और वहां के सभी निवासियों के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। पीएम मोदी ने यह भी उम्मीद जताई कि आने वाले साल इन छह राज्यों के लोगों के लिए नए अवसर, अधिक समृद्धि और निरंतर प्रगति लेकर आएंगे। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर वहां के मेरे सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई। यह राज्य गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति और अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता की भूमि है। यहां के विश्व-प्रसिद्ध धरोहर स्थल इसकी भव्य ऐतिहासिक पहचान को और भी बढ़ाते हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों को भेजे अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि राज्य नक्सलवाद को जड़ से खत्म करते हुए विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, राज्य स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई। हरियाणा के लोगों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गौरवशाली इतिहास, असाधारण वीरता और समृद्ध संस्कृति से सजा यह राज्य देश की शान है। उन्होंने कहा कि यहां की लोक परंपराएं और जीवंत ग्रामीण संस्कृति ने हमेशा देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है उन्होंने कहा, जहां हमारे खिलाड़ी तिरंगे का मान बढ़ाते हैं, वहीं हमारे किसान (अन्नदाता) देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं। कन्नड़ राज्योत्सव पर कर्नाटक के लोगों को हार्दिक बधाई देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक समृद्ध परंपराओं, उल्लेखनीय उपलब्धियों और अपार संभावनाओं की भूमि है। पीएम मोदी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और एयरोस्पेस से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप्स तक, कर्नाटक के लोगों ने बार-बार अपनी कुशलता का परिचय दिया है।



रामलीला मैदान में दिखा विपक्ष का शक्ति प्रदर्शन

नयी दिल्ली। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के आरोपों को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया। रैली में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद समेत विपक्षी दलों के प्रमुख नेता एक मंच पर जुटे और केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में कई वर्षों से चुनावों में वोट चोरी हो रही है और इसी के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना पहला कदम है। उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों के चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी, मतदाता सूची से नाम हटाने और नए नाम जोड़ने के जरिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। राहुल ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह केवल वोट की चोरी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की आवाज छीनने जैसा है। राहुल के मुताबिक, ज्ञानेश कुमार के बिना नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री नहीं बन पाते। राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें और प्रधानमंत्री को कहीं जाने नहीं दिया जाएगा। ज्ञानेश कुमार के बाद विपक्ष उनके सामने खड़ा होगा और उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी व्यक्ति संविधान से बड़ा नहीं है।



वोट चोरी से बनी मोदी सरकार, देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाना पहला कदम-राहुल गांधी

भारत ने दबाव को नकारा, रूस और खाड़ी देशों से भी खरीदा कच्चा तेल

नयी दिल्ली। भारत का कच्चे तेल का आयात अक्तूबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ऊर्जा क्षेत्र की खुफिया जानकारी देने वाली कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान देश ने प्रतिदिन करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल आयात किया। भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने मध्य पूर्व और रूस से खरीद बढ़ाई। केप्लर के प्रमुख विश्लेषक निखिल दुबे ने एक पोस्ट में बताया कि अक्तूबर में मध्य पूर्व से प्रतिदिन करीब 23 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति हुई, जबकि रूस से आयात लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। जहाज से जहाज के बीच तेल स्थानांतरित करने की बढ़ती गतिविधियों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ज्यादा कच्चा तेल पहुंचाने में मदद मिली। इससे सितंबर और अक्तूबर में खाड़ी देशों से आपूर्ति में सुधार हुआ और भारतीय रिफाइनरियों को तेल खरीदने के लिए अधिक विकल्प मिले। दुबे के मुताबिक, नवंबर और दिसंबर में रूस से तेल की आपूर्ति कुछ कम हो सकती है।

देश में अराजकता फैलाने की साजिश : नड्डा

कहा- झूठ फैलाकर देश को अस्थिर करना ही राहुल की राजनीति



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और सुनियोजित नाटक है, जिन्हें जनता चुनावों में हरा चुकी है और बार-बार खारिज कर चुकी है। जनता इस सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, मैं आज देश को बताना चाहता हूं कि आपकी राजनीति का मॉडल क्या है। इसका पहला चरण झूठ और अफवाहें फैलाना है। दूसरा चरण सड़कों पर अराजकता और अव्यवस्था पैदा करने के लिए लोगों को उकसाना है। तीसरा चरण देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है और चौथा चरण विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करना है।

नाइंसाफी की सारी सीमाएं लांघ गई हैं बीजेपी सरकार-अखिलेश

लखनऊ/नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नाइंसाफी की सारी सीमाएं लांघ गई हैं। भाजपा के अन्याय, अत्याचार और बेईमानी के खिलाफ जनता खड़ी हो रही है। रविवार को नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वाराणसी में विधान परिषद के चुनाव में भाजपा की डबल हार हुई है। डबल इंजन की बात करने वाले वाराणसी में डबल जीरो हो गए।

राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' से सिर्फ नफरत : शाह

चंडीगढ़। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया ब्लॉक की रैली में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव समेत इंडिया ब्लॉक के बड़े नेता शामिल हुए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी पर रैली करने के लिए इंडिया ब्लॉक की आलोचना की और कहा कि जिस दिन सिखों का नरसंहार हुआ था, उसी दिन उन्हें रैली आयोजित करनी थी. सिख विरोधी दंगों को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में राहुल गांधी का 'जलसा' सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है.केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे काले दिवस पर रैली आयोजित करने के लिए राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' से नफरत के अलावा कुछ नहीं निकला. शाह ने कहा कि अगर आप प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं तो पूरी जिंदगी प्रतीकात्मक संसद में ही बैठे रहिए. आपका नंबर कभी नहीं आएगा।



मुठभेड़ :इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार फायरिंग में सिपाही भी घायल



आंवला (आज ब्यूरो)। आंवला थाना पुलिस ने रविवार तड़के गो-तस्करी मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी छोटा उर्फ रिजवान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में रिजवान के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ में सिपाही दुलीचंद भी घायल हुए। पुलिस ने रिजवान के पास से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया। घायल रिजवान और सिपाही दुलीचंद को प्राथमिक उपचार के लिए आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, 8-9 अक्टूबर 2026 की रात आंवला थाना क्षेत्र के आसपुर गांव में गोवंशीय पशुओं का वध हुआ था। इस मामले में पुलिस ने पहले ही हैदर अली और शाहरुख को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर रिजवान, पुत्र बब्बू शाह, इस मामले में फरार था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।रविवार सुबह तड़के पुलिस को सूचना मिली कि रिजवान किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से आंवला-रामनगर मार्ग पर रेकी कर रहा है। आंवला थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेवती मोड़ के पास घेराबंदी की।पुलिस ने टॉर्च की रोशनी में रिजवान को रुकने का इशारा किया। पुलिस के अनुसार, उसने टीम पर फायरिंग की। उसकी गोली आरक्षी दुलीचंद की बाईं बाजू को छूकर निकली, जिससे वे घायल हो गए।पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें रिजवान के दाहिने पैर के घुटने में गोली लगी। वह सड़क किनारे गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, रिजवान के खिलाफ रामपुर के मिलक, पटवाई और शाहबाद थानों में गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी और एनडीपीएस एक्ट समेत 9 से अधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस ने ताजा मुठभेड़ के संबंध में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई को करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध अजीत सिहं, उपनिरीक्षक परमित कुमार, अखिल प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल श्याम सिह, वेदप्रकाश, कांस्टेबल अमुख कुमार, दुलीचन्द्र, विशाल शामिल रहे।

हनुमान जी निरंतर राम नाम का जाप करते हैं :पंडित बृजेश पाठक



बरेली (आज समाचार सेवा)। रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा राम नाम हनुमान जी का जीवन है ,उनके प्राण है !वह निरंतर राम नाम का जाप करते हैं! आनंद-रामायण में लिखा हुआ है हनुमान जी निरंतर 'श्री राम जय राम जय जय राम' इस मंत्र का जाप करते हैं! हनुमान जी को यह मंत्र बहुत प्रिय है जो भक्त हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहते हैं और उनकी कृपा प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें निरंतर राम नाम का जाप करना चाहिए! कथा व्यास ने कहा कलिकाल में हमारी लौकिक और पारलौकिक समस्याओं के समाधान के लिए राम नाम बहुत बड़ा सहारा है! हनुमान जी महाराज अपने सारे कार्य राम नाम के बल पर ही संपन्न करते हैं !इसीलिए जब हनुमान जी लंका से लौट कर आए बानरो ने पूछा हम तो समुद्र का भयंकर रूप देखकर के ही डर गए थे आपने उसको पार भी किया आपको डर नहीं लगा ?हनुमान जी ने कहा डर का तो प्रश्न ही नहीं था मैं तो बार-बार यही विचार कर रहा था जब मेरे प्रभु राम का एक बार नाम लेकर व्यक्ति भवसागर से पर हो जाता है उन्ही प्रभु राम के नाम की मुद्रिका मेरे मुख में है तो मुझे यह साधारण सागर पार करने में क्या कठिनाई होगी! अत: मैं जो सागर पार कर गया उसमें मेरा चमत्कार नहीं है मेरे प्रभु राम के नाम का चमत्कार है! कलिकाल में अगर विश्वासपूर्वक व्यक्ति भगवान के नाम का आश्रय ले तो सहज में ही भवसागर से पार जा सकता है! विगत 500 वर्षों में जितने भी संत हुए हैं तुलसीदास, सूरदास ,चैतन्य महाप्रभु ,मीराबाई कबीर दास ,गुरु नानक देव, जी सभी ने राम नाम की महिमा गई है! राम नाम की महिमा के संदर्भ में सभी संत एकमत हैं !शाम सत्र में महा के पहेली रविवार को आयोजित होने वाले संकीर्तन में जो कि आनंद आश्रम संकीर्तन द्वारा किया जाता है में प्रथम गणेश वंदना की गई पश्चात भजन की प्रस्तुति दीपेश खण्डेलवाल सर्वेश पद्म अग्रवाल नितिन ने दी आरती और प्रसाद वितरण किया गया आनंद आश्रम अध्यक्ष प्रेम शंकर मंत्री अनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल शशि कांत रजनीश अग्रवाल उपस्थित थे सब का सहयोग प्राप्त हुआ।

न्यूज अपडेट

वाहन ने श्रद्धालुओं के टेंपो को मारी टक्कर, दो महिलाओं सहित चार घायल

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना क्षेत्र में आंवला-बिसौली मार्ग पर शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि अज्ञात वाहन ने श्रद्धालुओं के टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग घायल हुए। दो महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया।भदोही जिले के अमरिया निवासी ओमप्रकाश, उषा, सावित्री (छेदीलाल की पत्नी), सावित्री (नंदलाल की पत्नी) और मोहनलाल समेत आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु दो टेंपो में मनोना धाम में खाटू श्याम के दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद सभी देर रात लौट रहे थे।आंवला-बिसौली मार्ग पर अज्ञात वाहन ने एक टेंपो को टक्कर मारी और वहां से चला गया। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला पहुंचाया।सीएचसी के डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सावित्री (छेदीलाल की पत्नी) और सावित्री (नंदलाल की पत्नी) को जिला अस्पताल, बरेली रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।वा लेकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, गंभीर घायल **इधर** थाना क्षेत्र के कसूमरा गांव में शनिवार देररात अज्ञात वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय प्रवीन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वह दवा लेकर पैदल अपने गांव लौट रहे थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना रात करीब नौ बजे कसूमरा गांव में शराब की भट्टी के पास हुई। ग्राम टहा निवासी प्रवीन सिंह पुत्र हेमपाल सिंह आंवला-बिसौली रोड पार कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी और चालक मौके से चला गया।परिवार में शनिवार सुबह हुए झगड़े में प्रवीन के सिर में चोट लगी थी। उसी चोट की दवा लेने वह टहा से पैदल कसूमरा गांव के एक डॉक्टर के पास आए थे।

विद्या मंदिर में कार्यकर्ता विकास बैठक का आयोजन

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ग्राम विस्तारक योजना के समापन पर रविवार को कार्यकर्ता विकास बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें ग्राम विस्तारक के पद पर तैनात नगर फतेहगंज पूर्वी उपखंड के अलावा तीन मंडल भगवानपुर कुंदन, शिवपुरी एवं नगरिया कला के समस्त स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया गया और उन्हें एक अच्छे कार्यकर्ता होने के के लिए धन्यवाद दिया गया।इस अवसर पर आए हुए सभी स्वयंसेवकों को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश चंद शर्मा,सतीश चंद्र अग्रवाल,सुखदेव पाठक,ज्ञान प्रकाश के द्वारा आए हुए सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र और मानव जाति एवं पर्यावरण के हित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।सभी स्वयंसेवकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश चंद शर्मा द्वारा सभी का अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर सरस्वती विद्या व शिशु मंदिर के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

पटेल जयन्ती पर हुआ कार्यक्रम इलईडी स्क्रीन पर देखा व सुना प्रसारण

बहेडी। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के दूसरे दिन थाना बहेडी परिसर मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना परिसर मे एलईडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया और सुनाया गया।कार्यक्रम मे पुलिस अधिकारियो, पुलिस कर्मचारियो और नगर के गणमान्य नागरिको ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की । इस अवसर पर सीओ अरुण कुमार सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा की मौजूदगी मे पुलिस कर्मियो एवं नगर के गणमान्य लोगों ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम को देखा और सुना । कार्यक्रम के दौरान सरदार बल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके सघर्ष और राष्ट्र निर्माण मे दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने उनके विचारो और देश की एकता, अखण्डता के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उनके आदेशो पर चलने का संदेश दिया। थाना परिसर इस कार्यक्रम मे पुलिस और प्रशासन और नगर के गणमान्य व्यक्तियो की सहभागिता देखने को मिली।

विधिक मेगा शिविर का भव्य आयोजन, जनपद न्यायाधीश व डीएम ने दी महत्वपूर्ण जानकारियां

बरेली (आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के तत्वावधान में दिनांक 01 नवंबर 2026 को जीआईसी ऑडिटोरियम, बरेली में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं शिविर का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को विधिक अधिकारों, न्याय तक सरल एवं सुलभ पहुंच तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण



जानकारी प्रदान की गई।माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक जागरूकता तथा जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के महत्व पर प्रकाश डाला।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से आमजन को विभागीय योजनाओं, सुविधाओं एवं लाभों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने, उनकी समस्याओं के समाधान तथा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा चिन्हित किये गये लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्री राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला जज, एफ.टी.सी. एवं श्रीमती नैंसी तिवारी, सिविल जज (जू.डि.) शहर, बरेली द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। उनके प्रभावी एवं सुव्यवस्थित संचालन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पराविधिक स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

रामलीला मेला में दंगल का हुआ शुभारंभ

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। नगर में श्री रामलीला महोत्सव बहुत ही धूमधाम से चल रहा है।आज मेले में दंगल का उदघाटन चेयरमैन संजय पाठक व भाजपा के जिला आंवला के अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर और पहलवानों के हाथ मिलवाकर पहली कुश्ती शुरू कराई वही दरोगा लक्ष्मीनारायण ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कर वाई।मेला मैदान में रावण वध तक प्रतिदिन दूर दूर के प्रसिद्ध पहलवानों की कुश्ती होगी। परंपरागत दंगल देखने के लिए पहले दिन भारी भीड़ उमड़ी।पगड़ी और मालाएं पहनाकर दंगल आयोजकों ने चेयरमैन संजय पाठक का अभिनंदन किया।मेला के अध्यक्ष पवन राज मिश्रा व मेला ठेकेदार रामू गुप्ता ने बताया पुरुष पहलवानों के साथ महिला पहलवान भी दंगल में अपना जोर अजमायेगी वही दंगल में मंडल,समेत,हरियाणा,पंजाब,दिल्ली,उत्तराखंड आदि दूसरे प्रदेश के पहलवान दंगल में अपने जोर आजमाएंगे।भारतीय जनता पार्टी आंवला के यशस्वी जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह जिला महामंत्री राजू उपाध्याय जिला मंत्री संजय चौहान,नगर पंचायत अध्यक्ष संजय पाठक मेला कमेटी अध्यक्ष पवन राज मिश्रा,डॉ.यशपाल साथ ही मेला कमेटी के पदाधिकारी रवि प्रकाश मिश्रा हरीश गुप्ता अजय गुप्ता अंकित पाठक,प्रदीप पंडित एवं मेला ठेकेदार रामू गुप्ता सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

48 घण्टे से फुंका ट्रांसफार्मर दर्जनों घरों की बिजली गुल

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। बिलपुर गांव के लेखपाल कॉलोनो में शनिवार सुबह चार बजे से 16 केवी का ट्रांसफार्मर फुंक गया इसके कारण करीब दो दर्जन घरों की बिजली सप्लाई बंद पड़ी हुई है।उपभोक्ताओं ने बिजली कर्मियों को इसकी सूचना दी तब लाइनमैन द्वारा ट्रांसफार्मर को चेक किया गया उसकी मरम्मत भी की गई लेकिन ट्रांसफार्मर सही नहीं हुआ ।

दो पक्षों में मारपीट महिला सहित दो घायल

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव शुजातपुर में दो पक्षों में कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई एक पक्ष से महिला और दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के मुकेश पुत्र सोहन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया किबीती 31 अक्टूबर की दोपहर एक बजे गांव के उमेश, राजेश, चम्पा देवी, कंचन और प्रीति ने गालियाँ देते हुए लाठी डंडों से। मारपीट की जिससे उसके चोट आई है। जिसको गांव वालों ने बचाया आरोपी जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। दूसरे पक्ष की चंपा देवी पत्नी छेदा लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 31अक्टूबर को दोपहर एक बजे गांव के मुकेश, श्याम मोहन, सर्वेश और सोहन लाल ने गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की है जिससे उसके काफी चोट आई है गांव वालों ने उसे बचाया।जाते समय सभी जान से मारने की धमकी देकर गए हैं।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ।

रोटरी दिवाली मेले के दूसरे दिन भीड़ उमड़ी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

दर्शकों की हर कसौटी पर खरा उतर रहा है भव्य दिवाली मेला: अमित मनोहर



बरेली (आज समाचार सेवा)। रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बरेली क्लब ग्राउंड पर चल रहे दिवाली मेले के दूसरे दिन आज मेले में भारी भीड़ रही। लोगों ने भव्य और सुव्यवस्थित मेले का भ्रमण कर स्वस्थ मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का देर रात तक लुत्फ उठाया। लोगों ने मेले में विभिन्न नामचीन कंपनियों के सजे धजे स्टालों पर जमकर खरीदारी की और इस सफल आयोजन के लिए मेला डायरेक्टर और क्लब के पदाधिकारियों की सराहना की। इस अवसर पर मेला डायरेक्टर सी ए अमित मनोहर ने बताया कि यह मेला शहरवासियों को न केवल स्वस्थ मनोरंजन मुहैया करा रहा है बल्कि युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत का भी बोध करा रहा है। मेले में मनोरंजन, खान पान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न प्रतियोगिताओं की भरपूर व्यस्था की गई है। इसीलिये यह मेला दर्शकों की हर कसौटी पर खरा उतर रहा है।रोटरी के इस 63वे भव्य दिवाली मेले के दूसरे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि वन पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र) प्रभार डॉ अरुण कुमार द्वारा।विशिष्ट अतिथि अविनाश सिंह जिलाधिकारी, एवं संजीव कुमार मौर्य नगर आयुक्त रहे। । कैंप ऑफिस में अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने माल्यार्पण कर एवं एवं मेला डायरेक्टर सी ए अमित मनोहर ने बैच लगाकर व बुके देकर उनका स्वागत किया. डॉ अरुण कुमार ने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही स्वस्थ मनोरंजन देते हैं. समाज में बढ़ती दूरियों को कम करने के लिये त्योहारों पर ऐसे आयोजन जरुरी हैं. अविनाश सिंह जी ने रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली के सामाजिक कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि मेले की आय से गरीब ओर जरुरत मंदो की सहायता करना सराहनीय कार्य है संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि वह रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली के कई सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों में शामिल रहे हैं. उन्होंने क्लब के सदस्यों के सेवा कार्यों की सराहना की. मेले में आदि योगी की थीम पर बने भव्य मंदिर की आगतुको ने भूरि भूरी प्रशंसा की इसकी दिव्य छटा देखकर सभी मन्त्र मुग्ध हो गये. इसके अतिरिक्त पहली बार इस मेले में ओकटा एलिवेटर्स लगाया गया है जिससे जनता ने न सिर्फ करीब से बल्कि ऊंचाई से सुरक्षित ओर शानदार एरियल अनुभव किया. मेले के दूसरे दिन भी जमकर आतिशबाजी हुई. जिसका दर्शकों ने पूरा आनन्द लिया. म्यूजिकल नाईट में इंडिया फेम के आर्टिस्टो ने अपनी परफॉरमेंस से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया का व भाव विभोर कर दिया. महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए ब्यूटीफुल आईज को चुना गया प्रतियोगिता के जजों के पेनल में एन नितांशा नागपाल, सीमा प्रधान, नीतू टंडन, इशिता वैश्य, एवं दिव्या अस्थाना रहीं. सशक्तिकरण के अंतर्गत मेले में फेस इन द क्राउड प्रतियोगिता कराई गयी ।आज के फेस इन द क्राउड प्रतियोगिता के स्पोंसर एस बी एच जी स्टील्स रहेप्रतियोगिता के पेनल के जजों में अंजू गुप्ता, आकांक्षा गिरि, संतोष, शुभ्रा, एवं मोना गोयल, आकांशा अग्रवाल रहे। प्रतियोगिता का संचालन रोटेरियन मयूर अग्रवाल ने किया. बेबी शो का पुरस्कार जीता. इसमें 3 वर्ष तक के बच्चों की सहभागिता रही। आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल जायसवाल के अतिरिक्त, सचिव अनुज जायसवाल, चीफ क्लब ट्रेनर डॉ ए के चौहान, डी जी एन सी ए विनय कृष्ण, मीडिया प्रभारी ए एस अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, सी एस अंकित अग्रवाल पंकज श्रीवास्तव, भावेश अग्रवाल, अरविन्द गुप्ता, मनीष गोयल नीरज प्रधान एवं बड़ी संख्या में रोटेरियन्स उपस्थित रहे।

एसडीएम ने देर रात्रि मारा छापा, विना परमिट खनिज ले जा रहा ओवर ट्रक, सीज ट्रक पुलिस को सौपा

बहेडी(आज ब्यूरो)। देर रात्रि एसडीएम गोपाल शर्मा ने आर्मडंडा वार्डर पर विना परमिट खनिज ले जा रहा ओवरलोड ट्रक पकड़ा है। प्रशासन ने ट्रक सीज कर पुलिस को सौपा है। खनिजो के अवैध परिवहन और ओवर लोडिग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन निगरानी कर रहा है। जाँच मे ट्रक चालक के पास आईएसटीपी (इण्डियन स्टोन ट्रासफार्मर) ।परमिट नही दिकने देगा ।एसडीएम गोपाल शर्मा ने बताया कि ट्रक के खिलाफ आगे की कार्यवाही खनन विभाग करेगा। उन्होने कहा कि खनिजो का परिवहन तय नियमो और वैध दस्तावेजों के आधार पर ही किया जा सकता है । नियम तोडने बाले वाहनो के विरुद अभियान जारी रहेगा।

अवैध परिवहन व ओवर लोडिंग पर रोक लगाने को की गयी कार्यवाही तेज

पुलिस कर्मियों ने एकता की शपथ ली

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला कोतवाली में शनिवार देररात तक राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। पुलिसकर्मियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की एकता, अखंडता व सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्राधिकारी (छह) हेमंत उपाध्याय के नेतृत्व में हुई। प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह समेत पुलिसकर्मियों और जवानों ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी।

चैकिंग के दौरान सही मिले उपकरण, अधिशासी अभियन्ता व टीम लीडर ने किया निरीक्षण

बहेडी (आज ब्यूरो)। तहसील क्षेत्र के ब्लॉक दमखोदा की नगर पंचायत रिछा के 132 केवी पावरहाउस का निरीक्षण किया गया। अधिशासी अभियन्ता पंकज कुमार शर्मा और टीम लीडर वी एस त्यागी के नेतृत्व मे हुई जाँच मे सभी उपकरण सही मिले ।टीम ने ट्रांसफार्मर, सर्किट ब्रेकर, कन्ट्रोल पैनल, बैटरी बैंक,मार्शलिंग बाक्स और बास- बार की जाँच की 1 कंट्रोल रूम के रिले पैनल, कन्ट्रोल अभिलेख रजिस्टर और सुरक्षा उपकरण भी देखे गए। उपकरणो के रखरखाव और संचालन से जुडे रिकार्ड की जाँच मे वे अद्यटन और सही मिले। पावर हाउस परिसर की साफ सफाई भी संतोष जनक पाई गई। अधिशासी अभियन्ता ने स्टाफ को परिसर की साफ सफाई रखने और सुरक्षा मानको का ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधिकारियोने कर्मचारियो से फीडरवार लोड और मेन्टेनेंस की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान अवर अभियन्ता मनोज कुमार, सब स्टेशन आपरेटर विनोद कुमार कश्यप और मुनीश कुमार शर्मा, लाइनमैन मोहम्मद मुश्ताक और कृष्ण मुरारी सहित पावर हाउस का समस्त स्टाफ मौजूद रहा । अधिकारियो ने कर्मचारियो के कार्यो की सरहाना की ।

गांव समूहा में आरएसी ने कराए आठ जोड़ों के सामूहिक निकाह

हजरत अफरोज रजा कादरी की सरपरस्ती में हुआ आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी की नवाबगंज इकाई की ओर से रविवार को समूहा गांव में आठ जोड़ों का सामूहिक निकाह कराया गया। कार्यक्रम हजरत अफरोज रजा कादरी की सरपरस्ती में आयोजित हुआ, जबकि आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने अध्यक्षता की और सभी आठ जोड़ों का निकाह पढ़ाया।कार्यक्रम में मौलाना अदनान रजा कादरी का काफिला बरेली स्थित आरएसी मुख्यालय बैतुर्रजा से समूहा पहुंचा। गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। निकाह से पहले मुफ्ती उमर रजा और मौलाना उमर रजा ने निकाह की अहमियत पर तकरीर की। इमरान जाफर बरकाती और मौलाना सद्दाम रजा ने नात पेश की। इसके बाद निकाह की रस्म अदा की गई। निकाह के बाद नवदंपतियों को घरेलू जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। मौलाना अदनान रजा ने नवदंपतियों को खुशहाल जीवन की दुआ देते हुए शरीयत के मुताबिक जिंदगी गुजारने की नसीहत की। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान बनाना चाहिए और सादगी के साथ ऐसे आयोजन करने चाहिए। उन्होंने बताया कि आरएसी की ओर से जल्द ही नवाबगंज के खिजरपुर गांव में भी सामूहिक निकाह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरएसी की समूहा इकाई और अंजुमन गुलामाने मुस्तफा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।ओर जाने वाले लाइन पर तेज रफ्तार डीसीएम ने ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं समेत पांचों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल को रेफर किया गया है।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 30 से रोजाना 3 शो
रेट
40
60
जेलर-2
पात्र- रजनी कांत

हलचल

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने क्षेत्रीय माटी कला मेले का किया शुभारंभ



बरेली (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में सात दिवसीय क्षेत्रीय माटी कला मेला 2026 लगाया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष मिट्टी का दीया जलाकर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मेले में विभिन्न जिलों से आए माटीकला के कुशल शिल्पकारों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों की उपयोगिता हमारी परंपराओं के साथ हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण सरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। माटी कलाके उत्पाद ही धरती मां को बचाने का सर्वोत्तम विकल्प है। उन्होंने मिट्टी से निर्मित लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं, दीपकों, बर्तनों सहित आकर्षक उत्पादों की सरहाना की। माटी कला मेले में गोरखपुर की पारंपरिक टेराकोटा कला आकर्षण का केंद्र रही। अंत में कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने माटीकला कारीगरों एवं शिल्पकारों को आधुनिक मशीने-दूलकिट वितरित करके सम्मानित किया। उन्होंने लोगों को स्वरोजगार अपनाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सात नवंबर तक माटी कला मेला में आकर मिट्टी के उत्पादों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान पूरन लाल प्रजापति, अरुण कश्यप, देवेंद्र जोशी, मुकेश कश्यप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

रेल फाटक बंद होने से परेशान है दर्जनों गांवों के लोग

मीरगंज (आज ब्यूरो)। -सिंधौली रोड की रेल फाटक बंद होने से क्षेत्र के लोग परेशान हैं।फाटक मार्ग से यातायात बंद होने से लोग नगरिया सादात व संजरपुर रोड की क्रॉसिंग से निकल रहे हैं। वाहनों की संख्या बढ़ने से घंटों जाम लग रहा है। सिंधौली रोड पर नगरिया कल्यानपुर गांव की रेलवे क्रॉसिंग संख्या 378 पर रेलवे ने मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार की सुबह से वाहनों का आवागमन बंद कर दिया है। रेल कर्मचारी ट्रैक की ओवरहॉलिंग का कार्य कर रहे हैं। क्रॉसिंग के नजदीक ही एफजीईएल चीनी मिल है।पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मरम्मत रविवार तक होने थे जो अब 5 नवंबर होंगे। रेल पथ निरीक्षक ने बताया कि ट्रेक मरम्मत कार्य चल रहे हैं। 5 नवंबर तक ओवरहालिंग कार्य कर रेल फाटक मार्ग से यातायात खोल दिया जाएग

राजमिस्त्री को घेर कर शराब के नशे में पीटा, रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज (आज ब्यूरो)। राज मिस्त्री का काम कर लौट रहे एक व्यक्ति को गांव में रास्ता रोक कर एक शराबी ने पीट दिया है। पुलिस ने प्राप्त तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव निवासी प्रेम पाल पुत्र गज्जू सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करके बीती 22 अक्टूबर को घर लौट रहा था गांव पहुंचने पर रस्ते में खड़े गांव निवासी अतीश पुत्र निर्वाहन ने शराब के नशे में उसे रोक कर मारपीट की जिसे गांव के लोगों ने बचाया उसके शरीर पर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मझगवां ब्लॉक परिसर में रोजगार मेले का आयोजन

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। मझगवां में बेरोजगार युवाओं के लिए जिला प्रशासन और बहुराष्ट्रीय कंपनी आईएसएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त सौजन्य से शनिवार को मझगवां ब्लॉक परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिला मुख्य विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी बरेली के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस शिविर में सुबह 11 बजे से ही युवाओं की भारी भीड़ देखने को सुरक्षा सुपरवाइजर और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। भर्ती से जुड़ी मुख्य शैक्षणिक योग्यता: 10वीं पास,आयु सीमा 18 से 40 वर्ष,पंजीकरण शुल्क: 100/ दोपहर 3:00 बजे तक। आईएसएस इंडिया लिमिटेड के कमांडेंट सुभाष यादव ने बताया कि मझगवां ब्लॉक के बाद जिले के अन्य ब्लॉकों में भी आगामी तिथियों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

तीन लोगों को गाड़ी में बिठाकर ले गई बाहर की पुलिस

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। कस्बा बिशारतगंज में आज उस समय हड़कंप मच गया जब बाहर से आई बताई जा रही पुलिस टीम तीन लोगों को गाड़ी में बिठाकर अपने साथ ले जाने की चर्चा व्याप्त है चर्चा है कि ले जाए गए लोगों में एक डॉक्टर भी शामिल है।फिलहाल ले जाए गए लोगों के बारे में और किस जिले की पुलिस ले गई है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है,

बेटी ने लगाया पिता पर मां से मारपीट का आरोप,मुकदमा दर्ज

सीबीगंज(आज ब्यूरो)। एक बेटी ने अपने पिता पर मां से मारपीट करने और उसके साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए थाना सीबीगंज पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि जब भी उसके पिता घर आते हैं तो सरेआम उसकी मां के साथ मारपीट करते हुए बदतमीजी करते हैं फिलहाल पुलिस पिता पर लगे आरोपों की जांच कर रही है।थाना सीबीगंज पर दर्ज मुकदमे में पीड़ित बेटी के अनुसार शुक्रवार को रात शाम करीब 7 बजे उसके पिता गुड्डू शर्मा घर आए और गली में उसकी मां को बुरी तरीके से जमकर मारा पीटा। इस दौरान उसकी मां के कानों के कुंडल भी खो गए। शोर शराबे की आवाज सुन जब गली के लोग मौके पर पहुंचे तो बामुश्किल पीड़ितों को बचाया। बेटी का आरोप है कि आए दिन पिता घर में आकर मारपीट करते हुए गाली गलौज करते हैं। जब उसने 112 डायल पुलिस को बुलाया तो आरोपी पिता उसे व उसकी मां को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बेटी ने आरोपी पिता के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर थाना सीबीगंज पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिता शिकायत पर जान से मारने की धमकी देकर हुआ फरार

संतोष साहू हत्याकांड का तीसरा आरोपी करन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अभी भी फरार

सीबीगंज(आज ब्यूरो)। संतोष साहू हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता मिली है। सीबीगंज पुलिस ने हत्याकांड के तीसरे आरोपी करन को झुमका तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस विनोद और मदनलाल को जेल भेज चुकी है। हालांकि वारदात के कई दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी ललित उर्फ लाला पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। बताते चलें कि सीबीगंज थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी 37 वर्षीय संतोष कुमार साहू परसाखेड़ा स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते थे। घटना वाली रात वह गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम और दावत में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। आरोप है कि रात करीब दस बजे दुर्गा माता मंदिर के पास पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। हमले में एक गोली संतोष की आंख के पास से सिर में जा लगी जबकि दूसरी गोली हाथ को छूते हुए निकल गई। गोली लगने से संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल श्री राममूर्ति अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उनकी जान बचाने का प्रयास किया। सिर में फंसी गोली निकालने के लिए ऑपरेशन भी किया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। आखिरकार 27 अक्टूबर की सुबह उपचार के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया।संतोष साहू हत्याकांड में छह लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस विनोद और मदनलाल को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब करन के खिलाफ भी गिरफ्तारी की कार्रवाई सामने आई है। इस तरह मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। वहीं मुख्य आरोपी ललित उर्फ लाला समेत शेष आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। संतोष की हत्या के बाद से परिवार न्याय की मांग कर रहा है। परिजनों की निगाहें अब मुख्य आरोपी ललित उर्फ लाला की गिरफ्तारी पर टिकी हैं।



पर्वतीय समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस 15 को मनाया जायेगा

बरेली(आज समाचार सेवा)। पर्वतीय समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस स्थानीय जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र में 15 नवंबर को मनाया जाएगा। कुमाँचल नगर भोलेनाथ मंदिर परिसर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि दीपावली पर्व होने के कारण उत्तराखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को मनाया जाएगा।उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट पूर्व सभासद कैंट ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को तन,मन और धन से पूर्ण सहयोग करना होगा तभी भव्य और दिव्य कार्यक्रम संपन्न होगा।कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि सभी साथियों को पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम की तैयारी में लग जाना चाहिए। लोक गायक और सांस्कृतिक प्रभारी पूरन दानू ने कहा कि उत्तराखंड की टीमें विशेष प्रस्तुतियां देने आ रही हैं।वरिष्ठ सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्वतीय समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस के कार्यक्रम का नाम पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया है।मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ने बताया कि उत्तराखंड के सांस्कृतिक दलों के साथ ही स्थानीय टीमें भी अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देंगी।कार्यक्रम का समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 09 बजे तक रहेगा।एंट्री पूर्णतया निशुल्क रहेगी।इस अवसर पर पुष्कर सिंह बोरा,प्रभात गैरोला,पूरन सिंह मेहरा, गोपाल राणा,संजय नेगी,उमेश बिनवाल,आनंद सिंह मेहता,पूरन जोशी,दीपक जोशी,पवन भट्ट,सोमा परिहार,पंडित नवीन चन्द्र जोशी,नंदनी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



राधेलाल कंठीराम सरस्वती शिशु मंदिर में 'सनातन कौशल विकास' का भव्य शुभारंभ

बरेली(आज समाचार सेवा)। स्थानीय राधेलाल कंठीराम सरस्वती शिशु मंदिर, गांधीनगर, बरेली में आज भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सनातन कौशल विकास' कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं, जीवन मूल्यों तथा व्यावहारिक कौशलों से जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजीव अग्रवाल ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिशु शिक्षा समिति, ब्रज प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक हरवीर सिंह, डॉ.अनिल गर्ग सेवानिवृत्ति डायरेक्टर आरवीआरआई विभाग प्रमुख सेवा भारती दिनेश शर्मा, मंत्री बाल कल्याण समिति दिनेश मलिक, सह मंत्री राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा मिलनी चाहिए, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिक भी बनाए। सनातन संस्कृति में निहित ज्ञान, परंपराएं और जीवन दर्शन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। डॉ अनिल गर्ग ने सनातन कौशल विकास केंद्र के स्थापना पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि श्री हरवीर सिंह ने कहा कि सनातन कौशल विकास जैसी पहल नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता, स्वावलंबन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना भी है।उन्होंने विद्यालय परिवार को इस महत्वपूर्ण पहल के शुभारंभ के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में राजीव सक्सेना,ज्ञानेंद्र जी, पूजा बास, जिला समन्वयक सुनील कुमार सिंह पुंडीर, संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। परिचय प्रधानाचार्य भगवान शरण शर्मा ने कराया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अवनीश शर्मा ने किया।कार्यक्रम के माध्यम से एयर कंडीशन वाशिंग मशीन घरेलू उपकरण आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



अधिशासी अभियंता ने टीम के साथ विद्युत विच्छेदन व राजस्व वसूली के कार्यों का किया निरीक्षण

फतेहगंज पश्चिमी(आज ब्यूरो)। बिजली बिलों की वसूली व बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम राजवीर सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व वसूली एवं बिजली कनेक्शन काटने से संबंधित कार्यों का जायजा लेते हुए विभागीय कर्मचारियों से अब तक की गई कार्रवाई और राजस्व वसूली की जानकारी लीसाथ ही बकायेदार उपभोक्ताओं से बिजली बिलों का भुगतान कराने तथा विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देशित कियाबिजली कनेक्शन काटने एवं राजस्व वसूली के कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रभावी ढंग से पूरा करने के भी निर्देश दिए।इस दौरान एसडीओ अंकित द्विवेदी, जेई रमेश चंद्र गौतम, प्रवीण शर्मा, आदिल मलिक, राकेश माहेश्वरी, शब्बीर अली आदि मौजूद रहे।

बरेली ने शाहजहांपुर को हरा दर्ज की शानदार जीत

बरेली(आज समाचार सेवा)। डॉ गौरहरी सिंघानिया मैमोरियल यू पी इंटर डिस्टीक्ट वेट्रेंस क्रिकेट लीग का जोन 1 का लीग मैच शाहजहांपुर और बरेली के बीच खेला गया शाहजहांपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया बरेली की टीम के सलामी बल्लेबाज रियाज अफ़रीदी और शादाब ने टीम को अच्छी शुरुआत दी शिव कुमार राठी ने 23 गेंदों में 39 रन बनाये उसके बाद अनुज शर्मा की धमाकेदार पारी 38 गेंदों में 64 रन बनाये शाजहांपुर की टीम से मनोज यादव ने 3 विकेट लिए बरेली की टीम शाहजहांपुर की टीम को 168 रनों का टारगेट दिया जिसके जवाब ने शाहजहांपुर की टीम 100 रन पर ऑल आउट हो गई बरेली की गेंदबाजी के आगे पूरी टीम बुरी तरह से धराशायी हो गई नाज़िम खान ने 3 विकेट राठी और मुकेश ने 2-2 विकेट लिए वही पर एक तरफ़ से अकील अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 7 रन खर्च करके 1 विकेट लिया आज के मैच के मन ऑफ़ दा मैच अनुज शर्मा को सुशील कुमार उर्फ़ दादा ने दिया जो वरिष्ठ समाज सेवक हैं बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेश गंगवार, और कोषाध्यक्ष डॉ. मुजाहिद हसन खान के कर-कमलों द्वारा किया गया।बरेली वेटरन की इस जीत पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, चंचल उपाध्याय, खुसरो मिर्ज़ा, मोहम्मद कमर,रमन खन्ना, मोहम्मद चमन, जेपी यादव ,ललित मोहन ,शहजाद अली सदस्यों ने टीम को बधाई दी। वेटरन क्रिकेट के सचिव ओ.पी. कोहली ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

डॉ गौर हरी सिंघानिया मैमोरियल यू पी इंटर डिस्टीक्ट वेट्रेंस क्रिकेट लीग



मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल प्रबंध समिति के प्रकाश चंद्र शर्मा अध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल सचिव चुने गये



बरेली(आज समाचार सेवा)। फरीदपुर मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल में प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में श्री प्रकाश चंद्र शर्मा(सी. ए.)को अध्यक्ष, श्री के.सी. गुप्ता (सी. ए.) को उपाध्यक्ष, श्री प्रेमशंकर अग्रवाल को सचिव, श्री अनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा श्री विवेक सिंघल एवं डॉ. नूपुर गोयल को संयुक्त सचिव चुना गया।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से विद्यालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने तथा विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई। प्रबंध समिति के गठन से विद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षिक कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

के.सी. गुप्ता उपाध्यक्ष, अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष , विवेक सिंघल व नूपुर गोयल को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी

नशा मुक्ति जागरूकता के लिए किया सम्मानित

बरेली(आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट रजि. भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु इशिका सिंघानिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल को नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत समाज में जागरूकता फैलाने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए हिंदू जागरण मंच ब्रज-प्रांत द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके सामाजिक सरोकारों, जनसेवा और नशे के विरुद्ध किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।सम्मान कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु इशिका सिंघानिया, राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश मेहंदीरत्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दामोदर्धार सिंह एवं हिंदू जागरण मंच ब्रज- प्रांत के दुर्गेश गुप्ता समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गणों के साथ मौजूद रहे।

दिल्ली वोट बचाओ देश बचाओ संविधान बचाओ महा रैली में बरेली से सैकड़ों कांग्रेसियों ने की शिरकत

बरेली(आज समाचार सेवा)। दिल्ली वोट बचाओ देश बचाओ संविधान बचाओ महा रैली में बरेली से लगभग 60 करों और रेल व बस के द्वारा लगभग 400 कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे खुशी की बात यह है कि इस महारैली में हमारे बरेली जनपद के समस्त वरिष्ठ नेता गण, जिले और महानगर के पदाधिकारी गण एवं ऐसे कार्यकर्ता जो कम दिखते हैं,वह भी दिल्ली पहुंचे द्य उक्त महा रैली में भाग लेने मुख्य रूप से सर्वश्री कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफ़ाक़ सकललेनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दददा एडवोकेट, राजाराम साहू, प्रेम प्रकाश अग्रवाल ,कृष्णकांत शर्मा, मुजाहिद हसन खान, इलियास अंसारी, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल गंगवार, पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, प्रोफेसर यशपाल सिंह राज शर्मा, डॉ.हरीश गंगवार, राफिया शबनम, रामदेव पांडे, जुनैद हसन,असलम चौधरी, युसुफ खान, रविंद्र सहारा, रमेश श्रीवास्तव, महेश पंडित, हारून अल्वी, आशीष साहू, मनदीप राव, नरेंद्र यादव, आफताब आलम, सुंदर प्रकाश कश्यप ,अमित कश्यप, राकेश गंगवार, राकेश गंगवार, योगेश जोहरी, अजय शुक्ला, नरेंद्र साहू, अरविंद राठौड़, उल्फत कठेरिया, राम अवतार अरमान अल्वी सरफराज बैग, अलाउद्दीन, फिरोज खान , जावेद खान, सरताज हुसैन, मनोज घोष, तीरथ मधुकर, आदि सैकड़ो सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए।लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा मताधिकार की आवाज बुलंद करने के संकल्प के साथ दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महासंग्राम में शामिल होने के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री अजय शुक्ला, पूर्व पार्षद महेश पंडित, महानगर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय मौर्य एवं महामंत्री फिरोज खान एडवोकेट, रविंद्र, शहर, रमेश चंद श्रीवास्तव, राफिया शबनम, पीरजादा, आबिद अली ,अफजाल अंसारी दिल शेर खालिद भाई मोहम्मद कासिम शाहिद भाई आदि दर्जनों कांग्रेस साथियों के साथ दिल्ली रामलीला मैदान रैली में शामिल...इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के वोट और उसके मताधिकार का सम्मान सर्वोपरि है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए यह संघर्ष जारी रहेगा।उन्होंने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि न झुकेंगे, न रुकेंगे, अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे। लोकतंत्र की आवाज बुलंद करेंगे और अपना अधिकार लेकर रहेंगे।



मंडी में धान तुलवाने के बाद दर्जनों किसानों का एक सप्ताह बाद भी नहीं हुआ भुगतान, किसान परेशान

क्योंलडिया(आज ब्यूरो)। भदपुरा ब्लॉक के दर्जनों किसानों ने मंडी समिति नवाबगंज में अपना धान तुलबायाथा जिसमें लाल बहादुर पुत्र मूलचंद निवासी धनौ जागीर ने 90 कुंतल 26 अक्टूबर को सोमवती पत्नी कालीचरण बिहारीपुर अब्दुल रहमान 25 कुंतल वीरेंद्र कुमार बिहारीपुर अब्दुल रहमान 68 कुंतल हर प्रसाद पुत्र बाबूराम बिहारीपुर 24 कुंतल नारायण लाल पुत्र बाबुराम 11 कुंतल तोताराम 36 कुंतल सर्वेश कुमार ने 81 कुंतल धान मंडी समिति में तुलवाया था लेकिन इन किसानों के बायोमेट्रिक होने के बावजूद भी अभी तक किसानों के खाते में भुगतान नहीं आया है जिससे किसान परेशान है जबकि सरकार का कहना है कि किसानों का भुगतान बायोमेट्रिक के48 घंटे बाद दे दिया जाएगा लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी अभी तक किसानों को धान का भुगतान नहीं मिला है इस बाबत केंद्र प्रभारीउमेश उमेश कुमार से संपर्क करना चाहा लेकिन उनका फोन बंद था

किसानों के बायोमेट्रिक होने के बावजूद भी अभी तक किसानों के खाते में भुगतान नही

भगवान श्री चित्रगुप्त जी के जयकारे से गूंजा शहर शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

बरेली(आज समाचार सेवा)। भगवान श्री चित्रगुप्त जी के जयकारों से शहर गूंज उठा। कायस्थ चेतना मंच की ओर से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में आस्थावान शामिल हुए। यात्रा बाबा त्रिबटीनाथ मंदिर परिसर से शुरु हुई और विराम गुहड़ बाग के भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर पर हुई। प्रदेश के वन मंत्री डा. अरुण कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा पूरी यात्रा के दौरान पैदल चलकर प्रतिभागिता की।शाम को विधिवत पूजन अर्चन के बीच भगवान की शोभायात्रा का शुभारम्भ हुआ। संस्था के संरक्षक डा. पवन सक्सेना, अध्यक्ष संजय सक्सेना व महामंत्री अमित सक्सेना बिंदु ने शुभारम्भ कराया। मुख्य अतिथि प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार व कैंट के विधायक संजीव अग्रवाल ने विधिवत पूजन अर्चन करके यात्रा का प्रारम्भ कराया। यहां महाकाल बैंड ने शानदार प्रस्तुतियां दीं तथा समाज की महिलाओं ने डांडिया व गरबा भी किया। इसके बाद यात्रा का जगह जगह पर स्वागत किया गया।शुरुआत में सांसद छत्रपाल सिंह, एमएलसी महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, किसान नेता डा. रवि नागर, संघ परिवार से अनुराग अग्रवाल, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, भाजपा नेता मनीष अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह, डा. विनोद पागरानी समेत कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। आरजेवाईएस के प्रियंका कपूर, सौरभ शर्मा आदि ने स्वागत किया। बसंत टाकीज के निकट सुरेन्द्र पटवा , पंकज साहनी, धर्मेश सोना व परिवार, चौराहे पर अमन कमेटी के नदीम शम्सी व अजंता स्वीट्स, डा. अरुण कुमार के कार्यालय, विश्व हिंदू परिषद के आशु अग्रवाल, संजय आदि ने भारत सेवा ट्रस्ट पर डा. भक्ति सिंह, रमेश जैन, राजकुमार शर्मा, शाबेज आदि ने यात्रा का स्वागत किया। चित्रांश महासभा की ओर से राकेश सक्सेना व टीम ने स्वागत किया।शोभायात्रा में मेयर डा. उमेश गौतम व भाजपा के महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना भी शामिल हुए। मेयर डा. गौतम ने पूरे समाज को सफल और भावपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी। चित्रगुप्त चौक पर अंशु आरव व टीम ने स्वागत किया। यात्रा का विराम गुहड बाग के श्री चित्रगुप्त मंदिर पर हुआ, जहां नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रीमती श्रुति गंगवार, मीरगंज के विधायक डा. डीसी वर्मा भी मौजूद रहे।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार ने भी स्वागत किया मुख्य अतिथि प्रदेश के वन मंत्री डा. अरुण कुमार ने कहा कि इस बार की यात्रा बेहद सफल आयोजन है। भगवान श्री चित्रगुप्त जी यात्रा में शहर भर से और आसपास से बड़ी संख्या में लोग आये हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं संस्था के संरक्षक डा. पवन सक्सेना ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी सृष्टि के न्यायाधिपति है। अधिष्ठाता हैं। उनके दर्शन मात्र से ही जीवन सफल हो जाता है। यात्रा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, यह हमारी गौरवशाली परंपरा का भी प्रतीक है। कायस्थ चेतना मंच के अध्यक्ष संजय सक्सेना ने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया। संचालन अमित बिंदु व प्रवेश वर्मा ने किया।इस अवसर पर सीए राजन विद्यार्थी, डा. विकास वर्मा, अनीता मुकेश, सभासद सतीश कातिब, कपिल कांत, शालिनी जौहरी, सौरभ सक्सेना, राहुल सक्सेना, संजीव सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, नूतन शर्मा, प्रतिभा जौहरी, पंकज जौहरी पंछी, सुधांशु सक्सेना, संजय सक्सेना संजू, वीके सक्सेना, प्रदीप मधवार, अनुराग भूषण, ईशान इशु, अंकुर सक्सेना, राकेश सक्सेना,अलंकृत सक्सेना, संभव शील, निर्भय सक्सेना, दीक्षा सक्सेना, अविनाश सक्सेना, विजय सक्सेना, ऋषभ सक्सेना, अभिनव सक्सेना, दीपक जौहरी, अतुल सक्सेना, अशोक सक्सेना पी के सक्सेना राजन श्रीवास्तव व सीबी गंज की टीम, अखिलेश सक्सेना, ललिता सक्सेना, प्रीति सक्सेना, पीलीभीत के अवनीश सक्सेना, महेश नारायन सक्सेना, शेखर सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, सुभाष सक्सेना व टीम, बदायूं से से विजय नारायन व शलभ सक्सेना आदि मौजूद रहे। इसके अलावा समाज की कई प्रमुख हस्तियों ने भी हिस्सा लिया।



डीपीएस के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

बरेली(आज समाचार सेवा)दिल्ली पब्लिक स्कूल, बरेली के विद्यार्थियों ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर (कानपुर) में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और टीम भावना का परिचय देते हुए दो प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान तथा एक प्रतियोगिता में द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।हिंदी नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस टीम में सीरी नायला सुहेल, आदित्य कुमार, यश, प्रिंस, नमस्वी जायसवाल, प्रिशा सिंह चौधरी, प्रज्ञा गंगवार, काव्या चौहान, दिशिता बसीन और सात्विक सक्सेना शामिल रहे।'वस्त्र नवजीवन' प्रतियोगिता में सौंदर्या कोहली और अक्षरा भारद्वाज ने अपनी रचनात्मकता एवं नवाचार का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 'री:रेंडर' मिक्स्ड मीडिया प्रतियोगिता में मुकुंद कलानी, ऊर्जित जायसवाल और देवांग खंडेलवाल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुब्रत कुमार सारंगी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता और समर्पण का प्रमाण है। ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं।' उन्होंने आगे कहा कि 'वह बच्चों को एक कदम और आगे की ओर अग्रेसित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने के लिए प्रतिबद्ध हैं । इसके लिए वह शिक्षकों के साथ मिलकर कार्ययोजना को मूर्त रूप दे रहे हैं ।' प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने वाले शिक्षकों की भी सराहना की तथा उनके समर्पण, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने की कामना की।



स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लौडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-*13280*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

भाकियू (अरा0) की मासिक बैठक में गन्ने का मूल्य पांच सौ रुपये कुन्तल करने की मांग उठी

गन्ना मूल्य बकाया मय ब्याज़ भुगतान सहित समस्याओं के समाधान न होने 03 नवंबर को किया जायेगा प्रदर्शन

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक अति आवश्यक मीटिंग सरदार मंजीत सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने की तथा पंचायत का संचालन जिला सचिव सर्वेश कुमार वर्मा ने किया।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी चीनी मिलों का गन्ना पेराई सत्र शुरु होने वाला है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक गन्ना मूल्य में कोई बढोत्तरी नही की है। उत्तर प्रदेश का गन्ना किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल गन्ने का मूल्य कम से कम पांच सौ रुपए तत्काल घोषित करे। उत्तर प्रदेश का किसान बढ़ती कृषि लागत, फसलों का लाभकारी मूल्य न मिलने व सरकारी खरीद की अव्यवस्थाओं, गन्ना मूल्य भुगतान में देरी, प्राकृतिक आपदाओं तथा सरकारी योजनाओं में तकनीकी एंव प्रशासनिक खामियों से जूझ रहा है। डिजिटल व्यवस्था के नाम पर एग्रीस्टैक, किसान रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे एंव भूमि अभिलेखों की त्रुटियों के कारण वास्तविक किसान सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। किसानों की इन सब समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन 03 नवंबर 2026 को बरेली मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर धरना-प्रदर्शन के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से अतिशीघ्र गन्ना मूल्य में बढोत्तरी कर गन्ने का न्यूनतम 500 रूपए लाभकारी मूल्य की घोषित करने की मांग करेगा तथा चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का पिछले पेराई सत्र का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान गन्ना एक्ट के अनुसार ब्याज सहित तत्काल भुगतान कराया जाये। इसके साथ ही गन्ना मूल्य भुगतान

पानी भरने गई महिला से छेड़छाड़, आपातकालीन नंबर पर की गई शिकायत के चलते पुलिस ने आरोपी को दबोचा

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पानी भरने गई महिला से पास के ही गांव के रहने वाले युवक ने अंधेरे का फायदा उठाकर छेड़छाड़ शुरू कर दी। आरोपी बुरी नीयत के चलते महिला को जबरन खेतों की ओर खींच कर ले जाने लगा। महिला की आवाज सुनकर उसके पति ने आपातकालीन नंबर पर शिकायत दर्ज की। इसके चलते मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम शाहगढ़ में 30 अक्टूबर 2026 की रात करीब 08 बजे पीड़िता अपने घर पर खाना बना रही थीं। इस दौरान वह पानी लेने के लिए नल के पास गईं। जहां पहले से घात लगाए ग्राम बंगला उर्फ मित्रसेनपुर निवासी विजय ने अंधेरे का फायदा उठाकर बुरी नीयत से महिला को पीछे से दबोच लिया और जबरन खेतों की तरफ खींचकर ले जाने लगा। महिला की घबराहट भरी चीख-पुकार सुनकर उनके पति रामरतन और बच्चे (सतीश व वंश) मौके पर पहुंच गए। परिवार को आते देख आरोपी उन्हें छोड़कर खेतों में छुप गया। तुरंत सतर्कता दिखाते हुए पति ने आपातकालीन सेवा %112% पर कॉल की।

चीनी मिल जीएम व सीसीओ ने किसानों से मिलकर जल्द चीनी मिल शुरू करने का दिलाया भरोसा

-आज समाचार सेवा-



पूरनपुर (पीलीभीत)। दि किसान सहकारी चीनी मिल के जीएम और सीसीओ ने किसानों से मिलकर जल्द चीनी मिल का संचालन शुरू करने का भरोसा दिलाया है।

स्थानीय दि किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर में रविवार दोपहर मिल के महाप्रबंधक (जीएम) एवं मुख्य गन्ना अधिकारी (सीसीओ) ने किसानों से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान चीनी मिल को शीघ्र चालू कराने और किसानों को होने वाली परेशानियों का समाधान करने को लेकर वार्तालाप की गई। बैठक में ग्राम बेगपुर, प्रसादपुर एवं पचपेड़ा प्रहलादपुर के किसान मौजूद रहे। किसानों ने चीनी मिल के संचालन को लेकर अपनी अपेक्षाएं रखीं। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए चीनी मिल को जल्द चालू कराने तथा गन्ना किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की गई।चीनी मिल अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता से प्रयास किए जाएंगे। बैठक का उद्देश्य किसानों और मिल प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा आगामी पेराई सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने की तैयारियों को लेकर चर्चा करना रहा। इस दौरान किसानों ने मिल प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और शीघ्र मिल संचालन की अपेक्षा जताई।

कार्यालय ग्राम पंचायत बंगला उर्फ मित्रसेन

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंगला उर्फ मित्रसेन की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय बंगला उर्फ मित्रसेन पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय बंगला उर्फ मित्रसेन पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती पूनम वर्मा (प्रशासक) — श्री विजय पासवान (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत बंजरिया

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंजरिया की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय बंजरिया पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 12.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 13.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय बंजरिया पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री नरेशपाल सिंह (प्रशासक) — श्री अतुल कुमार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय मुजफ्फरनगर पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 12.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 13.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय मुजफ्फरनगर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री नरेशपाल सिंह (प्रशासक) — श्री अतुल कुमार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत रूद्रपुर

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूद्रपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एव मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लौहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय रूद्रपुर पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय रूद्रपुर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री लालता प्रसाद (प्रशासक) — श्री सुरेश कुमार वर्मा (सचिव)

जानलेवा हमले के मामलें में नामजद पिता-पुत्र गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। सगे पुत्र-भाई पर फावड़े व तलवार से जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त अर्शदीप सिंह एवं पिता गुरूप्रीत सिंह को थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अदद फावड़ा (लोहा), एक अदद तलवार (लोहा) बरामद की है।

थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 157/2026 धारा 115(2), 352, 109 (1) बीएनएस से संबंधित दोनों नामजद अभियुक्तों अर्शदीप सिंह एवं उसके पिता गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक- 28.10.2026 की रात्रि करीब डेढ़ बजे थाना घुंघचाई के ग्राम हरीपुर में मामूली कहासुनी व चल-अचल सम्पत्ति को अपने हक में करने को लेकर अभियुक्त अर्शदीप सिंह एवं पिता गुरूप्रीत सिंह द्वारा अपने ही घर में लेटे सगे पुत्र-भाई अमृतपाल सिंह पर फावड़े एवं तलवार से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया गया। जिससे अमृतपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा घायल को तत्काल सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। उक्त घटना के संबंध में वादी सरवन सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम घाटमपुर की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दिनांक- 29.10.2026 को उ0नि0 आदेश कुमार बालियान मय हमराह का0 14 अंकुर नागर, का0 1706 अरविन्द कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना एवं विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर पंजाब राज्य के जनपद लुधियाना स्थित थाना पायल क्षेत्र में दबिश दी गई। मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त का वांछित अभियुक्त अर्शदीप सिंह ग्राम घुदानी कलां स्थित गुरुद्वारा में छिपा हुआ है। उक्त सूचना पर थाना पायल, पंजाब पुलिस से संपर्क एवं आवश्यक आमद कराकर पुलिस बल प्राप्त किया गया तथा संयुक्त रूप से गुरुद्वारा में दबिश दी गई। जहां गुरुद्वारा के हॉल में लेटे हुए एक व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा पकड़कर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम अर्शदीप सिंह पुत्र गुरूप्रीत सिंह निवासी ग्राम हरीपुर थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत बताया। अभियुक्त अर्शदीप सिंह को मुकदमा उपरोक्त में वांछित होने के कारण दिनांक 31.10.2026 को समय करीब साढ़े नौ बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी के उपरांत थाना पायल, पंजाब राज्य में आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत लाया गया। अर्शदीप सिंह से पूछताछ के दौरान उसके पिता एवं मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्त गुरुप्रीत सिंह के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके पिता गुरुप्रीत सिंह घुंघचाई क्षेत्र में अपने ही गांव के आस-पास छिपे हुए हैं तथा वह उनके छिपने का स्थान जानता है। अभियुक्त अर्शदीप सिंह की निशानदेही पर थाना घुंघचाई पुलिस टीम दिनांक- 01.11.2026 को थाना क्षेत्र में अभयपुर माधौपुर पुल के पास हरदोई ब्रांच नहर के किनारे स्थित सरकारी सुलभ शौचालय पर पहुंची। जहां अभियुक्त अर्शदीप सिंह द्वारा अपने पिता गुरुप्रीत सिंह के छिपे होने की जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल शौचालय की घेराबंदी कर अंदर बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुरुप्रीत सिंह पुत्र शरदूल सिंह निवासी ग्राम हरीपुर थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत बताया। अभियुक्तगणों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद फावड़ा (लोहा), एक अदद तलवार (लोहा) बलविन्दर सिंह के गन्ने के खेत ग्राम हरीपुर से बरामद किया गया। पुलिस ने जानकारी दी कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कलीनगर में पति-पत्नी अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। छापामार कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने पति-पत्नी को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दंपति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र की नगर पंचायत कलीनगर में पुलिस ने आबकारी टीम के साथ मिलकर एक घर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से पति और पत्नी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि मुखबिर की खास सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक दीपक कुमार और उनकी टीम ने वार्ड नंबर 01 स्थित एक मकान में दबिश दी। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान रमेश और उसकी पत्नी रामवती के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। ग्रामीण के बताये अनुसार एक युवक उसकी नाबालिग पोती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जानकारी लगने पर जब आरोपी के परिजनों से शिकायत की गई तो उन्होंने धमकाते हुए कहा कि युवक ने नाबालिग से शादी कर ली है। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम सेल्हा निवासी निरोधवर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दिनांक- 26 अक्टूबर 2026 को दिन के करीब 10 बजे उसकी 15 वर्षीय पोती को सुजीत राय बहला-फुसलाकर भगा ले गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी के पिता विरीशा राय से पूछताछ की तो उन्होंने कथित तौर पर धमकी दी

पूरनपुर (पीलीभीत)। विश्व भर में प्रसिद्ध पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नये पर्यटन सत्र 2026-27 का शुभारंभ हो गया। इस बार पर्यटन सत्र तय समय 15 नवंबर से 15 दिन पहले यानी 01 नवंबर से ही शुरू कर दिया गया है।रविवार को वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता आनंद और बीसलपुर विधायक विवेक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पहली सफारी गाड़ियों को रवाना किया। इस बार पर्यटन सत्र 01 नवंबर से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। सैलानियों को लंबी कतारों से बचाने के लिए 50 प्रतिशत सफारी गाड़ियों की बुकिंग पीटीआर मुख्यालय से ऑफलाइन उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बाबर खान सम्मानित

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। समय-समय पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बाबर खान का उत्साह वर्धन करने के लिए विद्यालय के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी व प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष ने सम्मानित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार खेल भावना से प्रतिभाग कर जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

तहसील मुख्यालय से सटी अल्पसंख्यक बाहुल्य ग्राम पंचायत शेरपुर कलां निवासी सपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी मोहम्मद जैगम रज़ा खां के पुत्र बाबर खान (12 वर्ष) ने स्कूल के वार्षिक टूर्नामेंट में 100 मीटर व 200 मीटर व लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बाबर खान ने चौथी बार अपनी चैंपियनशिप बरकरार रखी है। बताते चले कि बीती दिनांक- 30.10.2026 को ऐनुअल फंक्शन के मौके पर बाबर खान को विद्यालय की तरफ से गोल्ड मेडल सर्टिफिकेट व सील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपजिलाधिकारी पूरनपुर व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सक्सेना व संजय पांडेय ने सील्ड मेंडल देकर सम्मानित किया। सभी लोगों ने प्रतिभाशाली बाबर खान के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि बाबर खान बहुत छोटी आयु से क्रिकेट, शूटिंग, एथलीट आदि खेलों में मंत्री, विधायक, एमएलसी, चैयरमैन व जिले के वरिष्ठ अधिकारियों व कई संस्थाओं से सैकड़ो शील्डे मेडल प्राप्त कर चुके हैं। बाबर खान व उनके पिता को सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरिया ता0 महाराजपुर

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिमरिया ता0 महाराजपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय सिमरिया ता0 महाराजपुर पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सिमरिया ता0 महाराजपुर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री नाबिर (प्रशासक) — श्री सुबोध कुमार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत ढका ज0 पूरनपुर

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढका ज0 पूरनपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय ढका ज0 पूरनपुर पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय ढका ज0 पूरनपुर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती मुन्नी बेगम (प्रशासक) — श्री सुबोध कुमार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत कपूरपुर

विकास खण्ड-पूरनपुर (पीलीभीत)

निविदा

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कपूरपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वा वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फॉगिंग मशीन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय कपूरपुर पर दिनांक- 02.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 06.11.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय कपूरपुर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री दिनेश पाल (प्रशासक) — श्री विजय पासवान (सचिव)

जनपद न्यायाधीश द्वारा दीप प्रचलित कर मेगा कैंप का किया गया शुभारंभ



पीलीभीत। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में रविवार को गांधी प्रेक्षागृह, स्टेडियम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद मेगा शिविर के नोडल अधिकारी एवं अपर जनपद न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक अधिकारी सतीश कुमार एवं शहनवाज सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव नूहिन जैदी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को जनपद न्यायाधीश एवं अन्य अतिथियों तथा संबंधित विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री मत्स्य योजना, श्रम विभाग की योजनाएं, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, शौचालय अनुदान योजना, हर घर जल योजना, कौशल विकास मिशन, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुफ्त बिजली योजना, माटी कला रोजगार योजना, मनरेगा, बैकयार्ड पोल्ट्री, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना सहित डाक, रेशम, खाद्य एवं रसद तथा बैंकिंग विभाग की योजनाएं शामिल रहीं। शिविर के दौरान करीब 196 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। लाभार्थियों को आवास एवं वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र, रोजगार प्रमाण पत्र, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सब्सिडी एवं बैंक ऋण के चेक, लैपटॉप, टूलकिट और सिलाई मशीन सहित विभिन्न सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा आठ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कैश क्रेडिट लिमिट के डेमो चेक भी प्रदान किए गए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपस्थित लोगों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाई गई। वहीं, जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से चयनित पांच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। मेगा शिविर में पीठासीन अधिकारी, कामर्शियल कोर्ट गोरखपुर संजीव कुमार सिन्हा, प्रधान न्यायाधीश नीलू मोघा, अपर जनपद न्यायाधीश राम किशोर, विजय कुमार हिमांशु, कु. शिखा प्रधान, त्रिभुवन नाथ पासवान एवं सुनील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंगल देव सिंह, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत तथा न्यायिक अधिकारी दुष्यंत कुमार शर्मा और अरुण कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, लीड बैंक मैनेजर तथा महिला कल्याण, उद्योग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, मत्स्य, श्रम, पंचायत राज, जल निगम, समाज कल्याण, कौशल विकास, कृषि, ग्रामोद्योग, मनरेगा, पशुपालन, बेसिक शिक्षा, डूडा, खाद्य एवं रसद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों और परा-विधिक स्वयंसेवकों ने भी शिविर के आयोजन में सहभागिता की।

16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक स्वयं कर सकेंगें अपनी जनगणना

पीलीभीत। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत जनपद में जनसंख्या गणना की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आमजन को स्व-गणना की सुविधा मिलेगी। इसके तहत लोग ऑनलाइन माध्यम से अपने और परिवार के सदस्यों का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य करेंगे। वहीं, 5 जनवरी से 9 जनवरी 2027 तक गणना के आंकड़ों का पुनरीक्षण किया जाएगा। जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जनगणना-2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आठवीं जनगणना है। पहली बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया में डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति से संबंधित प्रमाणिक आंकड़े एकत्र करना है। इन आंकड़ों का उपयोग भविष्य में विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के आवंटन और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य पूरा कराया जा चुका है। अब दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। इसके लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना, 1 दिसंबर से 4 जनवरी तक घर-घर जाकर गणना और 5 से 9 जनवरी तक पुनरीक्षण का कार्य संपन्न कराया जाएगा। जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि इस बार आमजन को पहली बार स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए परिवार के मुखिया या कोई अन्य सदस्य निर्धारित अवधि में म.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर जाकर परिवार के सभी सदस्यों का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी होगी। इसे घर पहुंचने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा, जिसके आधार पर वह दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व-गणना की सुविधा वैकल्पिक है। जो परिवार ऑनलाइन माध्यम से जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनकी गणना प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर की जाएगी। इसके लिए प्रगणकों को डिजिटल माध्यम से आंकड़े एकत्र करने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनसंख्या गणना के लिए निर्धारित प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल किए गए हैं। इनके माध्यम से परिवार के प्रत्येक सदस्य से संबंधित विभिन्न जानकारियां संकलित की जाएंगी। जनगणना के दौरान प्राप्त होने वाली व्यक्तिगत जानकारियों की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत व्यक्तिगत जनगणना अभिलेखों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने आमजन से अपील की है कि जनगणना के दौरान प्रगणकों को सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि प्रमाणिक आंकड़े संकलित किए जा सकें। साथ ही उन्होंने लोगों को सावधान करते हुए कहा कि जनगणना के नाम पर किसी भी व्यक्ति को बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम पिन, यूपीआई पिन अथवा ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

रोमांचक मुकाबले में पीलीभीत वेटरन्स ने लखीमपुर वेटरन्स को 3 विकेट से हराया



पीलीभीत। पीलीभीत वेटरन्स क्रिकेट संघ द्वारा ललित हरी शुगर फैक्ट्री के मैदान पर आयोजित लीग मैच श्रृंखला के अंतर्गत पीलीभीत वेटरन्स और लखीमपुर वेटरन्स के मध्य एक बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच का विधिवत शुभारंभ पीलीभीत वेटरन्स क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीपक गंगवार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। टॉस लखीमपुर वेटरन्स की टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पीलीभीत की सधी हुई गेंदबाजी के सामने लखीमपुर वेटरन्स की पूरी टीम 19.1 ओवर में 117 रनों पर ऑलआउट हो गई। पीलीभीत की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए कप्तान जगदीश सक्सेना ने 3.1 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट, मनोज कुमार ने 3 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट, अमन सिंह ने 3 ओवर में 7 रन देकर 2 विकेट, राजेश कुमार ने 2 ओवर में 12 रन देकर 1 विकेट और प्रफुल दीक्षित ने 4 ओवर में 22 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। जवाब में 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीलीभीत वेटरन्स की टीम ने संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए 19.1 ओवर में 7 विकेट खोकर 118 रन बनाकर 3 विकेट से शानदार जीत हासिल की। पीलीभीत वेटरन्स की ओर से बल्लेबाजी में अमन सिंह ने 27 रन, बृजेश कुमार ने 21 रन, राजेश कुमार ने नाबाद 14 रन, गुरसेवक सिंह ने 13 रन तथा रामदीप सिंह ने 11 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया। लखीमपुर वेटरन्स की तरफ से गेंदबाजी में विराट बंसल ने 3 विकेट, नीरज शुक्ला ने 2 विकेट और मयंक सनावर व अभिषेक पांडे ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के गौरव व पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व रणजी खिलाड़ी सुरेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेश वेटरन्स क्रिकेट संघ के पदाधिकारी पीयूष तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। मैच के उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने जनपद में क्रिकेट प्रतिभाओं को तराशने वाले खेल प्रशिक्षकों मनोज कुमार, पवन कुमार गौड़, जितेंद्र पाल सिंह, अजय रत्रा, , रमनदीप सिंह एवं कुलदीप शर्मा को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही सीबीएसई नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रतिभावान बच्चों कुम फातिमा, गुनीत कौर, नवरूप कौर, मनसीरत कौर, तनिष्का राणा, अंशिका यादव एवं साधना गंगवार को मंच से सम्मानित कर उनकी हौसलाअफजाई की गई। मैदान और पिच को बेहतरीन स्वरूप देने वाले मुख्य पिच क्यूरेटर रामू भाई सहित पूरी ग्राउंड्समैन टीम राधेश्याम, अयोध्या प्रसाद, महेंद्र, हरेंद्र, देव तिवारी, पूरण लाल, वेद प्रकाश, देवेंद्र, रामगोपाल और विवेक को भी उनके अथक परिश्रम के लिए स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संघ द्वारा उत्कृष्ट मैदान उपलब्ध कराने के लिए ललित हरी शुगर फैक्ट्री के स्वामी संदीप चंद्रा एवं बैनर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक परविंदर सिंह सहमी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में अमूल्य सहयोग देने वाले प्रमुख सहयोगी व प्रायोजक अवनीश कौशिक, ज्योति तलवार, शांतनु कंचन, संजय सहगल, वेद प्रकाश कश्यप, अर्चित गंगवार, हर्ष कंचन, अभिजीत सिंह और चरन दीप सिंह बल का हृदय से धन्यवाद करते हुए उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। इस पूरे भव्य आयोजन को सफल बनाने में पीलीभीत वेटरन्स क्रिकेट संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह यादव, ज्योति तलवार, सोहेल वख्स , राहुल गजवानी, अमित गुप्ता, संतोष शर्मा और स्वतंत्र देवल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैदान में उपस्थित हजारों खेल प्रेमियों व दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेताओं का उत्साहवर्धन किया साथी लखीमपुर वेटरेन्स क्रिकेट संघ के चेयरमैन अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहे और पीलीभीत वेटरन्स टीम को इस ऐतिहासिक व रोमांचक जीत की हार्दिक बधाई दी।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग के द्वारा अनुदान पर वितरित यंत्रों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन

पीलीभीत। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र खरीदने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए 2 नवंबर 2026 को अपराह्न दो बजे गोमती सभागार, विकास भवन पीलीभीत में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष चयन प्रक्रिया आयोजित होगी। कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से 28 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के क्रम में वर्ष 2026-27 के लिए प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्र खरीदने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने जनपद के सभी संबंधित किसान भाइयों से अपील की है कि जिन्होंने कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है, वे 2 नवंबर को अपराह्न दो बजे गोमती सभागार, विकास भवन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि उनकी मौजूदगी में ई-लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके। उन्होंने बताया कि ई-लॉटरी के दौरान अनुपस्थित रहने वाले किसानों को चयन प्रक्रिया के प्रति सहमत माना जाएगा। ऐसी स्थिति में यह मानते हुए प्रक्रिया पूरी की जाएगी कि संबंधित किसान को ई-लॉटरी से किए गए चयन पर कोई आपत्ति नहीं है। कृषि विभाग ने सभी आवेदक किसानों से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नूरानपुर मुड़िया मठ का किया निरीक्षण

पीलीभीत। मुख्यमंत्री के संभावित आगमनध्भ्रमण के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से नूरानपुर मुड़िया मठ पहुंचकर स्थल का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी आवश्यक प्रबंधों का बारीकी से जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक के साथ कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग तथा रूट डायवर्जन को लेकर बिंदुवार चर्चा की और संबंधित को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कार्यक्रम हेतु तैयार किए जा रहे पंडाल, बैठने की व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया गया व संबंधित अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेयजल,पार्किंग साफ-सफाई, मोबाइल शौचालय और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं (एंबुलेंस) की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित समस्त संबंधित को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्व और उच्च मानकों के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू और निर्विघ्न बनी रहें।

राज्यसभा सांसद के द्वारा आवास पर की जनसुनवाई

पुवायां शाहजहांपुर। पुवायां स्थित कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई में क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार के द्वारा आज अपने आवास पर जनसुनवाई की गई उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना, हर पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करना तथा क्षेत्र की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु निरंतर कार्य करना हमारी प्रतिबद्धता है। जनसेवा ही हमारा संकल्प है और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता।

कौशिक विजडम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शुभारंभ

पीलीभीत। कौशिक विजडम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शुभारंभ - जैम ठमहपददपदह व ळसवतल शनिवार, 31 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल (आईपीएस) रहीं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव में प्ले ग्रुप से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, वेलकम डांस, कलर्स ऑफ इंडिया, हवाईयन डांस, मणिपुरी नृत्य, कव्वाली और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा विद्यार्थियों ने अंग्रेजी नाटक सक्सेस और कार्टून शो के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों को अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि नताशा गोयल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने आयोजन की सफलता पर शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



सफारी सत्र शुरू, लेकिन बदहाल सड़कों और स्वास्थ्य सुविधाओं पर उठे सवाल

पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन एवं सफारी सत्र का शुभारंभ हो गया है। इससे जनपद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि, पर्यटन सत्र शुरू होने के साथ ही जनपद की बुनियादी व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए क्या संबंधित विभागों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं? टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों को सफारी क्षेत्र तक पहुंचने के लिए कई प्रमुख मार्गों से गुजरना पड़ता है। पीलीभीत-माधोटांडा, पीलीभीत-खटीमा और पूरनपुर-खटीमा मार्गों की स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई है। विशेष रूप से खटीमा-पूरनपुर मार्ग के जंगल क्षेत्र में जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। कई सड़कों पर सफेद पट्टियां घास और झाड़ियों से ढकी हुई हैं, जिससे आवागमन में परेशानी और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सफारी क्षेत्र के नजदीक स्थित सीएचसी माधोटांडा में 24 घंटे पर्याप्त चिकित्सक, दवाइयां, एंबुलेंस और आपातकालीन उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित होना जरूरी है। जंगल में दुर्घटना, सर्पदंश या वन्यजीवों के हमले जैसी घटनाओं में समय पर चिकित्सा सहायता मिलना बेहद महत्वपूर्ण है। इसके अलावा दमकल विभाग को जंगल और पर्यटन क्षेत्र में आगजनी से निपटने, यातायात पुलिस को पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही नियंत्रित करने तथा जिला पंचायत और स्थानीय निकायों को स्वच्छता, प्रकाश और अन्य जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि जब पर्यटन सत्र की तारीख पहले से निर्धारित थी, तो संबंधित विभागों ने समय रहते अपनी तैयारियां क्यों पूरी नहीं कीं? पर्यटन की जिम्मेदारी केवल वन विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि लोक निर्माण, स्वास्थ्य, दमकल, यातायात और अन्य विभागों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। इस संबंध में मांग की गई है कि जिलाधिकारी सभी संबंधित विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक बुलाकर पर्यटन मार्गों, स्वास्थ्य सेवाओं, अग्निशमन, यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कराएं। साथ ही कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व जनपद की पहचान और हजारों लोगों की आजीविका से जुड़ा है। पर्यटन को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन पर्यटकों की सुरक्षा और स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उद्देश्य पर्यटन का विरोध करना नहीं, बल्कि इसे सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है। ''सफारी का सत्र शुरू हो चुका है, अब जनपद की बुनियादी व्यवस्थाओं को भी पटरी पर लाने की जरूरत है।''

थाना न्यूरिया पुलिस ने अभियुक्त को 3.550 किलोग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

पीलीभीत। थाना न्यूरिया पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को 3.550 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, रविवार 1 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि मझौला-धनकुना मार्ग पर एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर जा रहा है। सूचना पर पहुंची न्यूरिया पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सतीश पुत्र लक्ष्मीकांत को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3.550 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कस्बा मझौला स्थित लाइसेंसी भांग की दुकान पर सेल्समैन के रूप में काम करता था। आरोप है कि वह भांग की दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजे की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। वहीं, मामले को लेकर संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त कराने के लिए आबकारी विभाग को पत्राचार किया गया है। विभाग की ओर से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, उपनिरीक्षक मनीष चैरसिया, हेड कांस्टेबल विकास और कांस्टेबल रीनू शामिल रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

सीलबन्द निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सी को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा एकता सरोवर पार्क में कैंटीन, वाटर कूलर, प्रसाधन का संचालन एवं अनुरक्षण पार्क पार्किंग नौका बिहार के 05 वर्ष के लिए संचालन हेतु दिनांक 28/10/26 से दिनांक 03/11/26 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करायी जाती हैं। जो कि दिनांक 04/11/26 समय सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सी की उपस्थिती में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी।

क्रम सं०	कार्य का नाम	न्यूनतम आगणन धनराशि	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य
1	एकता सरोवर पार्क में कैंटीन, वाटर कूलर, प्रसाधन का संचालन एवं अनुरक्षण पार्क पार्किंग नौका बिहार	231725/-	25,000/-	275/-

नोटः-उपरोक्त से सम्बन्धित शर्ते पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पीलीभीत

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Indian Overseas Bank (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

क्षेत्रीय कार्यालय-लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय-चेन्नई

ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी-अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्ति का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, सपठित नियम 8(6)/9(1) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के प्रावधानों के आधार पर अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत बैंक बंधक अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी

यह सूचना आम तौर पर जनता के लिए और विशेष रूप से **ऋणी(ओं), बंधककर्ता(ओं), ज़मानतकर्ता(ओं), निदेशकों व कानूनी उत्तराधिकारियों** को दी जाती है, कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/भारित है, प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) द्वारा सम्पत्ति का सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा लिया जा चुका है, के द्वारा **"जहाँ है जैसा है", "जैसा है जो है"** और **"जो कुछ भी है"**, के आधार पर उपरोक्त लिखित दिनांक को **ऋणी (ओं), बंधककर्ता(ओं), ज़मानतकर्ता(ओं), निदेशकों व कानूनी उत्तराधिकारियों** की सम्पत्ति की बिक्री कर उल्लिखित बकाया धनराशि व भविष्य के ब्याज एवं अन्य खर्चें जो कि इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) को वसूल करना है। आरक्षित मूल्य व ईएमडी धनराशि निम्नलिखित है। ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://baanknet.com** के प्लेटफार्म पर सम्पन्न होगी।

क्र सं.	ऋणी/ज़मानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं/का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण/कब्जे का प्रकार	बकाया धनराशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि	ई-नीलामी का दिनांक व समय	ई-नीलामी व सम्पत्ति के अधिक विवरण के लिए क्यूआर कोड
	शाखा-शाहजहाँपुर शाखा, 61 गाटुका लॉज, गोविंदगंज, शाहजहाँपुर - 242001 फोन नं. 8925952801, ई-मेलः iob2801@iob-in						
1.	**ऋणी-: राहुल गुप्ता पुत्र मंगल सेन गुप्ता,** मोहल्ला मोहम्मद जाई, मकान संख्या 29, कच्चा कटरा, शाहजहाँपुर- 242001 (उ.प्र.)	आवासीय संपत्ति राहुल गुप्ता पुत्र मंगल सेन गुप्ता के नामपर, स्थित मोहल्ला सिंजई, तहसील सदर, शाहजहाँपुर, **क्षेत्रफल 85.50 वर्ग मी.,** उप-पंजीयक कार्यालय, शाहजहाँपुर में बुक सं. 1, जिल्द सं. 15373, पृष्ठ सं. 191 से 208, क्रम सं. 12493, दिनांक 27.07.2022 को पंजीकृत **चौहद्दी-:पूर्वः**उग्रसेन गुप्ता का मकान, **पश्चिमः** मजार, **उत्तरः**कनोजिया हॉस्पिटल से गर्रा फाटक तक जाने वाली चौड़ी सड़क, **दक्षिणः** 10 फीट चौड़ी सर्वबंद गली संपत्ति का विस्तृत विवरण विक्रय विलेख में वर्णित है, जो उप-पंजीयक कार्यालय, शाहजहाँपुर में पुस्तक सं. 1, जिल्द स. 15373, पृष्ठ सं. 191 से 208, क्रम सं.12493, दिनांक 27.07.2022 को पंजीकृत है। **(कब्ज़े का प्रकार-सांकेतिक)**	रू. **16,51,697.11** दिनांक 29.10.2026 तक + भविष्य की लागत ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चें	रू. 48,34,200/- रू. 4,83,420/- रू. 25,000/-	**दिनांक 18.11.2026 सायं 04:00 बजे तक**	**दिनांक 19.11.2026, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, (बिक्री सम्पन्न होने तक प्रत्येक 10 मिनट का स्वतः विस्तार)**	
2.	**ऋणी- रजनी गुप्ता, पत्नी योगेश,** स्थायी पता- हथौड़ा बुजुर्ग, ब्रज बिहार कॉलोनी, शाहजहाँपुर-242001, उ.प्र. पत्राचार का पता- हथौड़ा बुजुर्ग, ब्रज बिहार कॉलोनी, शाहजहाँपुर-242001, उ.प्र. कार्यालय का पता-हथौड़ा बुजुर्ग, ब्रज बिहार कॉलोनी, शाहजहाँपुर-242001, उ.प्र. **ज़मानतकर्ता- अरविंद गुप्ता पुत्र वेद प्रकाश गुप्ता,** स्थायी पता- मोहल्ला, खिरनीबाग, शाहजहाँपुर, उ.प्र. -242001 पत्राचार का पता-मोहल्ला, खिरनीबाग, शाहजहाँपुर, उ.प्र. -242001 कार्यालय का पता-मोहल्ला, खिरनीबाग, शाहजहाँपुर, उ.प्र. -242001	आवासीय संपत्ति अरविंद कुमार गुप्ता के नाम , गाटा संख्या 517 का भाग, स्थित ग्राम- हथौड़ा बुजुर्ग, परगना एवं तहसील- सदर, जिला- शाहजहाँपुर, **क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर**, जो उप निबंधक-सदर, जिला- शाहजहाँपुर कार्यालय में दिनांक 04.03. 2017 को पंजीकृत विक्रय विलेख, बही स.।, खंड 10556, पृष्ठ सं. 345-376, क्रमांक 1489 में दर्ज **विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दी-:उत्तर-** श्री वेद प्रकाश गुप्ता की आराजी, **दक्षिण-** मिशन का प्लॉट, **पूर्व-** रास्ता कच्चा 14'0'' चौड़ा, **पश्चिम-** श्री योगेश गुप्ता की आराजी **स्थल के अनुसार चौहद्दी-:उत्तर-**श्री वेद प्रकाश गुप्ता की आराजी, **दक्षिण-** मिशन का प्लॉट, **पूर्व-** रास्ता कच्चा 14'0'' चौड़ा, **पश्चिम-** श्री योगेश गुप्ता की संपत्ति उप निबंधक-सदर, जिला- शाहजहाँपुर कार्यालय में दिनांक 04.03.2017 को पंजीकृत विक्रय विलेख, बही संख्या-।, खंड 10556, पृष्ठ संख्या 345-376, क्रमांक 1489 में अधिक विवरण वर्णित है। **(कब्ज़े का प्रकार-सांकेतिक)**	रू. **14,21,647.24** दिनांक 29.10.2026 तक + भविष्य की लागत ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चें	रू. 5,60,000/- रू. 56,000/- रू. 10,000/-	**दिनांक 18.11.2026 सायं 04:00 बजे तक**	**दिनांक 19.11.2026, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, (बिक्री सम्पन्न होने तक प्रत्येक 10 मिनट का स्वतः विस्तार)**	

खाता विवरण-इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, खाता का नाम-Sarfaesi Sale Parking Account, खाता सं.: 28010113035001, IFSC Code: IOBA0002801

***Bank's dues have priority over the Statutory dues.**
नियम व शर्तो के अधिक जानकारी के लिए कृपया सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** अथवा बैंक की वेबसाइट **http://www.iob.in** का अवलोकन करें।
उपरोक्त सम्पत्ति निरीक्षण अथवा सम्पत्ति मे भाग लेने के लिए अथवा रूचि लेने वाले खरीद्दार कृपया उल्लिखित सम्बंधित शाखा प्रबंधक/प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

दिनांकः 30.10.2026 स्थानः शाहजहाँपुर प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

सुभाषित

गरीबी दैवी अभिशाप नहीं, बल्कि मानवरचित षडयन्त्र है।

❐ महात्मा गांधी

बैंकोंमें सुधारको गति

भारतको वर्ष २०४७ तक विकसित राष्ट्र बनानेका लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशामें बहुआयामी सुधारोंके लिए सक्रियता बढ़ा दी गयी है। इसी क्रम में बैंकिंग क्षेत्रमें व्यापक सुधारके एजेण्डेको प्राथमिकता दी गयी है। भारतके बैंकिंग क्षेत्रमें सुधारकी दिशा अब केवल बैंकोंकी वित्तीय स्थिति सुधारनेकी तक सीमित नहीं है। विकसित भारतकी जरुरतोंके अनुरूप बैंकिंग व्यवस्थाको अधिक सक्षम, वैश्विक स्तरपर प्रतिस्पर्धा, डिजिटल, सुरक्षित और समावेशी बनानेकी तैयारी स्वागतयोग्य है। शुक्रवार ३० अक्तूबरको वित्त मंत्रालयने एक उच्चस्तरीय बैठक आहूत की जिसमें बैंकिंग क्षेत्रमें सुधारके एजेण्डेपर गहन मंत्रणा हुई। उसी दिन भारतीय रिजर्व बैंकने भी गवर्नर संजय मेहरोत्राकी अध्यक्षतामें केन्द्रीय बोर्डकी बैठक की, जिसमें बैंकिंग क्षेत्रमें सुधार मुख्य मुद्दा रहा। केन्द्र सरकार और रिजर्व बैंक मिलकर बैंकिंग क्षेत्रको २०४७ तक विकसित भारतके लक्ष्यसे जोड़नेकी दिशामें आगे बढ़ रहे हैं। वस्तुत: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब २०२६-२७ का बजट संसदमें प्रस्तुत किया था तभी उन्होंने उच्च स्तरीय समिति बनानेकी भी घोषणा की थी। केन्द्र सरकार यह भी चाहती है कि विश्वके शीर्ष पांच बैंकोंमें कम से कम एक भारतीय बैंक भी उसमें शामिल हो। सुधारका नया चरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ वर्षोंमें सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकोंकी स्थितिमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वित्तवर्ष २०२५-२६ में इन बैंकोंका संयुक्त लाभ १.९८ लाख करोड़ रुपयेपर पहुंच गया और सकल एनपीए १.९३ प्रतिशतके ऐतिहासिक निचले स्तरपर आ गया है। सरकारका नया एजेण्डा इसी परिवर्तनको दर्शाता है कि संकटसे उबरने वाली बैंकिंग से विकासको गति देने वाली बैंकिंगकी ओर ले जानेको हम संकल्पित हैं। इसके साथ ही वैश्विक स्तरपर बैंकको मजबूत बनाना, बैंकिंगमें पूंजी की उपलब्धता, एआई और डिजिटल बैंकिंगसे जुड़े अनेक विषय भी सुधारके क्षेत्रमें आते हैं। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकोंकी कार्यप्रणालीमें उल्लेखनीय सुधार करनेकी जरुरत है। बैंकोंकी स्वायत्तताके साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित करना है। कृषि, छोटे उद्योग, स्टार्टअप, महिला उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्थापर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा। ग्राहक सुरक्षा सबसे बड़ा सुधारका क्षेत्र है। सुधारकी दिशामें अनेक चुनौतियां भी हैं, जिनपर विशेष ध्यान देना होगा तभी हम भारतीय बैंकोंको विकसित भारतके लक्ष्यके अनुरूप बना सकेंगे।

सराहनीय उपलब्धि

अन्तरिक्षमें लगातार बढ़ती भारतकी ताकत हर देशवासीके लिए गर्वकी बात है। भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संघटन (इसरो) का शुक्रवार देर रात नौवहन उपग्रह 'एनवीएस-०३' का सफल प्रक्षेपण और निर्धारित कक्षामें स्थापित किया जाना इसका प्रमाण है। इसीके साथ अब भारतके पास कक्षामें चार नेविगेशन उपग्रह हो गये जो इसरोकी बड़ी उपलब्धि है। इसरो अध्यक्ष बी.नारायणन के अनुसार बेहतर पोजीशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग सेवाओंके लिए कमसे कम चार उपग्रहोंकी आवश्यकता होती है, जिसे इस प्रक्षेपणके बाद भारतने हासिल कर लिया। इससे लोकेशन-नेविगेशन सुविधाएं मजबूत होंगी। अन्तरिक्ष में 'नाविक' के इनचार उपग्रहोंने भारतकी 'दृष्टि' को नयी रोशनी दी है। 'नाविक' के इन चार उपग्रहोंसे १०,४०० रेल इंजन और ६४ हजार मछली पकड़ने वाली नौकाओंकी निगरानीकी जा सकेगी। 'नाविक' जीपीएसका भारतीय संस्करण है जिसका दायरा १,५०० किलोमीटर तक फैला है। तकनीकी बाधाओंसे बचनेके लिए एनवीएस-०३ उपग्रहके तीन पाइरो वाल्व खुले रखकर भेजा गया है, क्योंकि २०२५ में प्रक्षेपित एनवीएस श्रृंखलाका दूसरा उपग्रह एनवीएस-०२ मिशन असफल हो गया था। पाइरो वाल्व अन्तरिक्षयानकी प्रोपल्शान सिस्टमका एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं जो तकनीकी बाधाओंको नियंत्रित करते हैं। इसरो अब अगले पांच महीनेमें एनवीएस-०४ और अगले दस महीनोंमें एनवीएस-०५ का प्रक्षेपण करनेकी तैयारी कर रहा है ताकि उपग्रह समूहको मजबूत किया जा सके। यह इसलिए भी जरूरी है कि निर्बाध सेवाएं और सटीक स्थिति निर्धारण सुनिश्चित करनेके लिए कक्षामें सात उपग्रहोंको तैनात करना होगा। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने इस प्रक्षेपणकी सफलतापर इसरोके वैज्ञानिकों और इंजीनियरोंको बधाई दी है। इससे भारतीय उपमहाद्वीपमें सामरिक और नागरिक सेवाओंके लिए लोकेशन और नेविगेशन सुविधाएं मजबूत होंगी। इसकी सराहना की जानी चाहिए।

लोक संवाद

एकताकी भावना

महोदय,-भारतमें बहुतसे महापुरुष हुए। इन महापुरुषोंने भारतको ही नहीं, बल्कि दुनियाको अच्छे मार्गपर ले जानेके लिए बहुतसे काम किये और दुनियाके लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषोंमेंसे एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकताकी भावनाको बढ़ानेके रूपमें भी मनाया जाता है, जो कि ३१ अक्तूबरको होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेलने देशको आजाद करवानेके साथ-साथ देशकी एकताको मजबूत करनेमें मुख्य भूमिका निभायी थी। इन्होंने किसानोंको उनका हक अंग्रेजोंसे दिलानेके लिए काम किये थे। सरदार वल्लभ भाई पटेलको आज भी जिस मुख्य कार्यके लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतोंका एकीकरण। आज भारतको उनके विचारोंको कार्यरूप देनेकी जरूरत है। **- राजेश, वाया ईमेल।**

गहरी होती सामाजिक विषमता की खाईं

दुनिया आज ऐसे विरोधाभासके दौरसे गुजर रही है, जहां एक ओर विकास और आधुनिकताके नये कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय विनाशकी चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। प्रश्न यह है कि जब दुनियाके पास पर्याप्त संसाधन हैं, तब भी करोड़ों लोग जीवनकी बुनियादी आवश्यकताओंके लिए संघर्ष क्यों कर रहे हैं।

❐ ललित गर्ग

अंतरराष्ट्रीय संस्था ऑक्सफैमकी रिपोर्ट डिजास्टर डिवाइड इसी प्रश्नका एक असहज, किन्तु विचारोत्तेजक उत्तर प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट केवल प्रकृतिकी नाराजगी नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता, अनियंत्रित उपभोग और संसाधनोंपर मुट्ठीभर लोगोंके बढ़ते नियंत्रणका परिणाम भी है। दुनियाकी लगभग ८० लाख आबादी वाले सबसे धनी ०.१ प्रतिशत वर्गकी जीवनशैली और निवेशसे होने वाला कार्बन उत्सर्जन करोड़ों नहीं, अरबों लोगोंके जीवनको प्रभावित कर रहा है। रिपोर्टके अनुसार यह वर्ग दुनियाके सबसे गरीब ४४ प्रतिशत लोगोंकी तुलनामें अधिक कार्बन प्रदूषणके लिए जिम्मेदार है। यह असमानता केवल आंकड़ोंका अन्तर नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनताका ऐसा दस्तावेज है, जिसमें कुछ लोगोंकी विलासिताकी कीमत पूरी मानवता चुका रही है। निजी विमान, विशाल नौकाएं, अत्यधिक ऊर्जा खपत और प्रदूषणकारी उद्योगोंमें निवेश आधुनिक अमीरीके प्रतीक बन गये हैं, जबकि दूसरी ओर गरीब आबादी स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी और दो वक्तकी रोटीके लिए संघर्ष कर रही है। सवाल यह नहीं कि किसी व्यक्तिके पास कितनी संपत्ति है, बल्कि यह है कि उसकी संपन्नताका सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्य कौन चुका रहा है इस संकटका सबसे भयावह पक्ष यह है कि जलवायु आपदाएं भी अमीर और गरीबके बीच भेदभाव करने लगी हैं।



ऑक्सफैमकी 'डिजास्टर डिवाइड' रिपोर्ट दुनियाके सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकासका अर्थ कुछ लोगोंकी असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवताकी बढ़ती विवशता है। पृथ्वी किसी एक वर्गकी जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनोंपर किसी मुट्ठीभर लोगोंका एकाधिकार हो सकता है। याद रखना होगा कि जब समाजमें विषमताकी खाईं बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोषकी आग सीमाओंमें नहीं बंधती। धरतीको बचाना है तो विकासकी दिशा बदलनी होगी, समृद्धिको संवेदनासे जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्थाको मानवताके प्रति जवाबदेह बनाना होगा।

बाढ़ एक ही समयमें अमीरकी आलीशान कोठी और गरीबकी झोपड़ीतक पहुंचती है, लेकिन दोनोंके परिणाम अलग होते हैं। अमीर सुरक्षित स्थानोंपर चले जाते हैं, बीमा और आधुनिक सुविधाओंसे नुकसानकी भरपाई कर लेते हैं, जबकि गरीब अपना घर, खेत, पशुधन और आजीविका गंवाकर वर्षों पीछे चला जाता है। ऑक्सफैमके अनुसार, अधिक आर्थिक असमानता वाले देशोंमें बाढ़से होने वाली मौतें सात गुनातक अधिक होती हैं। इतना ही नहीं, रिपोर्ट बताती है कि दुनियाके सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगोंका उत्सर्जन भविष्यमें लगभग १९ लाख अतिरिक्त गर्मी-संबंधी मौतोंका कारण बन सकता है। इनमें ७८ प्रतिशत मौतें निम्न एवं निम्न-मध्यम आय वाले देशोंमें होनेका अनुमान है। आर्थिक असमानताका यह अंतर केवल पर्यावरणतक सीमित नहीं है। जब समाजमें संसाधनों, अवसरों और अधिकारोंका वितरण अन्यायपूर्ण हो जाता है, तब असंतोष जन्म लेता है। बेरोजगारी, महंगी, खाद्य संकट, जल संकट और विस्थापन सामाजिक तनावको बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे यही तनाव आक्रोश, विद्रोह, अपराध, सामुदायिक संघर्ष और हिंसाका रूप ले सकता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक हिंसाके पीछे केवल अमीरी-गरीबीका अंतर है, लेकिन जब विकासका लाभ सीमित हाथोंमें सिमटता है और संकटका बोझ बहुसंख्यक आबादीपर पड़ता है, तब सामाजिक शांतिकी नींव कमजोर होना स्वाभाविक है। विडंबना यह है कि कुछ बड़े निवेशक पहले प्रदूषणकारी उद्योगोंसे मुनाफा कमाते हैं और फिर उन्हीं आपदाओंसे निबटने, सफाई तथा पुनर्निर्माणके कारोबारमें लाभ अर्जित करते हैं। ऑक्सफैमका 'डिस्ट्रॉय एंड रीबिल्ड इंडेक्स' २१७ कम्पनियोंके माध्यमसे इसी दोहरे मुनाफेकी पड़ताल करता है। यह सचमुच ऐसी व्यवस्थापर प्रश्नचिह्न है, जहां किसीके लिए आपदा भी अवसर बन जाती है और किसीके लिए जीवनभरका अभिशाप।भारतके संदर्भमें यह चेतावनी और भी गम्भीर है। भारतकी विशाल आबादीका बड़ा हिस्सा कृषि, निर्माण, छोटे व्यवसायों और असंघटित क्षेत्रपर निर्भर है। किसान अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और तापमान वृद्धिसे जूझ रहा है। मजदूर भीषण गर्मीमें काम करनेको विवश है और महानगरोंकी झुग्गी-बस्तियोंमें रहने वाले परिवार जलभराव तथा गर्मीकी दोहरी मार झेल रहे हैं। विश्व बैंकके अनुसार भारतकी ८० प्रतिशतसे अधिक आबादी ऐसे जिलोंमें रहती है जो जलवायु परिवर्तनसे उत्पन्न आपदाओंके जोखिममें हैं। वहीं, देशके ५७ प्रतिशत जिलोंमें रहने वाली लगभग ७६ प्रतिशत आबादी अत्यधिक गर्मीके उच्च या बहुत उच्च जोखिमका सामना कर रही है। भारतके लिए चुनौती केवल आर्थिक विकासकी गति बढ़ाना नहीं, बल्कि विकासको न्यायपूर्ण, समावेशी और पर्यावरणके अनुकूल बनाना है। विकसित भारत २०४७ का स्वप्न तभी सार्थक होगा, जब विकासकी चमक अंतिम पंक्तिमें खड़े व्यक्तिके जीवनतक पहुंचे। यदि एक ओर महानगरोंमें विलासिता और उपभोगके नये कीर्तिमान बनें और दूसरी ओर गांवोंमें किसान पानी, बिजली और आजीविकाके लिए संघर्ष करता रहे तो विकासकी तस्वीर अधूरी ही रहेगी। विश्वगुरु बननेकी आकांक्षा रखने वाले भारतको दुनियाके सामने यह उदाहरण प्रस्तुत करना होगा कि आर्थिक समृद्धि और प्रकृतिके संरक्षणके बीच संतुलन संभव है। इसके लिए कुछ बुनियादी प्राथमिकताएं आवश्यक हैं। संपन्न वर्ग और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगोंकी जवाबदेही तय हो, विलासितापूर्ण उपभोगपर उचित कर व्यवस्था बने, स्वच्छ ऊर्जाको प्रोत्साहन मिले और जल, जंगल तथा जमीनके संरक्षणको विकासकी अनिवार्य शर्त बनाया जाय। साथ ही जलवायु आपदाओंसे प्रभावित किसानों, मजदूरों और कमजोर समुदायोंके लिए सामाजिक सुरक्षा, बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा पुनर्वासकी प्रभावी व्यवस्था हो। विकासका लाभ केवल पूंजीके स्वामियोंतक सीमित न रहे, बल्कि श्रम करने वाले हाथोंतक भी पहुंचे।भारतकी सांस्कृतिक चेतनामें 'सर्वे भवन्तु सुखिन:', 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'अपरिग्रह' जैसे जीवन-मूल्य सदियोंसे प्रतिष्ठित रहे हैं। महात्मा गांधीका 'सादा जीवन, उच्च विचार' केवल व्यक्तिगत आचरणका संदेश नहीं, बल्कि संसाधनोंके विवेकपूर्ण उपयोग और सामाजिक उत्तरदायित्वका दर्शन है। जैन दर्शनका अपरिग्रह भी यही सिखाता है कि आवश्यकतासे अधिक संग्रह अंतत: समाजमें असंतुलन पैदा करता है। प्रकृति हमारी संपत्ति नहीं, आने वाली पीढ़ियोंकी धरोहर है। अंतत: ऑक्सफैमकी 'डिजास्टर डिवाइड' रिपोर्ट दुनियाके सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकासका अर्थ कुछ लोगोंकी असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवताकी बढ़ती विवशता है। पृथ्वी किसी एक वर्गकी जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनोंपर किसी मुट्ठीभर लोगोंका एकाधिकार हो सकता है। आज आवश्यकता अमीरीको अपराध माननेकी नहीं, बल्कि अमीरीके साथ जवाबदेही जोड़नेकी है। याद रखना होगा कि जब समाजमें विषमताकी खाईं बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोषकी आग सीमाओंमें नहीं बंधती। धरतीको बचाना है तो विकासकी दिशा बदलनी होगी, समृद्धिको संवेदनासे जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्थाको मानवताके प्रति जवाबदेह बनाना होगा। क्योंकि जिस विकासमें प्रकृति सुरक्षित नहीं और मनुष्य सम्मानित नहीं, वह विकास नहीं, विनाशकी प्रस्तावना है।

आदिवासियोंके अस्तित्वका संकट

विकास किसी भी देशकी प्रगतिका आधार होता है, लेकिन विकासकी राहमें जब लोगोंके घर, संस्कृति और प्राकृतिक विरासत दांवपर लगने लगें, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर विकास किसके लिए किया जा रहा है।

❐ महेन्द्र तिवारी

अरुणाचल प्रदेशकी सियांग नदीपर प्रस्तावित विशाल जलविद्युत परियोजनाको लेकर उठ रहा विरोध इसी सवालको हमारे सामने रखता है। एक ओर सरकार इसे बिजली उत्पादन, जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितोंसे जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना मानती है तो दूसरी ओर स्थानीय आदिवासी समुदायोंको अपनी पुश्तैनी जमीन, आजीविका और सांस्कृतिक पहचान खोनेका भय सता रहा है। अरुणाचल प्रदेशके सियांग क्षेत्रमें प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजनाकी क्षमता ११,२०० मेगावाट बतायी गयी है। यह भारतकी सबसे बड़ी प्रस्तावित जलविद्युत परियोजनाओंमेंसे एक है। राष्ट्रीय जलविद्युत निगमको इससे संबंधित प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययनकी जिम्मेदारी दी गयी है। सरकारका तर्क है कि इस परियोजनासे बड़े पैमानेपर बिजली उत्पादन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त नदीके जलका भंडारण और प्रवाहका नियमन करनेमें भी सहायता मिल सकती है। देशकी बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओंको देखते हुए ऐसी परियोजनाओंका महत्व नकारा नहीं जा सकता। लेकिन किसी परियोजनाकी उपयोगिता केवल उससे मिलने वाली बिजली या आर्थिक लाभसे तय नहीं होती। यह भी देखना आवश्यक है कि उसके निर्माणसे किन लोगोंको लाभ मिलेगा और किन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। सियांग घाटीमें रहने वाले आदि समुदायके लोगोंकी आशंकाएं इसी बिन्दुसे जुड़ी हैं। स्थानीय संघटनोंके अनुसार प्रस्तावित जलाशयके कारण २७ गांव डूब सकते हैं और अनेक अन्य गांवोंपर भी प्रभाव पड़ सकता है। प्रभावित होने वाले परिवारोंके लिए यह केवल मकान बदलनेका मामला नहीं है, बल्कि अपनी पूरी जीवनशैलीसे बिछुड़नेका संकट है।आदिवासी समुदायोंका प्रकृतिके साथ संबंध सामान्य आर्थिक संबंधोंसे कहीं अधिक गहरा होता है। उनकी जमीनमें केवल खेत और मकान नहीं होते, बल्कि पीढ़ियोंकी स्मृतियां, पूर्वजोंकी विरासत और सामाजिक परम्पराएं भी जुड़ी होती हैं। नदी उनके लिए पानीका स्रोत भर नहीं होती, बल्कि जीवन और संस्कृतिका अभिन्न अंग होती है। सियांग नदीके आसपास रहने वाले अनेक लोगोंकी आजीविका खेती, बागवानी, पशुपालन और स्थानीय प्राकृतिक संसाधनोंपर निर्भर है। यदि उन्हें अपनी जमीन छोड़नी पड़ी तो उनके सामने रोजगार, भोजन, सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक निरन्तरतासे जुड़े अनेक प्रश्न खड़े हो सकते हैं। परियोजनाको लेकर पर्यावरणीय चिन्ताएं भी कम गम्भीर नहीं हैं। हिमालयका यह क्षेत्र भूकम्पकी दृष्टिसे संवेदनशील है। इतने बड़े बांधके निर्माणसे पहले भूगर्भीय संरचना, भूकम्पीय जोखिम, नदीके प्राकृतिक प्रवाह, वन्यजीवों और जैव विविधतापर पड़ने वाले प्रभावोंका गहन वैज्ञानिक अध्ययन आवश्यक है। बड़े जलाशयोंसे स्थानीय पारिस्थितिकीमें बदलाव आ सकता है। नदीके प्रवाहमें परिवर्तनका असर मछलियों, वनस्पतियों, कृषि और नदीपर निर्भर समुदायोंपर पड़ सकता है। हालांकि इन संभावित प्रभावोंकी वास्तविक सीमाका निर्धारण स्वतंत्र और विस्तृत वैज्ञानिक आकलनसे ही किया जा सकता है। इस विवादका एक महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय सुरक्षा भी है। तिब्बतमें चीन यारलुंग त्सांगपो नदीपर विशाल जलविद्युत परियोजना विकसित कर रहा है। यही नदी भारतमें प्रवेश करनेके बाद सियांग कहलाती है और आगे चलकर ब्रह्मपुत्र नदी प्रणालीका हिस्सा बनती है। चीनकी परियोजनाको लेकर भारतमें नदीके प्रवाह, जल प्रबंधन और संभावित रणनीतिक जोखिमोंपर चिन्ता व्यक्त की जाती रही है। ऐसेमें सियांगपर जल भंडारणकी भारतीय परियोजनाको राष्ट्रीय सुरक्षाके दृष्टिकोणसे भी देखा जा रहा है। फिर भी राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थानीय लोगोंके अधिकारोंको एक-दूसरेके विरोधमें खड़ा करना उचित नहीं होगा। देशकी सीमाओंकी सुरक्षा जितनी आवश्यक है, उतना ही जरूरी उन नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करना भी है जो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें रहते हैं। किसी परियोजनाका रणनीतिक महत्व अपने आपमें स्थानीय समुदायोंकी आशंकाओंको समाप्त नहीं कर देता। सरकारको यह स्पष्ट करना होगा कि परियोजनासे होने वाले सम्भावित लाभोंके साथ-साथ उसके सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमोंका समाधान किस प्रकार किया जायगा। अक्तूबर २०२६ में इस परियोजनाके विरोधने व्यापक रूप ले लिया है। स्थानीय संघटनों और युवाओंने सर्वेक्षण रोकने, गिरफ्तार कार्यकर्ताओंको रिहा करने तथा प्रभावित समुदायोंसे सार्थक बातचीत करनेकी मांग उठायी है। २३ अक्तूबरको पासीघाटमें विरोध प्रदर्शनके दौरान हिंसा और संपत्तिको नुकसान पहुंचनेकी घटनाएं भी सामने आयीं। हिंसा किसी समस्याका समाधान नहीं है और सार्वजनिक संपत्तिको नुकसान पहुंचाना उचित नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन विरोधके दौरान हुई हिंसाके कारण उन मूल सवालोंको भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, जिनके कारण स्थानीय लोगोंमें असंतोष पैदा हुआ है।सरकारका कहना है कि फिलहाल परियोजनाकी व्यवहार्यताका अध्ययन किया जा रहा है। सर्वेक्षणका अर्थ अंतिम निर्माण स्वीकृति नहीं है। तकनीकी दृष्टिसे यह अंतर महत्वपूर्ण है, लेकिन स्थानीय लोगोंकी आशंकाको भी समझना होगा। उनके लिए जमीनपर सर्वेक्षण और ड्रिलिंगकी शुरुआत भविष्यमें होने वाले बड़े बदलावोंकी आशंका पैदा करती है। इसलिए केवल यह कह देना पर्याप्त नहीं होगा कि अभी निर्माण शुरू नहीं हुआ है। सरकारको पारदर्शिताके साथ जानकारी साझा करनी चाहिए और स्थानीय लोगोंके प्रश्नोंका स्पष्ट उत्तर देना चाहिए। इस समस्याका समाधान संवाद, विश्वास और न्यायपूर्ण प्रक्रियामें छिपा है। परियोजनासे प्रभावित होने वाले प्रत्येक गांव और परिवारकी स्थितिका निष्पक्ष आकलन किया जाना चाहिए। पर्यावरणीय अध्ययन स्वतंत्र विशेषज्ञोंकी निगरानीमें हों और उनके निष्कर्ष सार्वजनिक किये जायं। स्थानीय समुदायोंकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित की जाय। यदि परियोजना आगे बढ़ती है तो पुनर्वास और मुआवजेकी व्यवस्था केवल आर्थिक भुगतानतक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रभावित परिवारोंकी आजीविका, सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक आवश्यकताओंको भी ध्यानमें रखना चाहिए। विकासका वास्तविक अर्थ केवल बांध बनाना, बिजली पैदा करना या आर्थिक आंकड़े बढ़ाना नहीं है। विकास वह है जो लोगोंके जीवनको बेहतर बनाये, उनकी गरिमाकी रक्षा करे और प्रकृतिके साथ संतुलन स्थापित करे। सियांग परियोजनाके सामने चुनौती यही है कि राष्ट्रीय हितों और स्थानीय अधिकारोंके बीच ऐसा रास्ता निकाला जाय जिसमें किसी एककी कीमतपर दूसरेको लाभ न मिले। नदीकी धाराको नियंत्रित करनेसे पहले उससे जुड़े लोगोंकी आवाज सुनना जरूरी है। आखिर किसी भी लोकतंत्रकी सफलता केवल उसकी बड़ी परियोजनाओंसे नहीं, बल्कि इस बातसे तय होती है कि वह अपने सबसे दूरस्थ क्षेत्रोंमें रहने वाले नागरिकोंकी चिन्ताओंको कितनी गम्भीरतासे सुनता है।

आत्मबोध

अपरिवर्तनशील धर्म

❐ जग्गी वासुदेव

पंद्रह हजार वर्ष पूर्व आदियोगीने पंचभूतके बारेमें बताया था। वह अपने पहले सात शिष्योंको बताते हैं कि संपूर्ण ब्रह्मांड केवल पांच तत्वोंका खेल है और यह हमारे शरीरमें किस अनुपातमें अपना खेल खेलते हैं और कैसे, यदि आप इनपर महारत हासिल कर लेते हैं तो एक तरहसे आप सृजनपर महारत हासिल कर लेते हैं। सृष्टिके एक तत्वपर महारत होनेसे भी आपकी उसतक सीधी पहुंच हो जाती है, जो सृजनका स्रोत है। जब इस विज्ञानको विस्तारमें बताया जा रहा था तो सप्तऋषि और पार्वती वहां उपस्थित थे। आदियोगी इसके पीछेकी बुद्धिमता बताते हुए कहते हैं सिर्फ चार चीजोंके साथ, आप ऐसे सूपको पका सकते हैं जिसे हम आज ब्रह्मांड कहते हैं। भौतिक रूपसे जो कुछ भी है, वह मुख्यत: चार तत्व हैं। आप अधिकांश समय पांचवें तत्वका अनुभव नहीं करते। यदि मैं आपको सिर्फ चार चीजें दूं तो क्या आप इनसे सांभर भी बना सकते हैं। सांभर बनानेके लिए भी आपको पचीस सामग्रियोंकी आवश्यकता होती है। यदि कोई चार चीजोंके साथ एक पूरे ब्रह्मांडको पका सकता है तो यह चकित कर देनेवाली बुद्धिमता है। आदियोगी इन तत्वोंपर महारत हासिल करनेके विज्ञान और तकनीकका वर्णन कर रहे थे। यह सात और एक (सप्तर्षि और पार्वती) यह सब सुन रहे थे और उन प्रदर्शनोंको देख रहे थे जो कि आदियोगी उनके लिए कर रहे थे। फिर उन्होंने कहा या तो आप इन सभी चीजोंमें महारत हासिल कर सकते हैं या आप इस बुद्धिमताके प्रति समर्पण कर सकते हैं और यह आपका हो जायगा। सातों लोग इसमें महारत हासिल करनेके लिए उत्साहित थे और पार्वतीने इसके प्रति समर्पण करने और इसे खुदका हिस्सा बनानेका फैसला किया। तो इन सातोंको काम करनेके लिए दूर भेज दिया गया। पार्वतीको वहीं रहने दिया गया, क्योंकि उन्होंने इस बुद्धिमताके आगे समर्पण कर दिया था और यह उनका एक हिस्सा बन गया। इन सातोंको ऋषिके रूपमें जाना गया और पार्वती देवी बन गयीं। मैं बात कर रहा हूं कि स्वयंको आगे कैसे बढ़ाया जाय! यदि आप इस बातकी गहनतामें पहुंच जाते हैं कि सब कुछ कैसे प्रकट हुआ है, भले ही आप यहां दस लाख सालोंतक रहें और लगातार अध्ययन करें, यह एक अंतहीन प्रक्रिया होगी। यह रोमांचक है, लेकिन यह एक अंतहीन प्रक्रिया है या आप बस इस अंतहीन प्रक्रियाको एक तरफ रख देते हैं और उस आयामको छूते हैं, जो इस सबका स्रोत है। यदि आप यह खेल खेलना चाहते हैं तो आप खुदको सृजनके तत्वोंके साथ शामिल करते हैं। यदि आप यह खेल नहीं खेलना चाहते हैं, यदि आप एक मैच फिक्सर हैं और सिर्फ जीतना चाहते हैं। आपको खेलमें कोई दिलचस्पी नहीं है, आप बस सफल होना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं, तब आप केवल उसीको स्पर्श करते हैं जो सृजनका स्रोत है। आपको तत्वोंमें खोनेकी जरूरत नहीं है।

विधान परिषद चुनाव नतीजोंके संकेत

❐ रोहित माहेश्वरी

उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्रकी २८ विधान परिषद सीटोंपर आये चुनावी नतीजोंने देशकी सियासतको कई महत्वपूर्ण और गहरे संकेत दिये हैं। चूंकि ये चुनाव मुख्य रूपसे शिक्षकों, स्नातकों (ग्रेजुएट्स) और स्थानीय निकायों द्वारा बैलेट पेपरके माध्यमसे चुने जाते हैं, इसलिए इनके राजनीतिक संदेश सीधे तौरपर प्रबुद्ध वर्ग, सरकारी कर्मचारियों और जमीनी संघटनकी मनोदशाको दर्शाते हैं। चूंकि ये चुनाव बैलेट पेपरसे हुए थे, इसलिए एनडीएकी इस जीतने विपक्षके उस नैरेटिवको बड़ा झटका दिया है जिसमें अक्सर ईवीएमपर सवाल उठाये जाते थे। भाजपाने इस नतीजेसे यह संदेश दिया है कि उसकी जीतका आधार जनताका समर्थन और मजबूत संघटन है, न कि वोटिंग मशीन। विधान परिषदके चुनावोंमें कांग्रेस 'बड़े शून्य' के धब्बेसे बच गयी। नागपुर स्नातक सीट जीतकर सभीको चौंका दिया। नागपुरकी जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएसका मुख्यालय है और केन्द्रीयमंत्री नितिन गडकरी यहांसे सांसद हैं। महाराष्ट्रके मुख्य मंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुरकी एक सीटसे विधायक हैं। क्या नागपुरमें स्नातक युवाओंपर संघ परिवारका मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है।उत्तर प्रदेशमें प्रधान मंत्री मोदीके चुनाव क्षेत्र वाराणसीमें शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टीने जीती हैं। इस सीटपर प्रधान मंत्रीकी सांसदके तौरपर जीतका अन्तर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपाकी नयी चिन्ता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपासे विमुख हो रहा है। आगरामें भी सपाका उच्च जातियोंके बीच समीकरण बैठाना यह संकेत देता है कि भाजपाके कोर वोटर व्यापारी वर्गके भीतर स्थानीय स्तरपर कुछ नाराजगी है जिसे दूर करना भाजपाके लिए बड़ी चुनौती होगा।लखनऊ केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंहका चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथका गृह-गढ़ है। लखनऊमें भाजपाकी पराजय हुई है और गोरखपुरमें 'दूसरी वरीयता' के स्तरपर मात्र ३०७ मतोंसे जीत पायी है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपाका गढ़ है। वहांसे भी सपाने जीत हासिल की है। उत्तर प्रदेशमें मार्च, २०२७ में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषदके चुनाव सीमित होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकारका प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेशसे कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजोंसे स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उत्तर प्रदेशमें आम विधानसभा चुनावसे पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेसने वाकई गठबंधनमें चुनाव लड़ा तो नतीजे अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। उत्तर प्रदेशमें कुल ११ सीटोंमेंसे भाजपाके हिस्से छह और सपाके हिस्से पांच सीटें आयी हैं। भाजपा पिछले चुनावकी तरह ही है, लेकिन सपाने दो सीटोंकी बढ़त बनायी है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपाके सामने चुनावी चुनौतियां हैं। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटकमें कांग्रेसका सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटोंपर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटकमें कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्य मंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरुमें पुट्टन्ना परिषदकी शिक्षक वर्ग सीटसे पांच बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषदके उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एसने छीन ली है। शेष तीनों सीटोंपर भाजपा विजयी रही है। यह २०२८ के विधानसभा चुनावके मद्देनजर 'बदलावका संकेत' है। बेंगलुरु शिक्षक सीट जैसे मजबूत गढ़में मुख्य मंत्रीके करीबीकी हारने यह संकेत दिया है कि पढ़े-लिखे मतदाता, शिक्षक और सरकारी कर्मचारी राज्य सरकारकी नीतियों (जैसे तबादले और भर्तियां)से नाराज हैं।महाराष्ट्रमें भाजपा-महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटोंपर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेसने तीन सीट जीतकर तमाम समीकरण बदल दिये और सत्ताके दावे ध्वस्त कर दिये। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के हिस्से एक-एक सीट ही आयी। बिहारमें एनडीएने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वे प्रशांत किशोरकी 'जनसुराज पार्टी' की एक सीटपर जीतको रोक नहीं पाये। फिलहाल सबसे संवेदनशील राज्य उत्तर प्रदेश रहा, जहां मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ आक्रामक प्रचार करनेमें जुटे हैं। विपक्षमें सपा-कांग्रेसकी सीटें अभी तय नहीं हो पायी हैं। तीसरे पक्षके तौरपर ओवैसी मुसलमानोंको लामबंद करके अपनी पार्टीका खाता खोलनेमें जुटे हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभामें कुल ४०३ सीटें हैं। यह चुनाव भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्तकी ही सरपरस्तीमें हुआ है। जो परिणाम सामने हैं और जिस तरह विपक्षने जीत हासिल की है, उससे 'वोट चोरी' का जुमला अब छोड़ देना चाहिए। यदि मनमर्जीकी मतदाता सूची बनायी जा सकती है तो कर्नाटक सरकार भी कर सकती थी और कुछ सीटें जीत सकती थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं होता। वोट चोरीका मुद्दा उछालनेके बाद विपक्ष और खासकर कांग्रेस सभी चुनाव हारी है, लेकिन अप्रत्याशित जीत भी दर्ज की गयी हैं। नतीजोंको समझनेसे पहले यह जानना जरूरी है कि ये किस तरहके चुनाव हैं। विधान परिषदकी स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रोंकी सीटोंपर होने वाले चुनाव बहुत सीमित क्षेत्रमें लड़े जाते हैं। इनमें हर नागरिक वोट नहीं डाल सकता। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रोंमें केवल योग्य स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रोंमें केवल योग्य शिक्षक ही वोट दे सकते हैं। इसलिए इन चुनावोंमें मतदान कम होता है और जीत-हारका अंतर अक्सर बहुत कम रहता है। देशके केवल छह राज्योंमें विधान परिषद है। ये राज्य हैं- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। विधान परिषदके सदस्योंका कार्यकाल छह सालका होता है। हर दो सालमें एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। यह व्यवस्था राज्यसभा जैसी है। आम तौरपर वही पार्टी या उम्मीदवार जीतता है, जो ज्यादासे ज्यादा मतदाताओंका पंजीकरण कराने और उन्हें वोट डालनेके लिए मतदान केन्द्रतक लानेमें सफल रहता है। समयके साथ इन चुनावोंमें धनबल और बाहुबलका महत्व भी बढ़ा है। विधान परिषद चुनावोंका वोटर आम विधानसभा जैसा नहीं होता। यहां मतदाता बेहद जागरूक होता है। नतीजोंने साफ कर दिया है कि प्रबुद्ध वर्ग केवल बड़ी पार्टीके नामपर वोट नहीं देता, बल्कि स्थानीय स्तरपर उम्मीदवारकी छवि, उसकी उपलब्धता और शिक्षको/कर्मचारियोंके मुद्दोंपर किये गये कामको प्राथमिकता देता है। ये परिणाम देशके राजनीतिक मूडका एक आंशिक लेकिन बेहद उपयोगी संकेतक हैं। संदेश साफ है कि जहां भाजपाको बड़े राज्योंमें अपनी पकड़ मजबूत रखनेके बावजूद स्थानीय नाराजगीसे बचनेके लिए संघटनमें सुधारकी जरूरत है, वहीं विपक्ष विशेषकर कांग्रेसको सत्ता वाले राज्योंमें भी अति-आत्मविश्वाससे बचकर जमीनी स्तरपर काम करनेकी आवश्यकता है।

पश्चिमी यूपी में सियासी हलचल तेज

सपा में शामिल हो सकते हैं दो पूर्व मंत्री

मनोज मिड्ढा

- साहब सिंह सैनी और चौधरी नीरपाल सिंह की सपा में वापसी की तैयारी, दिवाली के बाद हो सकती है औपचारिक घोषणा

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिमी यूपी की राजनीति में नए समीकरण बनने के संकेत मिल रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी और राष्ट्रीय लोकदल के खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी एवं पूर्व मंत्री चौधरी नीरपाल सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। दोनों नेताओं ने अमर उजाला से बातचीत में दिवाली के तुरंत बाद सपा में शामिल होने की बात कही है।

इन संभावित राजनीतिक बदलावों को भाजपा और रालोद के लिए चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, जबकि सपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना संगठन मजबूत करने का अवसर मिल सकता है।



साहब सिंह सैनी की सपा में वापसी के मायने

साहब सिंह सैनी की पहचान पश्चिमी यूपी में सैनी समाज के प्रमुख नेताओं में होती है। मुलायम सिंह यादव के दौर से सपा से जुड़े रहे सैनी ने अखिलेश यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी संभाली थी। जुलाई 2023 में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। अब उनकी दोबारा सपा में वापसी की चर्चा से क्षेत्रीय राजनीति में हलचल है।



उनकी संभावित वापसी को नकुड़ विधानसभा सीट से भी जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, 2027 के चुनाव में उन्हें नकुड़ से प्रत्याशी बनाए जाने का भरोसा दिया गया है। फिलहाल इस सीट से भाजपा के मुकेश चौधरी विधायक हैं। हालांकि टिकट को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

नीरपाल सिंह के जाने से रालोद को झटका संभव

चौधरी नीरपाल सिंह अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे हैं और सपा सरकार में राज्यमंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। अगस्त 2022 में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उन्हें खेल प्रोत्साहन प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। वर्तमान में वह प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी हैं। खेल जगत और युवाओं के बीच उनकी सक्रियता को देखते हुए रालोद में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। ऐसे में उनका सपा में जाना पार्टी के संगठनात्मक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। दोनों नेताओं के संभावित फैसले से पश्चिमी यूपी में सपा, भाजपा और रालोद के बीच राजनीतिक गतिविधियां तेज होने के आसार हैं। हालांकि इनके पार्टी में शामिल होने और आगामी चुनाव में भूमिका को लेकर अंतिम तस्वीर औपचारिक घोषणा के बाद ही स्पष्ट होगी।

जिलाधिकारी ने सरसावा शुगर मिल के पेराई सत्र का किया शुभारंभ

किसानों को असुविधा न होने देने और गन्ना भुगतान समयबद्ध कराने के दिए ६निर्देश



आज समाचार सेवा

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एवं नकुड़ विधायक प्रतिनिधि विकेश चौधरी ने रविवार को सरसावा स्थित शुगर मिल के पेराई सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मिल प्रबंधन और अधिकारियों को नए पेराई सत्र के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र किसानों की आर्थिक गतिविधियों से सीधे जुड़ा है। इसलिए मिल प्रबंधन किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। गन्ना तौल की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रखी जाए तथा किसानों को उनके गन्ने का भुगतान शासन की मंशा के अनुरूप समय से किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिल का संचालन पूरी क्षमता और निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। गन्ना क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें, ताकि किसानों को अपनी उपज मिल तक पहुंचाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों का सुचारू संचालन किसानों, श्रमिकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान उपस्थित किसानों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

वोट बचाओ-देश बचाओ रैली में सहारनपुर से हजारों कार्यकर्ताओं ने की भागीदारी

सहारनपुर। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की ह्यवोट बचाओ-देश बचाओ रैली में सहारनपुर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संदीप राणा और महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न वाहनों से दिल्ली पहुंचे और रैली में शामिल होकर पार्टी के अभियान को समर्थन दिया।



इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रैली में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, मतदान के अधिकारों की सुरक्षा तथा निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए आम नागरिकों के मताधिकार की रक्षा जरूरी है। जिलाध्यक्ष संदीप राणा और महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि सहारनपुर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी पार्टी के प्रति उनके समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने रैली में शामिल सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

नकुड़ में अहोई अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

नकुड़ (सहारनपुर)। नगर में रविवार को अहोई अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने अपनी संतानों की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए दिनभर व्रत रखा और शाम को विधि-विधान से अहोई माता की पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर नगर के बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। महिलाओं और अन्य लोगों ने पूजा सामग्री, फल, मिठाई तथा घरेलू सामान की जमकर खरीदारी की।



अहोई अष्टमी हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। यह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान के सुखी जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के लिए व्रत रखती हैं। मान्यता है कि यह व्रत माता पार्वती के स्वरूप अहोई माता को समर्पित है। कई महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को अहोई माता की कथा सुनती हैं और पूजा-अर्चना करती हैं।

पूजा कर रहीं महिलाओं प्रमिला देवी, गिन्नी, सोनम और निशा ने बताया कि अहोई अष्टमी का व्रत माताएं अपनी संतानों की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य के लिए रखती हैं। शाम को तारे निकलने के बाद तारों को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। कुछ स्थानों पर चंद्रमा को अर्घ्य देने की भी परंपरा है। महिलाएं अपने बच्चों के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोलती हैं।

पर्व के चलते नगर के बाजारों में सुबह से ही रौनक दिखाई दी। पूजा सामग्री, फल, मिठाई और अन्य जरूरी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। देर शाम तक बाजारों में खरीदारी का सिलसिला जारी रहा।

उत्तम शुगर मिल शेरमऊ में नए पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ

नकुड़ (सहारनपुर)। उत्तम शुगर मिल शेरमऊ में नए गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर मिल प्रबंधन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गन्ना समिति के चेयरमैन मनोज पुंडीर, समिति के डायरेक्टरों, मिल कर्मचारियों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से नए पेराई सत्र का उद्घाटन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से हवन-पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित अतिथियों और मिल प्रबंधन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मिल की चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी ने नए पेराई सत्र के सफल संचालन और किसानों की समृद्धि की कामना की। उद्घाटन समारोह में भाजपा नेता डॉ. ओमपाल सिंह, गन्ना समिति डायरेक्टर उज्ज्वल माजरा, विनोद कुमार, पप्पन, सुखविंद्र सिंह, संदीप खारी, रजनीश राठी और निगम चौधरी सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान, मिल कर्मचारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विश्व हिंदू महासंघ भारत ने किया संगठन का विस्तार, सुधीर चौधरी बने जिला महामंत्री

गागलहेड़ी। क्षेत्र के गांव खतौली गुर्जर में विश्व हिंदू महासंघ भारत की ओर से हिंदू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान गांव निवासी सुधीर चौधरी को जिला महामंत्री मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश मंत्री संजय वर्मा ने कहा कि संगठन को गति देने के लिए अब इसे प्रत्येक गांव तक पहुंचाकर विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता हिंदू विरोधी ताकतों का मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि यह संगठन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु महंत अवैद्यनाथ द्वारा संचालित संगठन है, जो भारत सहित अन्य देशों में भी हिंदू हितों के लिए कार्य कर रहा है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कोली ने कहा कि संगठन से हर गांव और हर घर के एक युवा को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सुधीर चौधरी को जिला महामंत्री मनोनीत किए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव और घर-घर तक अपनी पहुंच बनाना है। जिला उपाध्यक्ष सावेंद्र गुर्जर ने भी बैठक को संबोधित किया।



इस दौरान शिवा कटारिया, जितेंद्र यादव, रामपाल सिंह, कुणाल, रमन, प्रदीप चौधरी, डॉ. नेत्रपाल, सतीश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दो भाइयों पर हमला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शरबतपुर गांव में गाली-गलौज के बाद मारपीट का आरोप, जान से मारने की धमकी देकर फरार हुए आरोपी

गागलहेड़ी। क्षेत्र के गांव शरबतपुर में दो भाइयों के साथ लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव शरबतपुर निवासी अंकुर पुत्र चंद्रपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे आर्यन, विशाल, सौरभ और अतुल हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर पहुंचे। आरोप है कि चारों ने उसके और उसके भाई अरवेश के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पुलिस ने अंकुर की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वोट बचाओ, देश बचाओ रैली के लिए सैकड़ों गाड़ियों से दिल्ली रवाना हुए कांग्रेसी

आज समाचार सेवा

- लखनौर-बड़ागांव टोल प्लाजा पर जुटे कार्यकर्ता, संदीप सिंह राणा और हमजा मसूद ने लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा का उठाया मुद्दा

सहारनपुर। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ, देश बचाओ रैली में शामिल होने के लिए रविवार को सहारनपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सैकड़ों गाड़ियों में सवार होकर दिल्ली रवाना हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंह राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ता लखनौर-बड़ागांव टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए और वहां से काफिले के रूप में दिल्ली के लिए कूच किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हमजा मसूद ने कहा कि दिल्ली में आयोजित रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए आम आदमी के मताधिकार की सुरक्षा कांग्रेस की प्राथमिकता है। कांग्रेस कार्यकर्ता मताधिकार, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।



जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने लोकतंत्र को भारत की जीवनरेखा बताते हुए भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र की रक्षा का यह संघर्ष भविष्य में देश की दूसरी आजादी की लड़ाई के रूप में जाना जाएगा।

दिल्ली रवाना होने वालों में पूर्व विधायक मसूद अख्तर, चौधरी मेहरबान आलम, संदीप वर्मा, चौधरी मुजफ्फर अली, प्रवीण चौधरी, गणेश दत्त शर्मा, नितिन शर्मा, वरुण शर्मा, विवेक कांत सिंह, सुदेश प्रधान, गौरव वर्मा, शेखर चौधरी, मयंक गर्ग (यदि नाम सूची में नहीं है तो हटाएं), विक्की पूजना, अक्षय चौधरी, राहत खलील, राजपाल सिंह कर्णवाल, मुनीष सहगल, नितिन राणा, भानु राणा, पवन सिंह राणा, सचिन कंबोज, अबरार, रजनीश प्रधान, सुफियान, साजिद, कुणाल शांडिल्य, अनिरुद्ध गुरुंग, अकरम, राजा चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने देर रात किया नानौता थाने का औचक निरीक्षण

संजय चौक और शामली-नानौता बॉर्डर पर पहुंचकर परखी रात्रिकालीन गश्त व पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी

आज समाचार सेवा

नानौता। जनपद में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सहारनपुर पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में 31 अक्टूबर की देर रात पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना नानौता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उनके सुव्यवस्थित रखरखाव एवं अद्यतन स्थिति की जांच की। साथ ही संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजय चौक और शामली-नानौता बॉर्डर पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की उपस्थिति, सतर्कता और मुस्तैदी परखी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।



उन्होंने संवेदनशील स्थानों और प्रमुख मार्गों पर नियमित भ्रमण करने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने को कहा। चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस पिकेट और गश्त व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर भी जोर दिया। इसके अलावा थाना अभिलेखों के रखरखाव, लॉबित कार्यों के समयबद्ध निस्तारण और पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। सहारनपुर पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण, प्रभावी रात्रिकालीन गश्त और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

घ्याना में जनप्रतिनिधियों की ह्यनो एंट्री ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान



आज समाचार सेवा

- बदहाल सड़कें, जलभराव और गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने उठाई विकास निधि की जांच की मांग

देवबंद। देवबंद तहसील के घ्याना गांव में बदहाल सड़कों, जलभराव और गंदगी से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान करते हुए जनप्रतिनिधियों के गांव में प्रवेश पर रोक लगाने की घोषणा की है।

रविवार को गांव पहुंची निष्पक्ष खबर की टीम को कई स्थानों पर टूटी सड़कें और गंदगी के ढेर दिखाई दिए। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में रास्तों पर पानी भरने से आवागमन मुश्किल हो जाता है। खराब सड़कों के कारण युवाओं के रिश्ते तय करने में भी परेशानी आती है।

सुमित त्यागी, रजत त्यागी, अंकित त्यागी, रामकिशोरी और रामेश्वर सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने ग्राम पंचायत की विकास निधि के खर्च की जांच कराने की मांग की।

करीब 80 वर्षीय रामकटोरी ने कहा कि उन्होंने कई नेताओं को गांव आते देखा, लेकिन हालात नहीं बदले। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि सड़क, जलनिकासी और सफाई की व्यवस्था सुधरने तक वे चुनाव में सहयोग नहीं करेंगे। उन्होंने प्रशासन से निरीक्षण कर समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने की मांग की।

बेहट में मंदिर परिसर में खड़ी दो कारों में लगी भीषण आग,मची अफरातफरी



बेहट,कस्बे के मोहल्ला खालसा स्थित संत रविदास मंदिर परिसर में खड़ी एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने पास खड़ी दूसरी कार को भी चपेट में ले लिया।आग की ऊंची लपटों को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।लोगों द्वारा पुलिस को सूचना गई।पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, सहारनपुर की ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी सर्राफ रिशु गर्ग पुत्र हुकम गर्ग की कस्बे में जेवलर्स की दुकान है रविवार को रोजाना की तरह अपनी कार मंदिर परिसर में खड़ी कर दुकान पर चले गए थे। दोपहर करीब दो बजे अचानक उनकी कार में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते आग ने सहसपुर (देहरादून) निवासी तौहीद की पास खड़ी कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर जुट गए।लोगों ने दूर से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बढ़ती चली गईं।लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग को बुलाया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



आज समाचार सेवा

नागल। रविवार दोपहर गांव लाखनोर मे भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता अमित मुखिया के आवास पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने चौधरी राकेश टिकैत का गरमजोशी के साथ स्वागत किया इस दौरान राकेश टिकैत ने प्रेस वार्ता कर गन्ना समर्थन मूल्य घोषित न होने के कारण सरकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गन्ने की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है लेकिन प्रदेश सरकार ने अभी भी समर्थन मूल्य की घोषणा नहीं की, जिसको लेकर गन्ना किसानों में सरकार के विरुद्ध रोष है उन्होंने सरकार से गन्ने का भाव 600 रुपए प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि किसान एकजुट होकर ही अपने हक की लड़ाई लड़ सकता है इसलिए सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने का काम करें।

बताते चले कि रविवार दोपहर राकेश टिकैत नागल लाखनोर मार्ग होते हुए किसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यमुनानगर जा रहे थे। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौधरी विनय कुमार, मास्टर रघुवीर सिंह, अशोक कुमार, मुकेश तोमर, प्रदीप ठाकुर, संजय आर्य, बबलू ,रविंदर, कपिल कुमार, गौरव,नरेंद्र, सोनी आदि मौजूद रहे।

मिठाई फैक्ट्रियों पर खाद्य विभाग का छापा, 16 क्विंटल रसगुल्ले नष्ट

राजूपुर गांव में तीन कारोबारियों की निर्माण इकाइयों का निरीक्षण, 211 किलो सूजी सीज; छेना, दूध, मिल्क केक और गुलाब जामुन समेत कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी और अस्वच्छ परिस्थितियों में मिठाइयों के निर्माण पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने देवबंद क्षेत्र के गांव राजूपुर में छापेमारी की। विभाग की टीम ने मिठाई निर्माण की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण करते हुए करीब 16 क्विंटल रसगुल्ले मौके पर ही नष्ट कराए। इसके अलावा पांच कट्टों में रखी 211 किलोग्राम सूजी को सीज कर दिया। टीम ने अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गांव राजूपुर में मोहम्मद शकील की छेना रसगुल्ला निर्माण फैक्ट्री का निरीक्षण किया। टीम के अनुसार, यहां अस्वच्छ परिस्थितियों में छेना और रसगुल्लों का निर्माण किया जा रहा था। मौके पर उपलब्ध छेना एवं रसगुल्लों के नमूने जांच के लिए लिए गए। साथ ही विक्रेता की सहमति से खराब हो रहे और अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे करीब छह क्विंटल रसगुल्ले नष्ट कराए गए। इसके बाद मोहम्मद शकील की दूसरी फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया, जहां मिल्क केक और गुलाब जामुन बनाए जा रहे थे। टीम ने मिलावट की आशंका के चलते दोनों मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए। सरफराज की छेना रसगुल्ला एवं मिल्क केक निर्माण इकाइयों की जांच के दौरान छेना, रसगुल्ला, सूजी, दूध और मिल्क केक के नमूने लिए गए। यहां अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे करीब 10 क्विंटल रसगुल्ले विक्रेता को चेतावनी देते हुए नष्ट कराए गए। साथ ही पांच कट्टों में रखी 211 किलोग्राम सूजी सीज कर दी गई। टीम ने योगेंद्र की गुलाब जामुन फैक्ट्री पर भी छापेमारी की। यहां बिक्री के लिए तैयार गुलाब जामुन और छेना रसगुल्लों के नमूने जांच के लिए लिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, सभी नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार, उमेश कुमार, महेश कुमार, अमित गौतम, कुलदीप तिवारी, जगदंबा प्रसाद और सुमन पाल शामिल रहे।

नानौता चीनी मिल के निमंत्रण पत्र में सांसद-विधायक का नाम नहीं, पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने जताई नाराजगी





आज समाचार सेवा

नानौता। किसान सहकारी चीनी मिल नानौता के नए पेराई सत्र के शुभारंभ कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र में कैराना सांसद इकरा हसन और थानाभवन विधायक अशरफ अली खान का नाम शामिल नहीं किए जाने पर पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर मिल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। रविवार को चीनी मिल का विधि-विधान के साथ पेराई सत्र शुरू किया गया था। कार्यक्रम के लिए मिल प्रबंधन की ओर से किसानों और क्षेत्र के समाजसेवियों को निमंत्रण पत्र भेजे गए थे। इनमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री जसवंत सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा, विधायक कीरत सिंह और जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के नाम शामिल किए गए थे।

पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने शनिवार को किए गए ट्वीट में कहा कि नानौता चीनी मिल कैराना लोकसभा क्षेत्र में आती है और थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गन्ना किसान भी इस मिल के हिस्सेदार हैं। ऐसे में क्षेत्रीय सांसद इकरा हसन और विधायक अशरफ अली खान का नाम निमंत्रण पत्र में शामिल किया जाना चाहिए था। उन्होंने दोनों जनप्रतिनिधियों का नाम नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस संबंध में दैनिक आज के संवाददाता ने मिल के प्रधान प्रबंधक अंकित कुमार से फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन कई बार कॉल करने के बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

पेड़ों की छंटाई के चलते पांच घंटे बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान



बिलासपुर। पेड़ों की छंटाई के कार्य के चलते रविवार को नगर क्षेत्र में करीब पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बिजली गुल रहने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही व्यापारियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से दोपहर तक बिजली न आने के कारण लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह 11ः05 बजे पेड़ों की छंटाई के कार्य के चलते 132 केवी अशोकनगर से आने वाली 33 केवी विद्युत सप्लाई बाधित हो गई थी। शटडाउन लेने के बाद विद्युत कर्मियों द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर सभी फीडरों को ट्रिप कर पेड़ों की छंटाई का कार्य कराया गया।उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्य पूरा होने के बाद दोपहर 3ः05 बजे 33 केवी विद्युत सप्लाई को सब स्टेशन खौदपुर से सुचारू करा दिया गया। इसके बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। हालांकि, करीब चार घंटे तक बिजली बंद रहने से उपभोक्ताओं को गर्मी और अन्य घरेलू कार्यों के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कंचन सक्सेना को भाजपा में महिला जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर किया गया सम्मानित

रामपुर। राष्ट्रीय जागृति संघ की ओर से आज एक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक के दौरान कंचन सक्सेना को भारतीय जनता पार्टी में महिला जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी सदस्यों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक भविष्य की कामना की गई। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ करेंगी तथा समाज और महिलाओं के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

बैठक में आगामी नवंबर माह में प्रस्तावित संगठनात्मक एवं सामाजिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की गई। विशेष रूप से बाल दिवस (चिल्ड्रन्स डे) के अवसर पर बच्चों के लिए एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत जरूरतमंद एवं जरूरत के अनुरूप चयनित बच्चों को उपहार भेंट किए जाएंगे। इन उपहारों में सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री तथा उनकी पढ़ाई में सहायक शैक्षणिक सामग्री प्रदान करने का संकल्प लिया गया,

जमीन के सौदे की रंजिश में दंपत्ति और बेटी पर हमला, तीन घायल

बिलासपुर। क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में एक दंपत्ति और पिता-पुत्र समेत पांच लोग घायल हो गए।पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर उपचार और डॉक्टरी परीक्षण कराया। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।मारपीट की पहली घटना रविवार सुबह खजुरिया थाना क्षेत्र के अहरो गांव में हुई। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने इख्तयार अहमद (36) को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से पीट दिया।बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बेटी अंजू (17) को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा।इसके बाद घर में घुसकर उनकी पत्नी रुख्साना (33) को भी मारपीट कर घायल कर दिया।इख्तयार के मुताबिक,उन्होंने अपने खेत की जमीन का सौदा किया था, जिसको लेकर गांव के कुछ लोग उनसे रंजिश रखने लगे थे।दूसरी घटना नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित वार्ड 16 की है।यहां झांझन लाल (60) और उनके बेटे मुकेश (28) के साथ मारपीट की गई।मुकेश ने बताया कि शनिवार रात उनके बेटे की जन्मदिन पार्टी थी।खाना कम पड़ने की शिकायत करने पर खाना बनाने आए कारीगर का भाई उनसे भिड़ गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना से नाराज मेहमान बिना खाना खाए ही चले गए।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह और खजुरिया थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घर के आगे से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

बिलासपुर। बाजार कलां क्षेत्र में एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल घर के आगे से चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के मोहल्ला टांडा जदीद निवासी जफर अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने बाइक घर के गेट के आगे खड़ी की थी। जब वह घर से बाहर आया, तो बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बाइक की छानबीन शुरू कर दी गई है।

जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा

रामपुर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा-2027 रविवार, 01 नवंबर 2026 को जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित परीक्षा के लिए कुल 2001 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 1411 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

आई आई ए यंग इंट्रप्रेनेर सेल की मीटिंग, वाई इ सी सब्सिडी जागरूकता सत्र आयोजित करेगा

रामपुर। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की यूथ विंग, यंग इंट्रप्रेनेर सेल की प्रथम मीटिंग होटल रेडिएंस पार्क में आयोजित हुई ।

मीटिंग में निर्णय हुआ कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में वाई इ सी युवा उद्यमियों के लिए एक सब्सिडी जागरूकता सत्र आयोजित करेगा। इसमें कुछ विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। इससे नवागंतुक उद्यमियों एवम उद्यमियों को केंद्र एवम प्रदेश सरकार द्वारा उद्यम के प्रोत्साहन के लिए जो योजनाएं घोषित की जा रही है उनसे लाभ कैसे लिया जाए यह बताया जाएगा। बहुत सारी योजनाएं ऐसी आती हैं जो बहुत लाभ दायक होती है लेकिन जानकारी के आभाव में उनका लाभ उद्यमी नही ले पाते हैं

मीटिंग में आई आई ए के 50 नए युवा सदस्य बनाने का भी निर्णय हुआ। मीटिंग में आई आई ए द्वारा 5 नवंबर को आयोजित होने वाली दीवाली मीटिंग में स्टाल लगाने का सुझाव दिया गया। रामपुर में था एसोसिएशन ओर आई आई ए के बीच एक क्रिकेट मैच आयोजित करने का भी निर्णय हुआ। मीटिंग में कैप्टेन वत्सल अग्रवाल,वाईस कैप्टेन माहिम गुप्ता, सचिव रतन गुप्ता, वित्त नियंत्रक नमन अग्रवाल, संयुक्त सचिव सिद्दार्थ सरदाना तथा सलाहकार मंडल के सदस्य संचित गुप्ता, अमृत कपूर, तुषार गुप्ता, हर्ष वर्धन नंदा, व्योम वार्ष्णेय ने भाग लिया।

स्कूली छात्रों पर जानलेवा हमला, दो घायल / बाइक टच होने पर नाबालिगों को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के अकौंदा गांव निवासी भूपराम ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव के ही युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक 22 अक्टूबर को शाम करीब 04ः20 बजे भूपराम का बेटा अरुण और गांव के ही हरनंदन का बेटा अर्जुन दोनों स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। गंगापुर-बिलासपुर रोड पर सामने से आ रहे पवन, छुटकन, योगेश व दो अज्ञात लोगों से बाइक का हैंडल हल्का सा टच हो गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर आरोपियों ने दोनों छात्रों को जबरदस्ती रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में छात्र अर्जुन की उंगली में फैक्चर और आंख के पास गंभीर चोट आई है। परिजनों के मुताबिक चोट के कारण उसे कम दिखाई दे रहा है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग छात्रों पर हमला करने सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी द्वारा कराई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विधिक सहायता शिविर में 5 लाख की मदद, 50 से अधिक लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

किसानों को बीज मिनीकिट और जरूरतमंदों को आवास, पेंशन और आयुष्मान कार्ड मिले



रामपुर। किसी को आवास मिला तो किसी को पेंशन का सहारा। किसी किसान को बीज मिनीकिट और सोलर पंप मिला तो आपदा से प्रभावित परिवार को आर्थिक मदद। पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में नि:शुल्क कानूनी सहायता देने के साथ ही लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष भानु देव शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, प्राधिकरण के सचिव संदीप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुष्पेन्द्र पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आनंद कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इस मेगा कैम्प का उद्देश्य ऐसे पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करना है, जो पूर्व में सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण करने के बावजूद लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए थे। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना ही इस विधिक सेवा प्राधीकरण का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित जनमानस से अपील की कि वे इस मेगा कैम्प के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमारे सविधान में दिए गये अधिकारों और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का उन तक पहुंचाना ही इस शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त करना है सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं जन्म से लेकर पोषण, रोजगार, कोशल विकास, पेंशन आदि सुविधाए दी जाती है।

इस अवसर पर जनपद न्यायधीश एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। श्रम विभाग द्वारा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के के 05 लाभार्थियों को 31-31 हजार के स्वीकृति प्रदान किए राजस्व विभाग द्वारा फसली क्षति होने पर कृषको मुवावजा दिया गया साथ ही कृषक बीमा दुर्घटना में गुरविन्द सिंह को 05 लाख एवं दैविय आपदा में मकान क्षतिग्रस्त होने पर प्रमिला को 1.20 लाख आर्थिक सहायता प्रदान की

कृषि विभाग ने 11 किसानों को मूंग बीज मिनीकिट प्रदान किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पांच परिवारों को शौचालय निर्माण के स्वीकृति पत्र मिले। समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 06 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 14 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की साथ ही शादी अनुदान मे 6 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

पूर्ति विभाग द्वारा उज्जवला योजना के तहत 06 पात्र लाभार्थियों को नि:शुल्क रिफिल सिलेण्डर एवं 14 लोगों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वितरित किए

जिला नगरीय विकास अभिकरण योजना के तहत 4 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास दिए स्वीकृति पत्र प्रदान किए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने 06 को ट्राईसाइकिल प्रदान किए। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल दिए गए।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के में पाँच लाभार्थियों को 2500 रुपये और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 3000 रुपये का चेक दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायधीश एवं मुख्य विकास अधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा संचालित गर्भवती महिलाओं को पोषण किट तथा 20 पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र सहित सभी विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

जनपद में 17 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई पीईटी-2026



रामपुर। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 तीसरे दिन भी 17 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 5664 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4348 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1316 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 76.76 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

इसी प्रकार, द्वितीय पाली में भी 5664 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 4273 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1391 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपस्थिति 75.44 प्रतिशत रही। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 11,328 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 8621 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया, जबकि 2707 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

पुष्पवर्षा से हुआ संकल्प यात्रा कार रैली का भव्य स्वागत, सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



मिलक (रामपुर)। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को भारतीय पटेल महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई रामपुर के तत्वावधान में भव्य संकल्प यात्रा कार रैली निकाली गई। पटेल पार्क मिलक से प्रदेश अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष डॉ. नंदन प्रसाद पटेल एवं गणमान्य लोगों ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली पटेल मैरिज हॉल, रास डंडिया में संपन्न हुई।यात्रा का तीन बत्ती चौराहा, बजाज शोरूम, बकैनिया, रठौंडा, खमरिया, सिमरा मोड़ एवं डंडिया सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रैली में पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमरीश पटेल, गणना समिति के चेयरमैन रजनीश गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंगवार, जयदेव यदुवंशी एवं नरेंद्र गंगवार सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।समापन कार्यक्रम में अनुपम कुमार पटेल एवं डॉ. नंदन प्रसाद पटेल ने समाज को एकजुट कर राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि में योगदान देने तथा सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव दिगपाल गंगवार ने किया। रैली में महासभा के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04022		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04021	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	14:30	नई दिल्ली	23:10	---
23:20	23:30	लखनऊ जं.	13:10	13:20
04:10	---	गोरखपुर	---	07:00

चलने के दिनः 04022 नई दिल्ली से दिनांक 06.11.2026 एवं 13.11.2026 (शुक्रवार को) और **04021 गोरखपुर से** दिनांक 07.11.2026 एवं 14.11.2026 (शनिवार को)।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

04058/04057 आनन्द विहार(ट.)-छपरा-आनन्द विहार(ट.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04058		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04057	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	00:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20	---
13:15	13:25	वाराणसी	03:35	03:45
19:20	---	छपरा	---	22:10

चलने के दिनः 04058 आनन्द विहार(टर्मि.) से और **04057 छपरा से** दिनांक 03.11.2026 से 17.11.2026 (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,

ठहरावः दून्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

05087/05088 आनन्द विहार(टर्मि.)-मऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05087		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 05088	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	22:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:00	---
17:00	---	मऊ जं.	---	19:15

चलने के दिनः 05087 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 03.11.2026 एवं 10.11.2026 (मंगलवार) को और **05088 मऊ जं. से** दिनांक 04.11.2026 एवं 11.11.2026 (बुधवार) को।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः मुहम्मदाबादा, आज़मगढ़ जं., खोरासन रोड, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जंघई जं., प्रयाग जं., प्रयागराज जं., गोविन्दपुरी, दून्डला जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

08751/08752 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08751		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 08752	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	10:45	दुर्ग जं.	13:45	---
11:10	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	12:30

चलने के दिनः 08751 दुर्ग जं. से दिनांक 01.11.2026 से 15.11.2026 (प्रत्येक रविवार) को और **08752 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 02.11.2026 से 16.11.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः रायपुर जं., उस्लापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झासी, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. **139**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

04660/04659 लुधियाना जं.-पूर्णियाँ जं.-लुधियाना जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04660		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04659	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	12:00	लुधियाना जं.	06:50	---
19:25	19:35	मुरादाबाद	23:50	23:55
21:30	---	पूर्णियाँ जं.	---	23:30

चलने के दिनः 04660 लुधियाना जं. से दिनांक 05.11.2026 एवं 09.11.2026 (गुरुवार, सोमवार को) और **04659 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 06.11.2026 एवं 10.11.2026 (शुक्रवार, मंगलवार को)।

स्थानः शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः ढंडारी कलां, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सहरसा जं. एवं बनमनखी जं. स्टेशन।

04054/04053 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04054		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04053	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिनः 04054 नई दिल्ली से दिनांक 04, 05, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04053 हावड़ा जं. से** दिनांक 06, 07, 09, 13 एवं 14.11.2026 को।

स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, टून्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।

04066/04065 आनन्द विहार(टर्मि.)-सबौर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04066		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04065	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	05:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45	---
07:00	---	सबौर	---	11:00

चलने के दिनः 04066 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 06, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04065 सबौर से** दिनांक 07, 08, 12 एवं 13.11.2026 को।

स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.

ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, टून्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया जं., वारिसली गंज, शेखपुरा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 02397/02398 गया जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-गया जं. विशेष रेलगाड़ी का विस्तार शेखपुरा जं. तक किया गया है, जो अब शेखपुरा जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी।

रेलगाड़ी सं. 02397		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02398	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	11:30	शेखपुरा जं.	14:45	---
12:02	12:04	वारिसली गंज	13:08	13:10
12:24	12:26	नवादा	12:40	12:42
12:45	12:47	तिलैया जं.	12:18	12:20
14:05	14:15	गया जं.	11:10	11:15
गया जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-गया जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी				
11:40	---	आनन्द विहार(टर्मि.)	---	13:30

- **विस्तार की प्रभावी तिथिः 02397 शेखपुरा जं. से** दिनांक 01.11.2026 से और **02398 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 02.11.2026 से ।
- **नोटः** बाकी सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में श्रमिकों को मिला 45.53 लाख रुपये से अधिक का हितलाभ

162 पंजीकृत निर्माण श्रमिक हुए लाभान्वित



सम्भल (बहजोई)- उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल के तत्वावधान में रविवार को एस.एम. इंटर कॉलेज, चन्दौसी में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ. विदुषी सिंह ने की।

कार्यक्रम में श्रम विभाग, सम्भल की ओर से सांकेतिक रूप से पांच श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए गए।

इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सम्भल राम लखन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत कुल 162 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को 45,52,900 रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इसमें मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 113 श्रमिकों को 28,91,000 रुपये, कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत 22 श्रमिकों को 13,00,000 रुपये तथा संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 27 श्रमिकों को 61,900 रुपये की धनराशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश न्यायाधीश विशेष,एससी एसटी एक्ट रागिनी सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश पास्को एक्ट अवधेश कुमार सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी गोपाल जी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/ प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार जायसवाल, सिविल जस्ट सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह, सिविल जस्ट सीनियर डिवीजन पराग यादव, एसीजेएम नावेद अख्तर, सिविल जज जूनियर डिवीजन दिव्या गर्ग, सिविल जज जूनियर डिवीजन दिव्या चंडालिया, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी राम आशीष सहित जनपद के अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गुरु स्वीट्स कल्लू हलवाई, चंदौसी मंगलसेन हलवाई, चंदौसी सहित 9 दुकानों से सेम्पलिंग

सम्भल- आगामी त्योहारों एवं पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध संचालित अभियान %शुद्ध ही शुभ है% के अंतर्गत गठित टीमों द्वारा दिनांक 31.10.2026 को देर रात तक निम्नानुसार कार्रवाई की गई -

1. गुरु स्वीट्स - पनीर, खोया, घी के नमूने जांच हेतु भेजे गए व नोटिस जारी किया गया।
2. दक्ष स्वीट्स - नोटिस जारी किया गया।
3. गणेश स्वीट्स, चंदौसी - क्रीम छैना का नमूना संग्रहित किया गया।
4. कल्लू हलवाई, चंदौसी - सोनपापड़ी का नमूना संग्रहित किया गया।
5. ज्योति स्वीट्स, चंदौसी - छैना रसगुल्ला का नमूना संग्रहित किया गया।
6. मंगलसेन हलवाई, चंदौसी - नोटिस जारी किया गया।
7. प्रेमपाल, ग्राम भिगवटी - छैना व छैना रसगुल्ला के नमूने संग्रहित किए गए।
8. रसगुल्ला निर्माण इकाई, ग्राम मुबारकपुर बंद - 4 नमूने लिए गए एवं 370 किलो रसगुल्ला व 50 लीटर दूध नष्ट कराया गया।
9. रसगुल्ला निर्माण इकाई, मुड़ियाखेड़ा, कुढ़फतेहगढ़ - 2 नमूने लिए गए व 450 किलो रसगुल्ला नष्ट कराया गया।

भीख मांगने से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े राधिका के कदम, उम्मीद संस्था की पहल पर हुनर से संवारेंगी अपनी आजीविका

सम्भल (बहजोई)- जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में उम्मीद संस्था के अंतर्गत संचालित 'भीख से सीख' कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंदों को भीख मांगने की प्रवृत्ति छोड़कर सम्मानजनक आजीविका अपनाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जनपद में इस कार्यक्रम का संचालन एवं देखरेख डॉ. रैना शर्मा के नेतृत्व में की जा रही है। यह पहल भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की स्ख्ढ्रस्थ (स्ह्लश्रश्शश्रह्ल्ह्र द्भश्ह स्ख्ढ्रस्थ्ह्लद्दह्ल्ठ्ठड्डथ्द्बह्ल्द्यद्दस्र ड्ढठ्ठस्रद्ब1द्वस्रह्लड्डद्यह्ल द्भश्ह स्ख्ढ्रस्थ्ह्ल1द्यद्बद्भश्शश्रस्र ड्ढठ्ठस्र श्रठ्ठह्लद्दह्लश्रह्लद्बह्लद्दह्ल) योजना के अंतर्गत संचालित प्रयासों का हिस्सा है। इसी क्रम में बहजोई में भीख मांगने वाली कु. राधिका को सम्भल स्थित आश्रय गृह में रखकर सम्मानजनक आजीविका अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उम्मीद संस्था के प्रयासों से प्रेरित होकर राधिका ने दीपावली एवं अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीपकों को आकर्षक ढंग से सजाकर नया स्वरूप दिया है, जिससे उनकी बेहतर बिक्री हो सके। डॉ. रैना शर्मा ने बताया कि उम्मीद संस्था की ओर से राधिका को बाजार क्षेत्र में एक अस्थायी काउंटर उपलब्ध कराया जाएगा। इस काउंटर पर राधिका द्वारा आकर्षक ढंग से सजाए गए मिट्टी के दीपकों के साथ पूजा सामग्री, भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं, धूपबत्ती, अगरबत्ती सहित अन्य पूजन सामग्री बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसके माध्यम से राधिका अपने हुनर एवं मेहनत के बल पर सम्मानजनक आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान, 40 ने किया प्रतिभाग

चन्दौसी। भारत विकास परिषद नव उदय शाखा की ओर से बच्चों में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराई गई। इसमें 10 विद्यालयों के कक्षा छह से आठ के कनिष्ठ वर्ग और कक्षा नौ से 12 के वरिष्ठ वर्ग के कुल 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ वर्ग में आरआरके स्कूल के शौर्य गुप्ता और अभिनव अग्रवाल ने प्रथम, ग्लोबल हेरिटेज स्कूल के हर्षित वार्ष्णेय और देवांश वार्ष्णेय ने द्वितीय तथा एएम वर्ल्ड स्कूल के आनंद कुमार और मानवेन्द्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में चन्दौसी पब्लिक स्कूल के विराज और लक्ष्य प्रथम, आरएस इंटर कॉलेज की शिवि और रेनू द्वितीय तथा राजेश कुमार विद्या मंदिर की पूर्वी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को अंकुर अग्रवाल ने स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रभाष चंद्र चैधरी, विष्णु शर्मा, अतुल शंकर चैधरी सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

मेगा विधिक सहायता शिविर में 162 श्रमिकों को मिला 45.52 लाख रुपये का लाभ

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल के तत्वावधान में रविवार को एसएम इंटर कॉलेज, चन्दौसी में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने की। इस दौरान श्रम विभाग की ओर से पांच श्रमिकों को सांकेतिक रूप से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ वितरित किए गए।



सहायक श्रमायुक्त राम लखन पटेल ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के तहत जनपद के 162 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बैंक खातों में कुल 45 लाख 52 हजार 900 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है। इसमें मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 113 श्रमिकों को 28 लाख 91 हजार रुपये, कन्या विवाह सहायता योजना के तहत 22 श्रमिकों को 13 लाख रुपये तथा संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 27 श्रमिकों को 61 हजार 900 रुपये का लाभ दिया गया।

उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना तथा बच्चों की शिक्षा, बेटियों के विवाह और मातृत्व संबंधी जरूरतों में सहयोग देना है। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी राम आशीष सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कुढ़फतेहगढ़ में निकला संघ का पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

चन्दौसी। रविवार को कुढ़फतेहगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से भव्य पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का शुभारंभ कुढ़फतेहगढ़ स्थित ओपीएस इंटरनेशनल एकेडमी से हुआ। वहां से होते हुए यह मेन रोड और गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकला। संघ के स्वयंसेवक गणवेश में कदम से कदम मिलाते हुए अनुशासित तरीके से चल रहे थे, जो आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन के दौरान रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों, समाजसेवियों और व्यापारियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। भारत माता की जय के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। संघ के पथ संचलन का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति, एकता और अनुशासन का संदेश देना है। इस तरह के आयोजनों से युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। पथ संचलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

गुलड़िया बाजार में मोबाइल चोरी करते युवक पकड़ा, पुलिस को सौंपा

बदायूं। जिले के मूसाझाग थाना क्षेत्र के गुलड़िया बाजार में रविवार को मोबाइल चोरी करते समय एक युवक को लोगों ने मौके पर पकड़ लिया। इसके बाद डायल 112 पर सूचना देकर युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले में पीड़ितों की ओर से लिखित प्रार्थना पत्र भी पुलिस को दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, गुलड़िया बाजार में पिछले कुछ दिनों से मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। किसरुआ निवासी कुंवर पाल सिंह ने बताया कि एक युवक उनकी जेब में हाथ डाल रहा था। जब उन्होंने चेक किया तो उनकी जेब से मोबाइल फोन गायब था। इसी तरह सिताब नगर निवासी महेंद्र पाल का भी करीब 15 दिन पहले मोबाइल चोरी हो गया था। विकास कुमार का मोबाइल भी लगभग 15 दिन पहले रविवार को गुलड़िया बाजार से चोरी होने की बात सामने आई है।

रविवार को बाजार में लोगों ने संदिग्ध युवक को मोबाइल चोरी करते हुए पकड़ लिया। इसके बाद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

मोबाइल चोरी से परेशान लोगों ने मामले को लेकर लिखित रूप में प्रार्थना पत्र भी पुलिस को सौंप दिए हैं। अब पुलिस से मामले की जांच कर चोरी की घटनाओं का पता लगाने और आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा की जा रही है। पकड़े गए युवक के खिलाफ आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

लेखा लिपिक के सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन



बिसौली। नगर पालिका परिषद में लंबे समय तक अपनी निष्ठावान और पारदर्शी सेवाएं देने वाले लेखा लिपिक मशकूर खान के सेवानिवृत्ति (रिटायरमेंट) के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान माहौल कभी भावुक तो कभी ठहाकों से गूंजता नजर आया।

?नगर पालिका मैदान में आयोजित ?समारोह में पहुंचे गणमान्य लोगों और अधिकारियों ने अपने बयानों के जरिए मशकूर खान के कार्यकाल के अनछुए पहलुओं को सबके सामने रखा। नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने कहा कि उनकी फाइलों में कभी %लाल फीताशाही% नहीं दिखी, सिर्फ समाधान दिखा। ऐसे कर्मठ लेखा लिपिक का जाना नगर पालिका के लिए एक बड़ा खालीपन छोड़ गया है। पालिका कर्मचारियों ने अपने संबोधन में कहा कि रिटायरमेंट तो बस एक सरकारी प्रक्रिया है, लेकिन मशकूर साहब ने जिस तरह हर कर्मचारी के पीएफ, एरियर और सैलरी की फाइलों को अटके बिना समय पर पास कराया, वह काबिल-ए-तारीफ है। मशकूर खान ने भावुकता में कहा कि नौकरी के दौरान कई बार कड़े फैसले लेने पड़ते हैं, जिससे किसी का दिल दुखा हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूँ। नगर पालिका का यह परिवार हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। ?समारोह के अंत में नगरपालिका के सभी अधिकारियों, सभाषदों और कर्मचारियों ने मशकूर खान को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर और उनके सुखी व स्वस्थ भविष्य की कामना की। इस दौरान कई सहकर्मियों की आंखें नम भी हुईं, लेकिन चेहरे पर उनके अच्छे कार्यों की खुशी साफ झलक रही थी। ?कार्यक्रम का संचालन सभासद एड. अभीक्ष पाठक एवं काजी शाहनवाज खां ने किया। अंत में सभी ने प्रीतिभोज का आनंद लिया। इस दौरान सीडीओ रामपुर गुलाब चंद्र, एडीएम सीतापुर खालिद अंजुम, पुलिस इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

गंगा में छोड़ी गईं एक लाख भारतीय मेजर कार्प मछलियां

चन्दौसी। राजघाट-बबराला स्थित गंगा नदी में मत्स्य विभाग की ओर से राज्य सरकार के सहयोग से रिवर रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत गंगा नदी में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की एक लाख मछलियों की अंगुलिकाओं (फिंगरलिंग्स) को प्रवाहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा में मछलियों का संरक्षण एवं संवर्धन कर जलीय जैव विविधता को बनाए रखना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग संभल विवेक कुमार ने बताया कि गंगा नदी की जैव विविधता और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। भारतीय मेजर कार्प मछलियों के संवर्धन से नदी की जैव संपदा को मजबूती मिलेगी। साथ ही जलीय जीवों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और नदी के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी गुन्नौर कमलकांत, तहसीलदार गुन्नौर, नायब तहसीलदार गुन्नौर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बेरनी पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, 54 मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बेरनी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 54 मरीजों ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने सभी मरीजों को परामर्श दिया और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेले में आई 7 लोगों की विभिन्न प्रकार की जांचें भी की गईं, जिनमें मलेरिया, टायफाइड, शुगर एवं एएनसी (गर्भवती महिलाओं की जांच) शामिल रही। जांच के बाद मरीजों को उनकी रिपोर्ट के आधार पर उपचार दिया गया सरकार द्वारा प्रत्येक रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन मेलों का आयोजन किया जाता है, ताकि गरीब व जरूरतमंद लोगों को गांव के नजदीक ही इलाज मिल सके। इस अवसर पर मेले में डॉ. मुराद हुसैन, लैब टेक्नीशियन बिचित्र कुमार, अंशुल गुप्ता, सतीश सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

यातायात माह का शुभारंभ, एसपी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

चन्दौसी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चंद्र त्रिपाठी ने यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस लाइन बहजोई से इस्लामनगर चैराहे तक यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत, यातायात प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

एसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। उन्होंने नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की भी अपील की। यातायात माह के दौरान जनपद में एक महीने तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूली बच्चों, युवाओं, स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और सड़क हादसों पर अंकुश लगाना है।

विभिन्न थाना क्षेत्रो से कुल 08 वारन्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया



बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के निर्देशन मे चलाए जा रहे वारण्टी अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.11.2026 को थाना उघैती पुलिस द्वारा 04 नफर अभियुक्तगण 1.पुत्तू पुत्र महिपाल निवासी ग्राम महानगर थाना उघैती जनपद बदायूँ सम्बन्धित वाद सख्या 2712/18 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट से सम्बन्धित न्यायालय इष्ठ्रूबदायूँ 2. अमरपाल पुत्र खचेडपाल निवासी ग्राम सोनियाखेडा थाना उघैती जनपद बदायूँ सम्बन्धित वाद सख्या 903/21 धारा 147/332/353/186/341/504/506 भादवि सम्बन्धित न्यायालय इष्ठ्ठ(ड्ढष्ठ)/स्त्रञ्जष्ट(ष्ट्ठड्ड) बदायूँ 3.रायसाहव पुत्र वदन सिंह निवासी ग्राम खण्डुआ थाना उघैती जनपद बदायूँ सम्बन्धित वाद सख्या 12757/24 धारा 323/504/506/325 भादवि सम्बन्धित न्यायालय इष्ठ्ठ(ड्ढष्ठ)/स्त्रञ्जष्ट(ष्ट्ठड्ड) बदायूँ4. सतीशचन्द उर्फहप्पू पुत्र बादाम सिंह निवासी ग्राम रघुनाथपुर पिपरी थाना उघैती जनपद बदायूँ सम्बन्धित से मु0अ0सं0 162/25 धारा 103(1)/190/191(2)/191(3)/352/351(3)/61(2) बीएनएस को गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

रामलीला में मेघनाथ लक्ष्मण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति लीला का भावपूर्ण मंचन



बिसौली। आदर्श रामलीला कमेटी दिसौली गंज के रंगमंच पर चल रही रामलीला में मेघनाथ लक्ष्मण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को त्रेतायुग की रामकथा का साक्षात अनुभव करा दिया। मंचन के दौरान युद्धभूमि में मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके बाद मेघनाथ द्वारा शक्ति बाण चलाए जाने पर लक्ष्मण के मूर्छित होने का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। लक्ष्मण को मूर्छित देख प्रभु श्रीराम की व्याकुलता और भाई के प्रति उनका असीम प्रेम देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। पूरे मंचन के दौरान जय श्रीराम के जयघोष से रामलीला परिसर गूंजता रहा। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, संवाद अदायगी और भावपूर्ण प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

त्योहारों को लेकर एसपी ने चन्दौसी में की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

चन्दौसी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चंद्र त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ कस्बा चन्दौसी में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सतर्कता से चेकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और क्षेत्र में लगातार प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पुलिसकर्मियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता और मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी चन्दौसी विवेक जावला सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

धर्मपुर रत्ता में आरसीएस पब्लिक स्कूल द्वारा कराई गई दौड़ प्रतियोगिता

चन्दौसी। तहसील चन्दौसी की ग्राम पंचायत धर्मपुर रत्ता में रविवार दोपहर आरसीएस पब्लिक स्कूल ने युवाओं की दौड़ प्रतियोगिता कराई। बिलारी विधानसभा से सपा विधायक मोहम्मद फहीम के प्रतिनिधि मोहम्मद वसीम ने झंडी दिखाकर दौड़ शुरू कराई। इससे पहले उन्होंने फीता काटा। तीन किलोमीटर की दौड़ में 19 युवाओं ने हिस्सा लिया। डारनी के समीर पहले, समसपुर के मनीष दूसरे और शाहबाद के राहुल लोधी तीसरे स्थान पर रहे। 1600 मीटर की दौड़ में 17 युवाओं में शाहबाद के विवेक पहले, रामपुर के जितेंद्र दूसरे और ढकिया के हेमेंद्र तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर की दौड़ में शाहबाद के शेरा पहले, शाहबाद के कालिया दूसरे और रामपुर के सत्यवीर तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर की दौड़ में शाहबाद के आलम ने पहला, शाहबाद के विवेक ने दूसरा और शाहबाद के भोला ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर की दौड़ में शाहबाद के आलम पहले, सम्भल के फैजान दूसरे और शाहबाद के निशांत तीसरे स्थान पर रहे। आयोजन समिति ने हर दौड़ में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे युवाओं को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समिति में प्रबंधक एडवोकेट प्रेमपाल सिंह, पर्वत सिंह, स्वतंत्र वीर सिंह, डॉ. हरिश्चंद्र और सुगरपाल फौजी शामिल रहे।

30 साल से उपेक्षित वाल्मीकि बस्ती, 100 मीटर गली आज भी कच्ची

चन्दौसी। सरकार गांवों के विकास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, लेकिन ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत गुरसरी में वाल्मीकि बस्ती की स्थिति इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। यहां वाल्मीकि समाज के करीब 10 से 12 परिवार पिछले 30 वर्षों से कच्ची गली की समस्या से जूझ रहे हैं। लगभग 100 मीटर लंबी इस गली में करीब 50 मतदाता हैं, लेकिन आज तक खड़ंजा नहीं लग सका है। बस्ती में नरेश, राजेश, संजय, रामवीर, सोनू, मुन्नालाल, प्रकाश, बनवारी, मुनेश, कुंवरपाल, रज्जू और मोनू सहित कई लोगों के मकान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान प्रत्याशी रास्ता निर्माण, आवास, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं देने का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। बरसात में कच्ची गली कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाती है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। गली में लगी एकमात्र सोलर लाइट भी वर्षों से खराब है। बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं होने से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। मुन्नालाल वाल्मीकि, कुंवरपाल वाल्मीकि और सुधा वाल्मीकि ने बताया कि उनकी बस्ती को लंबे समय से विकास से वंचित रखा गया है। ग्राम पंचायत प्रशासक राजेंद्र कुमार ने बताया कि रास्ते को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। निधि में धनराशि आने पर निर्माण कराया जाएगा। एडीओ पंचायत सुनील कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव को मौके पर भेजकर रास्ते, बिजली और पानी की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

सिलाई प्रशिक्षण पूरा करने पर 10 युवतियों को सिलाई मशीन देकर किया सम्मानित

चन्दौसी। जनता जागरूक समिति की ओर से सिलाई प्रशिक्षण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशिक्षण पूरा करने वाली 10 युवतियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोड़ने की दिशा में जनता जागरूक समिति की यह पहल बेहद सराहनीय है। इस तरह के प्रयासों से महिलाओं और युवतियों को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिलता है। प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका सना मंसूरी ने बताया कि युवतियों को छह महीने तक सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें सिलाई मशीन वितरित की गई, ताकि वे घर बैठे रोजगार शुरू कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि संस्था अपने स्तर से इस तरह के आयोजन करती रहेगी। भविष्य में भी महिलाओं और युवतियों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए, जिससे महिलाओं और युवतियों में जागरूकता बढ़े और उनके अंदर कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा हो।

कार्यक्रम का संचालन प्रभात कृष्ण ने किया। इस दौरान शाह आलम मंसूरी, उमेश शमसी, सुफियान शमसी, अता पाशा, दीपा जोसेफ, मुस्कान, अवनी पाल, विनीता, निशु पाल, इकरा रानी, तैयब, रोशनी, आफरीन, मोहम्मद अनस, हन्नान आदि मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

मेने अपना नाम MUNAJIR से बदलकर MUNAJIR ALI S/O MUVARIK - GOPALPUR NATYANAGLA URF KOKARPUR AGWANPUR MORADABAD रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना जाये

कुन्दरकी में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु शिविर आयोजित



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देशों के अनुपालन में अक्टूबर 2026 के अनुपालन में विकास खण्ड कुन्दरकी के ब्लॉक सभागार में विधायक कुन्दरकी श्री रामवीर सिंह की अध्यक्षता में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को हितलाभ वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विकास खण्ड कुन्दरकी एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कुल 230 श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 135 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुन्दरकी श्री रामवीर सिंह ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराने तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने श्रमिकों से अनुरोध किया कि वे विभागीय योजनाओं की जानकारी स्वयं प्राप्त करने के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस एवं ग्राम पंचायत के अन्य लोगों को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक निर्माण श्रमिक योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

इस अवसर पर विधायक कुन्दरकी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कुल 18 निर्माण श्रमिकों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त द्वारा उपस्थित श्रमिकों को पंजीयन प्रक्रिया तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने आज मुरादाबाद नगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं के लिए उपलब्ध कराए गए बॉक्स वाले बेड की व्यवस्था एवं उनकी उपयोगिता का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर बेड की सुविधा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने इस सुविधा के लिए मंडलायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने अपने पूर्व निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्राओं के सोने तथा उनके व्यक्तिगत सामान को सुरक्षित रखने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बॉक्स वाले बेड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से विद्यालय को 50 बॉक्स वाले बेड उपलब्ध कराए गए हैं। इन बेड में छात्राएं अपना सामान सुरक्षित रख सकेंगी तथा उन्हें सोने के लिए भी बेहतर सुविधा मिलेगी।

मंडलायुक्त ने कहा कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप छात्राओं को सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वे सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

उन्होंने छात्राओं के शैक्षिक एवं भाषाई विकास पर विशेष जोर देते हुए हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के शब्दों का ज्ञान बेहतर ढंग से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पूरे मंडल में यह व्यवस्था लागू की गई है कि प्रतिदिन छात्राओं को हिन्दी एवं अंग्रेजी का एक-एक नया शब्द सिखाया जाए। साथ ही उन्हें शब्दों के अर्थ, सही उच्चारण तथा दैनिक जीवन में उनके प्रयोग के बारे में भी विस्तार से समझाया जाए, ताकि छात्राओं की शब्दावली समृद्ध होने के साथ-साथ उनकी भाषा संबंधी समझ और अभिव्यक्ति क्षमता का भी विकास हो सके।

मंडलायुक्त ने विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया।

कर्तव्य को सर्वोपरि रखना ही सरदार पटेल की सबसे बड़ी सीख- योगेश कुमार



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के विधि संकाय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधि संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) हरबंश दीक्षित के मार्गदर्शन में एकता, अखंडता एवं विधि का शासन समकालीन भारत में सरदार पटेल की विरासत विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने सदैव अपने व्यक्तिगत जीवन से ऊपर कर्तव्य को रखा और विषम परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों से विचलित नहीं हुए। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ संकल्प और अनुशासन ने उन्हें लौह पुरुष बनाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। इसके पश्चात अपनी संपूर्ण ऊर्जा और एकाग्रता उसी लक्ष्य की प्राप्ति में लगानी चाहिए। पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर प्रयास करने वाले व्यक्ति को सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

संबोधन के उपरांत आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजक सुश्री श्रुति मेहरोत्रा ने किया, जबकि सह-संयोजक श्री सत्यम तोमर ने व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दास धर्म की ओर से निकाली गयी शांति यात्रा



हापुड़। विश्व कल्याण और मानवता की भलाई की कामना के साथ रविवार को दास धर्म लोनी दरबार की ओर से नगर में शांति यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व श्रीनगर स्थित सेठी निवास में सवा घंटे तक 'नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला' का पाठ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की।

शांति यात्रा श्रीनगर से प्रारंभ होकर पटेल नगर, नई शिवपुरी, गणेश चौक समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए पुरानी शिवपुरी पहुंची। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालु कीर्तन करते हुए और भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। सामूहिक अरदास के साथ यात्रा का समापन हुआ।

इस अवसर पर बताया गया कि सतगुरु महाराज दर्शन दास ने अपना जीवन देशप्रेम, मानवता और शांति के प्रसार के लिए समर्पित किया था। उन्होंने सदैव लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दास धर्म की ओर से देशभर में शांति यात्राएं निकाली जा रही हैं।

यात्रा में रवि शर्मा, रितु, पवन सेठी, शिवानी, सोनू सेठी, मंजू, राजेश ढींगरा, सपना, यशु ढींगरा, नेहा, नवीन, रुपाली, रमेश शर्मा, सीमा, विजय शर्मा, अनिल शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा अमरजीत कौर, इशू पवार और शशि बाला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

37 वर्षीय युवक की तीनों हार्ट आर्टरी में था गंभीर ब्लॉकेज, मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने सफल बाईपास सर्जरी कर बचाई जान



मेरठ। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के डॉक्टरों ने हार्ट अटैक और हृदय की तीनों मुख्य धमनियों में गंभीर ब्लॉकेज से पीड़ित 37 वर्षीय युवक का सफल उपचार किया। मरीज को ट्रिपल वेसल कोरोनरी आर्टरी डिजीज थी। इसके चलते हृदय की पंपिंग क्षमता भी काफी कम हो गई थी। जांच में मरीज को अनियंत्रित डायबिटीज होने का भी पता चला।

मरीज सौरभ वार्ष्णेय सीने में दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे थे। एंजियोग्राफी में तीनों मुख्य धमनियों में गंभीर रुकावट की पुष्टि हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (ब्रुक्क्त) सर्जरी की गई।

अस्पताल के ष्टञ्जङ्कस् विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. वैभव मिश्रा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तीन ग्राफ्ट लगाकर रक्त प्रवाह के वैकल्पिक रास्ते बनाए। कमजोर हार्ट की कार्यक्षमता को सहारा देने के लिए ब्रुक्क्त तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया।

सर्जरी के बाद मरीज को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया। आठवें दिन उसकी हालत स्थिर होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों ने नियमित दवाएं लेने, डायबिटीज नियंत्रित रखने और समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कम उम्र में भी हृदय रोग गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए सीने में दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी है।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में जाने से रोके गए सपा कार्यकर्ता



सरधना/मेरठ। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में शामिल होने जा रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोके जाने और कुछ कार्यकर्ताओं को सुबह से ही हिरासत में रखे जाने के आरोप सामने आए हैं। इस घटनाक्रम को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इस महारैली का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रुक) में कथित अनियमितताओं का विरोध करना, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाना तथा मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाना है।

इस मामले पर वरिष्ठ समाजसेवी शाहवेज़ अंसारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना और राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेना नागरिकों का महत्वपूर्ण अधिकार है। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिल्ली में आयोजित लोकतांत्रिक कार्यक्रम में शामिल होने से रोका गया है या उन्हें हिरासत में लिया गया है, तो प्रशासन को इसकी वजह स्पष्ट करनी चाहिए।

शाहवेज़ अंसारी ने कहा, लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों को अपनी बात रखने, सवाल पूछने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने का अधिकार भी शामिल है। मतदाता सूची की पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र मतदाता के मतदान के अधिकार से जुड़ा मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे विषयों पर जनता की आवाज सुनी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं को केवल किसी शांतिपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने के कारण रोका गया है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन किसी भी कार्रवाई में कानूनी प्रक्रिया और नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान होना चाहिए। शाहवेज़ अंसारी ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुद्धता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा लोकतंत्र की बुनियाद हैं। इन मुद्दों पर सवाल उठाना और अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से सामने रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा चाहे कोई भी हो, संविधान और कानून सभी के लिए समान हैं। यदि कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है, तो प्रशासन को कार्रवाई का कानूनी आधार स्पष्ट करना चाहिए। लोकतंत्र में संवाद और संवैधानिक मर्यादा के माध्यम से ही जनता का विश्वास मजबूत किया जा सकता है। शाहवेज़ अंसारी ने जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र में असहमति को भी सम्मान मिलना चाहिए और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा हर परिस्थिति में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

जनपद न्यायालय परिसर हापुड़ में मेगा/वृहद विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया



हापुड़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा के निर्देशों के अनुपालनार्थ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के कुशल मार्गदर्शन में आज 1 नवंबर 2026 को जनपद हापुड़ न्यायालय परिसर में मेगा वृहद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया, और मंच संचालन श्रीमती शैली शरन, सिविल जज (जू0डि0) एफ.टी.सी प्रथम/न्यायिक मजिस्ट्रेट, हापुड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री हनी गोयल, अपर जिला जज प्रथम, हापुड़, श्री ज्ञानेन्द्र सिंह यादव, अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) हापुड़, श्री यज्ञेश चन्द्र पाण्डेय, अपर जिला जज विशेष (एस.सी/एस.टी) एक्ट, श्री शेष बहादुर निषाद, अपर जिला जज द्वितीय, श्री अवनीश कुमार राय, अपर जिला जज (पोक्सो द्वितीय)एक्ट, श्रीमति मिताली गोविन्द राव, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय, प्रथम, श्री विरेश चन्द्रा, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय, द्वितीय, डा0 ब्रम्पाल सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ एवं अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मेगा/वृहद विधिक साक्षरता शिविर में जनपद हापुड़ के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का लगभग 893 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया, जिसमें डमी चेक, ट्राईसाइकिल, डोना पत्तल बनाने वाली मशीन एवं प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया।

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा आमजन से आह्वान किया गया कि वे आगामी दिनों में संबंधित विभाग में जाकर इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर प्री कैंप आयोजित किए जाते हैं एवं पीएलवी के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जाता है।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, लाभार्थियों एवं प्रशासनिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण का आभार व्यक्त किया गया।

कुंडल लूट का खुलासा, गिरफ्तार

मुरादाबाद यूपी के मुरादाबाद में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने कटघर के ताजपुर निवासी शातिर बदमाश मोज्जम को गिरफ्तार कर बीते दिनों कपूर कंपनी पुल पर हुई महिला से कुंडल लूट की वारदात का खुलासा किया है। आरोपी ने रामपुर से चोरी की गई बाइक से वारदात को अंजाम दिया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी मोज्जम ने कांठ और छजलैट थाना क्षेत्र में चोरी करने की भी बात स्वीकार की है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने शनिवार को सीओ सिविल लाइंस भास्कर मिश्रा के साथ अपने ऑफिस में प्रेसवार्ता कर कपूर कंपनी पुल पर हुए कुंडल लूट समेत कई घटनाओं का खुलासा किया। एसपी सिटी ने बताया कि बीते 26 अक्तूबर को शाम करीब चार बजे बाइक सवार बदमाश ने कपूर कंपनी पुल पर मझोला के एकता कालोनी मंडी समिति निवासी महिला मंजू से झपट्टा मारकर कानों के कुंडल लूट लिए थे। शुक्रवार रात पुलिस टीम ने रेलवे हरथला कालोनी स्थित फुटबॉल ग्राउंड तिराहे के पास से इस मामले में प्रकाश में आए आरोपी कटघर के ताजपुर निवासी मोज्जम को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 112 ग्राम चरस बरामद की गई है।

जन चौपाल कर समस्यायें और सुझाव चुने

मुरादाबाद। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र के जिलाध्यक्ष एवं 27 विधानसभा प्रभारी रवि चौधरी ने बिलाकूदान चौराहे स्थित जामिया सबरिया नसीर उल उलूम मदरसे पहुंचकर संचालकों से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ जन चौपाल कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। रवि चौधरी ने कहा कि शिक्षा समाज की तरक्की का आधार है। सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि मिशन 2027 के तहत जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से संवाद किया जा रहा है।

जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: जिलाधिकारी

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दैनिक जनसुनवाई के दौरान प्राप्त गंभीर शिकायतों के निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों को भेजे गए स्टार संदर्भों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक संबंधित अधिकारी से प्रकरणवार निस्तारण की स्थिति, की गई कार्रवाई की गुणवत्ता तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

28 सितंबर से 21 अक्टूबर 2026 के मध्य जिलाधिकारी द्वारा जनता दर्शन में प्राप्त गंभीर प्रकृति की 39 शिकायतों को स्टार संदर्भ के रूप में चिह्नित कर राजस्व विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों को प्रभावी निस्तारण के लिए भेजा गया था। समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी निस्तारण आख्या के साथ उपस्थित हुए और प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई, शिकायतकर्ता की संतुष्टि अथवा असंतुष्टि तथा उसके कारणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में विशेष रूप से भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित नायब तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूमि विवादों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करें और नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। केवल कागजी निस्तारण के बजाय शिकायत के वास्तविक समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि जमीनों के अभिलेखों में हेरफेर कर अथवा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से लोगों को धोखाधड़ी में फंसाने वाले भू-माफियाओं एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा दोषियों को जेल भेजा जाए। शांति एवं कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने तथा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीनों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि चकरोड, सार्वजनिक उपयोग की भूमि तथा अन्य सरकारी एवं आरक्षित भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। भूमि संबंधी विवादों में लापरवाही बरतने अथवा अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित रखने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी निर्धारित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली गंभीर शिकायतों को स्टार संदर्भ के रूप में चिह्नित करने का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक प्रकरण की गंभीरता के अनुसार उच्च स्तर पर निगरानी करते हुए उसका निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक मामले में नियमानुसार ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें।

यूनियन के नाम पर कथित अवैध वसूली का आरोप

ग्रामीणों ने युवक को बंधक बनाकर पीटा

खुद को भारतीय किसान यूनियन भानु का जिला उपाध्यक्ष बताता है युवक, झोटा-बुग्गी चालकों से वसूली को लेकर हुआ विवाद

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन भानु और राष्ट्रवादी संगठनों के नाम पर कथित तौर पर अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। खुद को भारतीय किसान यूनियन भानु का जिला उपाध्यक्ष बताने वाले जापतेगंज निवासी सरताज पर लुकादढ़ी गांव में झोटा-बुग्गी चालकों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है।

मामला बढ़ने पर गुस्साए ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर बांध लिया और उसके साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि झोटा-बुग्गी चालकों से कथित वसूली को लेकर ग्रामीणों और युवक के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और ग्रामीणों ने युवक को बंधक बना लिया।

घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस घटना ने किसान संगठनों के नाम पर कथित रूप से अपनी धौंस जमाने और वसूली करने वाले लोगों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संगठन किसी भी विचारधारा या उद्देश्य से जुड़ा हो, उसके नाम का इस्तेमाल निजी स्वार्थ और कथित अवैध वसूली के लिए करना पूरे संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाता है। सवाल यह भी है कि आखिर संगठन के नाम पर आम लोगों को परेशान करने वालों पर कब कार्रवाई होगी? हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि और पुलिस का पक्ष सामने आना बाकी है।

धर्मशानंगली में शराब बेचने के विरोध में महिलाओं ने लगाया जाम

आसपा नेत्री रीपा देवी के नेतृत्व में लगाया जाम



आज समाचार सेवा

नगीना। नहटौर रोड पर ग्राम धर्मशानंगली गांव की महिलाओं ने तीन लोगों द्वारा गांव में शराब बेचने के विरोध में नगीना नहटौर रोड पर रविवार की सुबह जाम लगा दिया।पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। महिलाओं ने गांव में शराब न बिकने देने तथा तीनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। आजाद समाज पार्टी कांशीराम की संभावित प्रत्याशी रीपा देवी के नेतृत्व में गांव की महिलाओं अर्चना, कुंती, क्रांति, सपना,रीना, पूनम, रीता, शशि, कमल, अमिता, अनीता, ओमवती तथा कुशल पाल, कार्तिक,अमित,विधु, जितेंद्र, जॉनी, हर्ष, अभिषेक समेत सैकड़ों ग्रामीण ने रविवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे नगीना नहटौर रोड पर गांव के सामने एकत्र होकर शराब बेचने वालों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया।जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को महिलाओं ने बताया कि गांव के तीन व्यक्ति सुखबीर,छोटे व सुशील शराब लाकर गांव में बेचते हैं जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।शराब पी कर लोग बदतमीजी करते हैं जिससे महिलाओं व युवतियों को शर्मसार होना पड़ता है और आए दिन झगड़े फसाद होते रहते हैं।आजाद समाज पार्टी की नेत्री रीपा देवी ने गांव में शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा गांव में शराब न बिकने देने की मांग की।करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर जाम खुलवाया और यातायात को सुचारू कराया।

बलराम कुंवर स्कूल में बाल मेले का आयोजन

बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



आज समाचार सेवा

नहटौर। बलराम कुँवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाल मेले का आयोजन धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मेले में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और व्यावसायिक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर सभी आगंतुक मंत्रमुग्ध हो गए।

ध्आयोजित बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार अग्रवाल एवं ब्लॉक प्रमुख के पुत्र शुभम कुमार ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तशिल्प और कला-संस्कृति के स्टॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही, तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे खान-पान के स्टॉल्स पर बच्चों और अभिभावकों ने जमकर लुत्फ उठाया। ध्विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से भरपूर गेम्स स्टॉल्स भी लगाए गए, जहाँ बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मेले में पहुँचे अभिभावकों और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों ने बच्चों के इन प्रयासों की भूरी-भरी प्रशंसा की।

ध्विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में तात्विक और व्यावहारिक ज्ञान, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और व्यापारिक कौशल का विकास होता है, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम का समापन मेधावी व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित कर उनके उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

हल्दौर रोटरी क्लब के मंडलाध्यक्ष का आगमन हुआ



मंडलाध्यक्ष पायल गौर ने सभी रोटेरियन का आह्वान किया कि जहां समाज में आवश्यकता हो वहां कार्य करें

आज समाचार सेवा

हल्दौर। रोटरी क्लब हल्दौर के मंडलाध्यक्ष के आधिकारिक आगमन के अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए मंडल अध्यक्ष पायल गौर ने रोटेरियन का आह्वान किया कि वे अपने आसपास सेवा बस्तियों में सफाई व्यवस्था पर विशेष अभियान चलाएं। रविवार की देर शाम स्थानीय बैंकट हाल में मंडल 3100 की मंडलाध्यक्ष पायल गौर ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रत्येक कार्य को पूर्ण किया जा सकता है। समाज में जहां जहाँ भी आपको लगे कि यहां सेवा की आवश्यकता है वहां आप सबसे आगे रहकर समाज में आदर्श प्रस्तुत करें। असिस्टेंट गवर्नर रो संजीव बंसल ने रोटरी फाउंडेशन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि हम रोटरी फाउंडेशन को जो भी दान देते हैं वो वापिस लौट कर समाज के हितार्थ प्रयोग हो जाता है,अतरू रोटरी फाउंडेशन को अधिक से अधिक दान दें। उससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। राष्ट्रगान के उपरांत सार्जेंट एट आर्म्स ने मीटिंग प्रारंभ करने की घोषणा की। रोटरी अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए हल्दौर क्लब द्वारा किए गए कार्य की जानकारी दी। तथा आगामी कार्य योजना बताई। अपने बोर्ड का परिचय कराया। पत्रकारों और सहयोगियों का सम्मान किया। मंडलाध्यक्ष का जीवन परिचय प्रियंका रस्तोगी ने पढ़ा। कार्यक्रम में स्योहारा क्लब,बिजनौर व धामपुर क्लब से रोटेरियन ने अपनी सहभागिता की। डॉ राहुल, डॉ ए के अग्रवाल, डॉ अशोक चैधरी, कांता प्रसाद पुष्पक,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवनिहाल सिंह,सौरभ शर्मा, शोभित रस्तोगी, पवित्र कुमार, संजीव अग्रवाल, बृजपाल सिंह डॉ प्रमोद शर्मा,शादी लाल मारवाड़ी आदि बड़ी संख्या में समाज सेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जितेन्द्र कुमार मारवाड़ी ने किया।



अमरीश कुमार बने चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला उपाध्यक्ष

प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पाल एवं जिला महामंत्री जाकिर हुसैन रहे मौजूद

आज समाचार सेवा

बिजनौर। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की बिजनौर इकाई का विस्तार करते हुए अमरेश कुमार को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके बाद उन्हें बधाई शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह गौतम, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह एवं जिला महामंत्री जाकिर हुसैन ने कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा करते हुए अमरीश कुमार को संगठन का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की।

इस दौरान पदाधिकारी ने माला पहनाकर उनको शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अमरीश कुमार अपने पद पर रहते हुए पूरी ईमानदारी एवम निस्वार्थ भाव से कर्मचारी हित में कार्य करेंगे और कर्मचारियों की मांगों को संगठन के साथ मिलकर शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

चायनीस मांझे की चपेट में आने से युवक हुआ घायल

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। रसायन विज्ञान के प्रवक्ता चायनीस मांझे की चपेट में आने से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल प्रवक्ता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। ग्राम जपेवजतं निवासी महेश कुमार सेंट मेरीज इंटर कॉलेज मंडावली में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता हैं अपनी मोटरसाइकिल से नजीबाबाद आए थे जैसे ही वह डबल फाटक स्थित ओवर ब्रिज पर पहुंचे तो



चाइनीस मांझे की चपेट में आने से घायल हो गए जिससे उनके गले में गहरा कट बन गया। राहगीरों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से चाइनीस मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।



अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने पांच युवकों को किया गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

बिजनौर। मंडावर पुलिस को अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी मंडावर ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आम के बाग के पास कुछ युवक अवैध हथियारों के साथ मौजूद हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर पांचो युवाको को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पांचो युवक को के पास से एक एक अवैध तमंचा व एक एक जिंदा कारतूस मिले जब पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम अफजल पुत्र तसलीम निवासी मोहल्ला कस्साबान,थाना मंडावर, कृष्ण उर्फ गोलू पुत्र राकेश निवासी मोहल्ला रवापुरी कस्बा साहनपुर, फरदीन उर्फ सैनी पुत्र वाजिद निवासी अलीपुरा, फैज पुत्र इदरीश निवासी मोहल्ला जाफतागंज कस्बा नजीबाबाद, जुनैद पुत्र अकरम निवासी मोहल्ला फील्ड कस्बा साहनपुर, थाना नजीबाबाद बताया। वही मडावर पुलिस ने पांचो आरोपियों का अवैध तमंचा व जिदा कारतूस के साथ उचित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है। वही मडावर थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

सांप के डसने से ग्रामीण की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

आज समाचार सेवा

नहटौर। क्षेत्र के गांव मलकपुर में घर के बाहर गए एक व्यक्ति को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव मलकपुर निवासी राजेंद्र (55 वर्ष) पुत्र डालचंद अपने घर के बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक एक सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के डसने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी, जिससे परिवार के लोग घबरा गए। परिजनों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए उन्हें सीएचसी पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल में उनका इलाज जारी है। इस घटना के संबंध में सीएचसी के चिकित्सकों ने आम जनता के लिए एक जरूरी संदेश और चेतावनी जारी की है। डॉक्टरों का कहना है कि सांप के काटने पर अक्सर लोग अंधविश्वास के चलते झाड़-फूंक के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद कर देते हैं, जिससे मरीज की जान का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। चिकित्सकों ने अपील की है कि सांप काटने की स्थिति में किसी भी तरह के अंधविश्वास या झाड़-फूंक में समय गंवाने के बजाय तुरंत मरीज को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल लेकर आएं और समय पर उचित इलाज करवाएं।

महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा

आज समाचार सेवा



नहटौर। नगर में महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर अग्रवाल समाज के तत्वावधान में शोभायात्रा बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। धार्मिक भजनों और बैंड-बाजे की मधुर धुनों पर थिरकते श्रद्धालु पूरे मार्ग में आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर स्थित पंचायती मंदिर से हुआ। इसके बाद शोभायात्रा अपने तय किए गए पारंपरिक मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। पूरे मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, मां काली का अखाड़ा, गुरिल्ला, नंदी महाराज तथा देश-भक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सुंदर झांकियां शामिल रहीं। इसके साथ ही महाराजा अग्रसेन का भव्य स्वरूप एवं उनकी झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में शामिल लोग समाज को विभिन्न प्रेरणादायक संदेश देने वाले पोस्टरों के साथ भक्तिमय माहौल में जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में अग्रवाल समाज के महिला-पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ध्इस अवसर पर मुकेश गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मनी अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पलक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, कपिल शर्मा, वैभव गोयल, राहुल अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, विनीत गोयल, गौरव गुप्ता, अर्पित गुप्ता, विजय अग्रवाल, रमन गोयल, अतुल अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, राजीव अग्रवाल तथा मयंक अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवक घायल हुए

आज समाचार सेवा

नहटौर। क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव महमदाबाद निवासी 19 वर्षीय देव त्यागी पुत्र कपिल अपनी बाइक से किसी कार्य के लिए नहटौर आ रहा था। जब वह फलोदा के पास पहुंचा, तो अचानक उसकी बाइक के सामने एक माह आ गया। माह से जोरदार टक्कर होने के कारण देव त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत घायल युवक को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया, और परिजनों को सूचना दी। ध्वहीं, दूसरी घटना में औरंगपुर तारा गांव थाना कोतवाली बिजनौर निवासी रजत पुत्र मलखान नहटौर से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की सहायता से घायल रजत को सीएचसी नहटौर पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

दिल्ली रामलीला मैदान के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काफिला रवाना

वोट चोरी व एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ भरी हुंकार

आज समाचार सेवा

नहटौर। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में मतदाता सूची में गड़बड़ियों (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट चोरी के खिलाफ होने वाले विशाल जन-आक्रोश प्रदर्शन में भाग लेने के लिए विधानसभा (21) से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए। इस विशाल जत्थे का नेतृत्व कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री हेन्नीता जी ने किया। नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से तड़के एकत्र हुए कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों के काफिले के साथ गंतव्य के लिए निकले। हाथों में पार्टी के झंडे और लोकतंत्र बचाओ, वोट चोरी बंद करो की पट्टियां लिए कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। रवानगी के दौरान हेन्नीता ने कहा कि नहटौर का कार्यकर्ता रामलीला मैदान पहुंचकर इस निरंकुशता के खिलाफ मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करेगा। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और अग्रिम संगठनों के



एसआईआर की आड़ में आम जनता और विपक्ष के समर्थकों के वोट काटना सीधे तौर पर लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई देश के प्रत्येक नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। रामलीला मैदान में आयोजित इस महारैली में देश भर से लाखों कार्यकर्ताओं का जुटना तय है, जिसमें नहटौर विधानसभा की यह जोरदार भागीदारी जिलेभर में चर्चा का विषय बनी रही।

सपा कार्यालय पर मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

जिलाध्यक्ष हनी फैसल की अध्यक्षता एवं अखलाक पप्पू के संचालन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर मनाई गई, सपा कार्यकर्ताओं एवम नेताओ ने की शिरकत

महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को किया याद

आज समाचार सेवा

बिजनौर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल तथा समाजवादी चिंतक, शिक्षाविद आचार्य नरेंद्र देव की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की, जबकि संचालन कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उपस्थित सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके



व्यक्तित्व, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं आचार्य नरेंद्र देव ने शिक्षा, समाजवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समानता के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों के विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा देने का काम करते हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में भाईचारे, समानता और एकता को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रभा चैधरी, डॉ. महमूद अहमद (भोलू), चैधरी दारा सिंह, डॉ. योगेंद्र चैधरी, प्रमोद प्रधान, मदन सैनी, डॉ. रहमान, फैज अकरम खान,राधा सैनी, सुखबीर ठेकेदार, अरविंद पाल, अशोक गहलौत, अहमद खिजर खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यातायात माह का आगाज: DDRWA फेडरेशन ने उठाए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दे





आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। नोएडा में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस विभाग की ओर से यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन गौतम बुद्ध नगर के अध्यक्ष ठाकुर एनपी सिंह अपनी टीम के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता वाहनों को रवाना किया गया। कार्यक्रम में डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन ने शहर की यातायात व्यवस्था से जुड़ी जमीनी समस्याओं को पुलिस और यातायात विभाग के अधिकारियों के सामने रखा। फेडरेशन ने कहा कि नोएडा में लगातार बढ़ते वाहनों और व्यस्त सड़कों के कारण कई प्रमुख चौराहों पर जाम की समस्या बनी रहती है। ऐसे में सेक्टर-37, सेक्टर-57 चौराहा, महामाया फ्लाईओवर, नोएडा एक्सप्रेसवे के प्रवेश मार्ग, सेक्टर-52 यू-टर्न और सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल के आसपास व्यस्त समय में अतिरिक्त यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए। साथ ही यातायात संचालन में सहयोग के लिए नागरिक स्वयंसेवकों और ट्रैफिक मार्शलों की सेवाएं लेने का प्रस्ताव भी रखा गया।

फेडरेशन ने अवैध पार्किंग और सड़क किनारे होने वाले अतिक्रमण को शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ी बाधा बताते हुए नियमित कार्रवाई की मांग की। बॉटनिकल गार्डन, वेव सिटी सेंटर और सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के आसपास के साथ होशियारपुर बाजार में अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण के लिए क्रेन और ई-चालान के माध्यम से कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा ऑटो, ई-रिक्शा और बसों के चालकों द्वारा मुख्य सड़कों पर ही यात्रियों को उतारने और बैठाने की समस्या का समाधान करने के लिए निर्धारित स्टॉपेज और अलग लेन विकसित करने की आवश्यकता बताई गई। दिल्ली में गैर-बीएस-6 वाहनों के प्रवेश पर लागू प्रतिबंधों को देखते हुए फेडरेशन ने नोएडा-दिल्ली के प्रमुख प्रवेश मार्गों चिल्ला, डीएनडी और कालिंदी कुंज पर स्पष्ट दिशा-निर्देश तथा मार्ग परिवर्तन संबंधी संकेतक लगाने का सुझाव दिया।

प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) की अनिवार्यता और बिना वैध प्रमाणपत्र वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने से जुड़े नियमों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। फेडरेशन ने इस अभियान में आरडब्ल्यूए के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की पेशकश की।यातायात ढांचे में सुधार के संबंध में सेक्टर-47 और सेक्टर-107 सहित उन चौराहों पर नए ट्रैफिक सिग्नल शुरू करने की मांग रखी गई, जहां अलग-अलग दिशाओं से वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटना और जाम की आशंका बनी रहती है। खराब पड़े सिग्नलों की समयबद्ध मरम्मत और आधुनिक स्मार्ट सिग्नल व्यवस्था विकसित करने का भी सुझाव दिया गया। इसके साथ ही चिकित्सा आपातकाल के दौरान मरीजों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए शुरू की गई ऑपरेशन फास्ट (Operation FAST) व्यवस्था को प्रभावी बनाने और एम्बुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। फेडरेशन ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 9218891716 और 9971009001 को आरडब्ल्यूए तथा सोसायटी समूहों तक पहुंचाने का सुझाव भी दिया। यातायात नियमों के पालन को लेकर फेडरेशन ने नाबालिगों द्वारा वाहन और ई-स्कूटर चलाने पर रोक लगाने के लिए स्कूलों और आवासीय सोसायटियों में संयुक्त जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता जताई। साथ ही पूरे नवंबर माह के दौरान विभिन्न सेक्टरों की सोसायटियों में विशेष शिविर आयोजित कर घरेलू सहायकों, वाहन चालकों और अन्य निवासियों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों की जानकारी देने का प्रस्ताव रखा गया। फेडरेशन का कहना है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिकों और आरडब्ल्यूए की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय कुमार (आईपीएस) उपस्थित रहे। उनके साथ डीसीपी ट्रैफिक अली अब्बास (आईपीएस), डीसीपी नोएडा प्रीति यादव (आईपीएस), डीसीपी सेंट्रल डॉ. प्रवीण रंजन सिंह (आईपीएस), डीसीपी मुख्यालय शैलेन्द्र कुमार सिंह (आईपीएस), एडीसीपी मनीषा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद मिश्रा (पीसीएस), एसीपी ट्रैफिक सौरभ सिंह, कल्पना गुप्ता सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यातायात माह के शुभारंभ के साथ ही शहर में सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर विशेष जागरूकता गतिविधियां संचालित करने का संदेश दिया गया। डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन ने उम्मीद जताई कि पुलिस विभाग और आरडब्ल्यूए के बीच बेहतर समन्वय से नोएडा में जाम, अवैध पार्किंग और यातायात उल्लंघन जैसी समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी।

पहले दिन सैकड़ों व्यावसायिक वाहनों को बॉर्डर से लौटाया

नोएडा। प्रदूषण नियंत्रण के लिए रविवार से दिल्ली बॉर्डर पर सख्ती शुरू हो गई। नोएडा यातायात पुलिस ने बीएस-4 तक के सैकड़ों व्यावसायिक वाहनों को बॉर्डर पर रोककर वापस भेज दिया। चेकिंग कर ही दिल्ली पुलिस ने बीएस-4 तक की प्राइवेट गाड़ियों को भी प्रवेश करने से रोका। बॉर्डर पर सोमवार से और सख्ती होने की उम्मीद है। इससे आम वाहन चालकों की परेशानी बढ़ सकती है।

दिल्ली में एक नवंबर से प्रदूषण फैलने के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने का निर्णय पहले ही ले लिया गया था। इसको देखते हुए नोएडा यातायात पुलिस ने भी सभी बॉर्डर पर चेकिंग के लिए टीमें लगा दी थीं।रविवार सुबह से ही चिल्ला, डीएनडी और कालिंदी कुंज बॉर्डर के अलावा परी चौक पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। टीएसआई के नेतृत्व में पुलिस टीमें जांच करती नजर आईं। इन बॉर्डर तक पहुंचे बीएस-4 वाले व्यावसायिक वाहनों को रोककर लौटाया गया। इनमें बसें, मालवाहक वाहन आदि थे। पुलिस की चेकिंग की वजह से सुबह 10-11 बजे तक लोगों को जाम में फंसना पड़ा। ऐसे वाहनों को पुलिस चेकिंग के बाद ही आगे जाने दे रही थी। चेकिंग की वजह से चिल्ला और कालिंदी कुंज बॉर्डर पर जाम की दिक्कत हुई।

एक नज़र

पूर्व वरिष्ठ जीएम पर धोखाधड़ी का आरोप

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित ट्रैवल कंपनी ने अपने पूर्व वरिष्ठ जनरल मैनेजर पर प्रीपेड वाउचर में हेरफेरी, ग्राहकों से मिली रकम कंपनी के खाते में जमा न करने और फर्जी ई-मेल तैयार कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। कंपनी का दावा है कि इससे उसे 40.83 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। कंपनी ने कोर्ट में आदेश पर सेक्टर-58 थाने में केस दर्ज कराया है। ट्रैवल क्लीनिक वॉयेज प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी सुनी काल की ओर से न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि सेक्टर-7 निवासी ऋषि गोयल कंपनी में वरिष्ठ जनरल मैनेजर के पद पर थे। उनके पास बिजनेस ऑपरेशन, ग्राहकों से संपर्क, सेवाओं के बदले रकम की वसूली और प्रीपेड वाउचर के प्रबंधन समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां थीं। कंपनी के अनुसार आरोपी ने आठ जुलाई 2025 को बिना अग्रिम सूचना इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कंपनी की आंतरिक जांच में वित्तीय और परिचालन संबंधी अनियमितताएं सामने आईं। आरोप है कि जीएम ने ग्राहकों के नाम से फर्जी और हेरफेर किए गए ई-मेल तैयार कर प्रीपेड वाउचर भुनवाए। साथ ही कुछ ग्राहकों से प्राप्त भुगतान कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय अपने पास रख लिया। आरोप ये भी है कि कंपनी की ओर से मिलने वाले डिस्काउंट, इंसेंटिव और अन्य आर्थिक लाभ भी वापस नहीं किए। इससे कंपनी को 40 लाख 83 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। मामले में पुलिस आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।



मुकेश शर्मा हत्याकांड में 13 साल बाद आया फैसला, दो आरोपियों को उम्रकैद

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में करीब 13 साल पहले हुए मुकेश शर्मा हत्याकांड में अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार चौरसिया की अदालत ने मामले में दोषी पाए गए सुरेश शर्मा और सुभाष शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर उन्हें छह-छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं, तीसरे आरोपी कपिल कुमार को पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह मामला 2 जून 2013 का है। दादरी के ब्रह्मपुरी निवासी 38 वर्षीय मुकेश शर्मा को दोपहर करीब तीन बजे दो लोग उनके घर से बुलाकर ले गए थे। इस दौरान वे मुकेश के भाई की सेंट्रो कार भी अपने साथ ले गए। देर शाम तक मुकेश के



वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन 3 जून को शाम करीब पौने आठ बजे उनका शव रामा सिनेमा के पीछे स्थित श्मशान घाट में क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ। घटना के बाद मृतक के भाई की शिकायत पर दादरी कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने जांच के आधार पर विनय, सुरेश, सुभाष और कपिल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। हालांकि, न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आरोपी विनय की मृत्यु हो गई। इसके चलते 14 जनवरी 2025 को उसके खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई समाप्त कर दी गई। शेष आरोपियों के खिलाफ अदालत में सुनवाई जारी रही।

मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों के समर्थन में कुल 10 गवाह पेश किए। इनमें मृतक की बेटी दीपाली शर्मा की गवाही को अहम माना गया। दीपाली ने अदालत को बताया कि घटना वाले दिन सुभाष और सुरेश ही उसके पिता को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। अदालत ने उसकी गवाही को भरोसेमंद मानते हुए मामले के अन्य साक्ष्यों के साथ उसका मूल्यांकन किया।मेडिकल साक्ष्यों ने भी हत्या की गंभीरता को स्पष्ट किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मुकेश के सिर, गर्दन और छाती पर कई गहरे घाव पाए गए थे। चिकित्सक ने अदालत में बताया कि गर्दन और छाती पर लगी चोटें धारदार हथियार से पहुंचाई गई थीं और यही चोटें उनकी मृत्यु का कारण बनीं।

अदालत ने गवाहों के बयानों, चिकित्सकीय रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद सुरेश शर्मा और सुभाष शर्मा को हत्या का दोषी करार दिया। वहीं, कपिल कुमार के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण नहीं मिलने पर उसे हत्या, साक्ष्य मिटाने और आयुध अधिनियम से जुड़े आरोपों से बरी कर दिया गया। करीब 13 वर्षों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद आए इस फैसले से मुकेश शर्मा हत्याकांड में दो आरोपियों की दोषसिद्धि हुई है।

सेक्टर बीटा-1 में अवैध पीजी और गेस्ट हाउस का मुद्दा जनसुनवाई में उठा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा-1 में अवैध रूप से संचालित पीजी और गेस्ट हाउस को लेकर स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताई है। रविवार को आरडब्ल्यूए सेक्टर बीटा-1 की ओर से आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। निवासियों ने आरोप लगाया कि सेक्टर में कुछ पीजी में रहने वाले छात्र-छात्राओं के व्यवहार और देर रात होने वाली गतिविधियों से आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। जनसुनवाई में लोगों ने बताया कि कुछ पीजी बिना उचित नियमों और व्यवस्थाओं के संचालित हो रहे हैं। इनमें रहने वाले कुछ लोगों पर देर रात हंगामा करने, पड़ोसियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमने जैसी शिकायतें सामने आई हैं। निवासियों का कहना है कि ऐसी गतिविधियों से सेक्टर का माहौल प्रभावित हो रहा है और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।



उत्तम स्टील्स के डायरेक्टर पर कार्रवाई, बकाया रकम जमा नहीं करने के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्ध नगर में 77 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक का बकाया जमा नहीं करने के मामले में अंसल हाईटेक टाउनशिप और उत्तम स्टील्स एसोसिएट्स लिमिटेड के डायरेक्टर बंटी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर दादरी तहसील प्रशासन ने की। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने उन्हें पकड़ा। संबंधित कंपनी पर बकाया रकम की वसूली के लिए प्रशासन की ओर से रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी किया गया था। इसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। राजस्व विभाग की ओर से लगातार बकाया वसूलने की कोशिश की जा रही



थी। रकम जमा नहीं होने पर प्रशासन ने गिरफ्तारी की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी बकाया वसूलने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। प्रशासन के मुताबिक, अंसल हाईटेक टाउनशिप और उत्तम स्टील्स एसोसिएट्स लिमिटेड पर 77 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक की रकम बकाया थी। इसकी वसूली के लिए कंपनी के खिलाफ आरसी जारी की गई थी। आरसी जारी होने के बाद भी बकाया रकम जमा नहीं कराई गई। इसके बाद राजस्व विभाग ने वसूली के लिए कार्रवाई तेज की। अधिकारियों के अनुसार, बकाया भुगतान कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन रकम जमा नहीं होने पर गिरफ्तारी का कदम उठाया गया। प्रशासन ने इसे बकाया वसूली की कार्रवाई का हिस्सा बताया है। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर दादरी एसडीएम की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई की।

पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने डायरेक्टर बंटी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी से बकाया रकम की वसूली के लिए प्रशासन आगे भी कार्रवाई जारी रखेगा। सरकारी बकाया जमा नहीं करने वाले मामलों में नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे।

नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को बनाया निशाना, नोएडा एयरपोर्ट में भर्ती का झांसा देने वाली असम की युवती गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में एयरपोर्ट पर हेल्पर और इलेक्ट्रिशियन की नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाली असम की युवती को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सेक्टर-143 स्थित लॉजिक्स ब्लॉसम सोसाइटी में किराये पर रह रही थी। पुलिस ने उसके पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अब तक 250 से ज्यादा लोगों से 25 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर चुकी है। वह सोशल मीडिया के जरिए नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अपने जाल में फंसाती थी। अलग-अलग कंपनियों के जॉब लेटर भेजकर भरोसा जीतने के बाद रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन ट्रेनिंग के नाम पर पैसे वसूलती थी। रकम खाते में आने के बाद वह लोगों से संपर्क तोड़ देती थी। पुलिस अब इस मामले में आरोपी के अन्य संभावित साथियों और बैंक खातों की जानकारी जुटा रही है।थाना प्रभारी विजय सिंह रणा ने बताया कि आरोपी की पहचान असम के सोनितपुर जिले के तेजपुर गांव की रहने वाली ब्यूटी बोरबोरह उर्फ निशा के रूप में हुई है। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन का पता लगाया। इसके बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सेक्टर-143 स्थित लॉजिक्स ब्लॉसम सोसाइटी में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इसी सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रह रही थी।

कोहरे से निपटने के लिए प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी, चरखा चौराहे पर 28 लाख रुपये होंगे खर्च

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में सर्दियों के दौरान घने कोहरे की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों और एक्सप्रेसवे से जुड़े इलाकों में यातायात सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। इसके तहत सेक्टर-94 स्थित चरखा चौराहे का रिन्यूअल कराया जाएगा। यह चौराहा पहले से ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित है। यहां सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिए हैं। इस काम पर करीब 28 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-125, 126 और 127 के प्रमुख मार्गों पर रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। इनकी मदद से कोहरे और रात के समय वाहन चालकों को सड़क, मोड़ और चौराहों की जानकारी पहले से मिल सकेगी। प्राधिकरण और ट्रैफिक विभाग के अधिकारी संवेदनशील मार्गों पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के विकल्पों पर भी चर्चा करेंगे।सेक्टर-94 स्थित चरखा चौराहा नोएडा के व्यस्त यातायात स्थलों में शामिल है। यहां से बड़ी संख्या में वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और आसपास की लिंक सड़कों की ओर आते-जाते हैं। खासकर सुबह और शाम के पीक आवर्स में इस चौराहे पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। सर्दियों में घना कोहरा होने पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को आगे की सड़क और आसपास की गतिविधियों का अंदाजा लगाने में परेशानी होती है। ऐसे में दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने इस चौराहे को सुरक्षित बनाने के लिए रिन्यूअल की योजना तैयार की है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। परियोजना पर करीब 28 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस काम के जरिए चौराहे पर यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा से जुड़े जरूरी सुधार किए जाएंगे।प्राधिकरण की योजना के तहत सेक्टर-125, 126 और 127 के प्रमुख मार्गों पर भी रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। इनका उद्देश्य कोहरे और रात के समय सड़क पर वाहन चालकों की दृश्यता और दिशा संबंधी जानकारी बेहतर करना है। सामान्य साइन बोर्ड घने कोहरे में दूर से स्पष्ट दिखाई नहीं देते। इसके उलट रिफ्लेक्टिव बोर्ड पर वाहन की हेडलाइट पड़ने से वे चमकते हैं और चालक उन्हें अपेक्षाकृत दूर से देख सकते हैं। इससे मोड़, चौराहे और सड़क की दिशा का अंदाजा लगाने में मदद मिलेगी। चालक समय रहते वाहन की गति कम कर सकेंगे और अचानक ब्रेक लगाने जैसी स्थिति से बच सकते हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इन बोर्डों से दुर्घटना संभावित स्थानों पर वाहन चालकों को पहले से सतर्क करने में मदद मिलेगी। सेक्टर-94 और आसपास का क्षेत्र नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से जुड़ा महत्वपूर्ण यातायात कॉरिडोर है। यहां एक्सप्रेसवे और लिंक रोड के बीच दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इस रूट पर किसी एक स्थान पर दुर्घटना होने से यातायात प्रभावित हो सकता है और जाम की स्थिति बन सकती है। घने कोहरे में यह जोखिम और बढ़ जाता है, क्योंकि वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहनों और सड़क की स्थिति का पता देर से चलता है। इसी वजह से प्राधिकरण ब्लैक स्पॉट और संवेदनशील स्थानों पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम मजबूत करने पर जोर दे रहा है। चौराहे के सुधार और रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाने की योजना इसी तैयारी का हिस्सा है।कोहरे के दौरान तेज रफ्तार वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नोएडा प्राधिकरण और ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक प्रस्तावित है। इसमें शहर की प्रमुख सड़कों और दुर्घटना संभावित मार्गों पर वाहनों की स्पीड लिमिट तय करने या मौजूदा गति सीमा की समीक्षा करने पर चर्चा होगी। अधिकारियों के अनुसार, सड़क सुरक्षा के लिए केवल साइन बोर्ड लगाना पर्याप्त नहीं है। कम दृश्यता के दौरान वाहनों की गति नियंत्रित रखना भी जरूरी है। इसके लिए सड़क की स्थिति, यातायात का दबाव और दुर्घटना संभावित स्थानों को ध्यान में रखकर व्यवस्था तैयार की जाएगी। बैठक में चर्चा के बाद इस संबंध में आगे का निर्णय लिया जाएगा।

चोटपुर कॉलोनी में भव्य हिंदू चौपाल का आयोजन, स्वामी दीपांकर जी महाराज ने दिया हिंदू एकता एवं सामाजिक समरसता का संदेश

आज समाचार सेवा

नोएडा। चोटपुर कॉलोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को भव्य हिंदू चौपाल एवं भिक्षा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी दीपांकर जी महाराज उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में साध्वी प्रज्ञा भारती जी एवं सांसद प्रतिनिधि श्री संजय बाली जी ने सहभागिता की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों एवं सनातन धर्म के अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी दीपांकर जी महाराज ने हिंदू समाज से जातिगत भेदभाव मिटाकर एकजुट होने तथा सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ''जात-पाँत की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई'' केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का संकल्प है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि बच्चों को सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं भारतीय संस्कारों से जोड़कर अपनी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं। मुख्य अतिथि साध्वी प्रज्ञा भारती जी ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक महान परंपरा है। इसके मूल्यों, संस्कारों एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। सांसद प्रतिनिधि श्री संजय बाली जी ने हिंदू चौपाल के इस संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति आपसी एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता में निहित है।

